स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शनिवार
30 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 14
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 277 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

ऋषभ पंत ने छोड़ी लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी



# मोदी नीट मामले में खुद निगरानी कर रहे : सरकार

## एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में बताया- पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुरक्षा सुधार किए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद जांच की निगरानी कर रहे हैं। जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच की प्रक्रिया और निष्कर्ष का ब्यौरा मांगा है। एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर बताया कि उसने नीट-यूजी पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुरक्षा सुधार किए हैं।




एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी जानकारी दी कि हाई-लेवल कमेटी ऑफ एक्सपर्ट्स की कई सिफारिशों को लागू किया जा चुका है, जबकि कुछ पर तेजी से काम चल रहा है। एजेंसी के पुनर्गठन के तहत एनटीए में 16 नए वरिष्ठ पद बनाए गए हैं, जिनमें डायरेक्टर और जॉइंट डायरेक्टर स्तर के पद शामिल हैं। इसके अलावा दो जॉइंट सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों को अतिरिक्त महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इनमें एक अधिकारी तकनीकी संचालन की निगरानी करेंगे, जबकि दूसरे परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। मार्च 2026 में एक सचिव स्तर के अधिकारी को एनटीए का महानिदेशक भी नियुक्त किया गया था। नीट पेपर लीक मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए), यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) और अन्य ने एनटीए के कामकाज को कोर्ट में चैलेंज किया है। इससे पहले 25 मई को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने एनटीए को फटकार लगाई थी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने एनटीए को फटकारते हुए कहा था कि यह दुखद की बात है कि आपने (एनटीए) ने पहले हुए पेपर लीक मामले से कोई सबक नहीं लिया। बेंच ने कहा था कि साल 2024 में भी पेपर लीक का मामला कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था। एनटीए 28 मई तक हलफनामा दाखिल करे और बताए कि 2024 में दिए गए निर्देशों और मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए। कोर्ट ने मौजूदा मामले में केंद्र सरकार और सीबीआई से भी जवाब मांगा था।

### टीईटी पास करने की समय सीमा बढ़ी

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हजारों शिक्षकों को राहत देते हुए टीईटी पास करने की डेडलाइन एक सालके लिए बाधा दी है। अब शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी परीक्षा पास करनी होगी। पहले यह समयसीमा 31 अगस्त 2027 थी।यह फैसला उन शिक्षकों के लिए राहत भरा है जिन्होंने अभी तक परीक्षा पास नहीं की है। कोर्ट के इस निर्णय से विशेष रूप से उन राज्यों में तनाव कम होने की उम्मीद है जहां बड़ी संख्या में शिक्षक टीईटी की अनिवार्यता पूरी नहीं कर पाए थे। शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग को खारिज कर दिया गया है। कोर्ट ने शिक्षकों से अपील की कि वे केवल अपनी नौकरी बचाने तक सीमित न रहें।

# हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरा, छह की मौत



**हमीरपुर।** यूपी के हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का स्लैब शुक्रवार देर रात 2 बजे गिर गया। हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) ने मलबे में फंसे 3 मजदूरों को निकाला। साढ़े 7 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आंधी-बारिश के कारण स्लैब गिरा और नीचे सो रहे मजदूर दब गए। हादसे के बाद सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। डीपीएम दिलीप कुमार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, हमीरपुर में देर रात 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली थी। हादसा शहर से 25 किमी. दूर ललपुरा इलाके में हुआ। मृतकों में 4 बांदा और 2 हमीरपुर के रहने वाले थे। एसडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि रात ढाई बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम पुल का निर्माण करवा रहा है। इसकी लागत 90 करोड़ रुपए है। 700 मीटर लंबा दो लेन का ब्रिज मोराकांड से कुरारा गांव के बीच बनाया जा रहा है। इसका निर्माण मार्च 2024 में शुरू हुआ था। दिसंबर 2026 तक इसे पूरा किया जाना है। यूपी ब्रिज कारपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया- मामले में प्रथम दृष्टया सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित किया है। डीपीएम दिलीप कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में विभागीय जांच के लिए कमेटी गठित की है। जांच कमेटी में संयुक्त प्रबंध निदेशक, मुख्य परियोजना प्रबंधक (डिजाइन) और मुख्य परियोजना प्रबंधक, कानपुर शामिल हैं।

- अधिकारी बोले- आंधी-बारिश के चलते हादसा
- तीन मजदूरों को बचाया गया
- सहायक अभियंता निलंबित

सुरक्षित फैसलों में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# ‘तीन महीने में निर्णय दे सभी हाईकोर्ट’

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित मामलों में फैसले सुनाने में होने वाली देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए देश के सभी हाईकोर्टों के लिए विस्तृत और बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में फैसला सुरक्षित रख लिया जाता है, उनमें यथासंभव तीन महीने के भीतर निर्णय सुनाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों, विशेषकर नियमित जमानत और अग्रिम जमानत याचिकाओं में विशेष तत्परता बरती जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। यदि फैसला सुरक्षित रखा जाता है तो उसे अगले दिन सुनाना अनिवार्य होगा। शीर्ष अदालत ने यह फैसला झारखंड हाईकोर्ट में लंबित कुछ आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उनकी अपीलों पर सुनवाई पूरी होने के बावजूद दो से तीन साल तक फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

### अदालत की 10 बड़ी बातें

आरक्षित मामलों में कारणयुक्त फैसला तीन महीने के भीतर सुनाने का प्रयास किया जाए। जमानत और अग्रिम जमानत से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाए। जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन या अधिकतम अगले दिन सुनाया जाए। जमानत मिलने पर आदेश तुरंत जेल प्रशासन को भेजा जाए ताकि रिहाई में देरी न हो। खुले न्यायालय में सुनाए गए फैसलों को 24 घंटे के भीतर वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। यदि केवल ऑपरेटिव आदेश सुनाया गया है तो विस्तृत फैसला 15 दिनों के भीतर अपलोड करना होगा। तीन महीने तक फैसला नहीं आने पर मामला मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लाया जाएगा। तीन महीने और अतिरिक्त एक माह की देरी होने पर पक्षकार मामले को दूसरी पीठ को सौंपने की मांग कर सकेंगे। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर आरक्षित फैसलों की स्थिति और तारीखें सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी होंगी।

# सिद्धारमैया ने सीएम पद छोड़ा, खरगे और राहुल से मिले

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद ही सिद्धारमैया शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे।

- बेटे को मंत्री पद सहित कई मांगें रखीं
- डीके शिवकुमार होंगे अगले सीएम



यहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बैठक में सिद्धारमैया ने हाईकमान के सामने अपनी कई मांगें रखीं, जिनमें बेटे यतींद्र सिद्धारमैया के लिए नए मंत्रिमंडल में अहम मंत्रालय की मांग भी शामिल बताई जा रही है। उधर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। एजेंसी के मुताबिक पार्टी सूत्रों ने कहा है कि डीके अगले हफ्ते नए मंत्रियों के साथ शपथ ले सकते हैं। सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने के लिए 4 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं।

### पश्चिम बंगाल में 11 होल्डिंग सेंटर स्थापित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने अवैध घुसपैठियों की पहचान और कार्रवाई के लिए राज्यभर में 11 होल्डिंग सेंटर स्थापित किए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इन केंद्रों में फिलहाल 335 संदिग्ध लोगों को रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी कार्रवाई राज्य की डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट नीति के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजना है। उत्तर 24 परगना जिले का बसीरहाट क्षेत्र, जो बांग्लादेश सीमा से सटा हुआ है, यहां सबसे अधिक संदिग्ध लोगों की पहचान हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, यहां बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या समुदाय के लोगों के होने की आशंका जताई जा रही है। ये होल्डिंग सेंटर अलग-अलग पुलिस जिलों और प्रशासनिक जिलों में संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बरुईपुर, सुंदरबन, बसीरहाट, बोंगांव, बरासत, मुर्शिदाबाद, जंगीपुर और कृष्णानगर शामिल हैं। इसके अलावा मालदा, कूचबिहार और दक्षिण दिनाजपुर जिलों में भी ऐसे केंद्र बनाए गए हैं।

# मौसम का मिजाज बदला आंधी-बारिश का अलर्ट




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है और कई जिलों में आंधी, तेज हवाओं, बारिश और आकाशीय बिजली का खतरा बढ़ गया है. मौसम विभाग ने खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और आसपास के इलाकों के लिए 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की र से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही कई जिलों में गरज-चमक, ओलावृष्टि और भारी बारिश की भी संभावना जताई गई है। की जा रही है। और की रफ्तार आई हैं, जिसके बाद प्रशासन अलर्ट पर है है और लोगों से सतर्क रहने की अपील। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में चल रही हीटवेव अब थम गई है। वहीं मौसम विभाग ने बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। बिहार में 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भी तेज धूल भरी आंधी आने की चेतावनी दी गई है।

### केरल विधानसभा में वंदे मातरम पर विवाद

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में नई विधानसभा में काम के पहले दिन पर वंदे मातरम के गायन को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार और राज्यपाल के कार्यालय (लोक भवन) के बीच यह पहला सीधा टकराव माना जा रहा है। राज्यपाल के नीतिगत संबोधन से पहले यह घटना सामने आई। केरल पुलिस बैंड ने वंदे मातरम का केवल शुरुआती हिस्सा बजाया। लोक भवन ने गुरुवार को पूर्वाभ्यास के दौरान पूरा राष्ट्रगीत बजाने का निर्देश दिया था।

# यूपी-महाराष्ट्र समेत चार राज्यों में एनआईए की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़े आतंकी नेटवर्क के खिलाफ देशभर में व्यापक कार्रवाई शुरू की है। एजेंसी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और महाराष्ट्र में कुल 12 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई उस मामले से जुड़ी है जिसमें पाकिस्तान से जुड़े एक ऑपरेटिव जसवीर चौधरी और उसके भारतीय सहयोगियों पर ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और आईईडी की बड़ी खेप भारत में भेजने का आरोप है। एनआईए की टीमें यूपी में 5, राजस्थान में 2, बिहार में 2 और महाराष्ट्र में 3 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही हैं। इस दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और संदिग्ध सामग्री की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियों के अनुसार, यह नेटवर्क भारत-पाकिस्तान सीमा के जरिए ड्रोन का इस्तेमाल कर हथियार और विस्फोटक सामग्री की तस्करी कर रहा था। इन हथियारों का उद्देश्य पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में बड़े हमलों को अंजाम देना बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस साजिश का मकसद आम नागरिकों की जान-माल को नुकसान पहुंचाना और देश में दहशत फैलाना था। इसी बीच एनआईए ने हरियाणा के सिरसा महिला थाना ग्रेनेड हमले मामले में भी बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने इस केस में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत नौ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### ड्रोन हथियार तस्करी नेटवर्क पर शिकंजा




### भारत में घुसपैठ पर बड़ा एक्शन प्लान

**इंदौर।** देश में घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष और पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर ने इसे एक गंभीर और बड़ी चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर समिति केंद्र सरकार को और सख्त कानून लागू करने की सिफारिश कर सकती है। जस्टिस नावलेकर ने कहा कि अवैध घुसपैठ केवल सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि इसका असर अब शहरी इलाकों, औद्योगिक क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक रूप से संवेदनशील हिस्सों तक फैल रहा है।

# जून में सिर्फ 90प्रतिशत बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने देश के कई महत्वपूर्ण हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका जताई है। इसके साथ ही जून की शुरुआत से ही कई राज्यों में भीषण लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मौसम विज्ञान के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि जून से सितंबर के दौरान पूरे देश में दीर्घकालिक औसत की 90 प्रतिशत बारिश होने की उम्मीद है, जिसमें 4 प्रतिशत का उतार-चढ़ाव हो सकता है।

आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान के अनुसार, इस मानसून सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का मिजाज कुछ ऐसा रहेगा कि यहां सामान्य बारिश होने की उम्मीद है, जो एलपीए का 94 से 106 प्रतिशत तक हो सकती है।

जून के महीने को लेकर डॉ. महापात्र ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की शुरुआत धीमी रहेगी और बारिश सामान्य से कम रहने की आशंका है। हालांकि, उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर-पूर्व भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ चुनिंदा इलाकों में सामान्य या उससे अधिक बारिश देखी जा सकती है।

मौसम विभाग ने जून के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान के साथ-साथ रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर बना रहेगा।

आईएमडी ने चेतावनी दी है कि जून के महीने में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, गुजरात और आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में सामान्य से अधिक दिनों तक लू चलेगी। वही, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भी लू की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।

- यूपी-बिहार समेत 8 राज्यों में टूटेंगे गर्मी के सारे रिकॉर्ड आईएमडी ने बढ़ाई टेंशन

### महाराष्ट्र : जहरीली शराब पीने से 13 की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब पीने से कम से कम 13 लोगों की मौत होने की दर्दनाक घटना सामने आई है। यह मामला पुणे के हडपसर इलाके का है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रशासन और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इलाके के चार लोगों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पिंपरी-चिंचवड पुलिस ने योगेश वानखेड़े नाम के एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसे पहले पुणे राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने हिरासत में लिया था। आरोप है कि उसी ने दोनों स्थानों पर शराब की आपूर्ति की थी। पुणे पुलिस अधिकारियों के अनुसार आगे की जांच जारी है। पुणे से पांच मौतों की सूचना मिली है, जिनमें से तीन काले पाडल में और दो हडपसर में हुई हैं।

### कनाडा पुलिस को लारेंस गैंग की चुनौती

**ओटावा।** कनाडा में चल रही जबरन वसूली और हिंसक वारदातों के पीछे सक्रिय लॉरेंस गैंग के सिंडिकेट ने ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस को सीधे चुनौती देते हुए एक लेटर भेजा है। लेटर में गैंग की ओर से दावा किया गया है कि कनाडा में उनके 1000 से अधिक ‘फुट सोल्जर्स’ या ग्राउंड स्तर के शूटर सक्रिय हैं। लेटर सामने आने के बाद कनाडा के सुरक्षा तंत्र और वहां रह रहे दक्षिण एशियाई समुदाय, खासकर भारतीय और पंजाबी मूल के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जबरन वसूली मामलों के एक प्रमुख जांचकर्ता और एडमॉन्टन पुलिस सेवा के जासूस ने इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड के सामने गवाही देते हुए बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड पुलिस स्टेशन में पिछले साल 13 अगस्त 2025 को यह पत्र पहुंचा था।

### जून में सिंगापुर जाएंगे लालू प्रसाद यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव जल्द ही सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। यह दौरा पूरी तरह चिकित्सकीय बताया जा रहा है। दिसंबर 2022 में सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। इसके बाद से डॉक्टरों की सलाह पर वे समय-समय पर नियमित जांच के लिए सिंगापुर जाते रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बार भी उनकी यात्रा जून के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है। दिल्ली की अदालत और रांची की सीबीआई विशेष अदालत से विदेश यात्रा की मंजूरी मिलने के बाद उनका पासपोर्ट रिलीज कर दिया गया है। चारा घोटाले के विभिन्न मामलों में सजायाफ्ता लालू यादव फिलहाल मेडिकल जमानत पर हैं।

रिपोर्ट | आरबीआई ने वित्तीय वर्ष 27 के लिए 6.9 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का जताया अनुमान

# तनाव के बीच भी मजबूत रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष और बढ़ते ग्लोबल तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी मजबूती बनाए रखने के लिए तैयार है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में कहा है कि मजबूत घरेलू बुनियादी ढांचे के दम पर भारत आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कॉरपोरेट और बैंकिंग सेक्टर की स्वस्थ बैलेंस शीट और सरकार द्वारा लगातार पूंजीगत व्यय पर दिया जा रहा जोर इस मजबूत विकास यात्रा को सपोर्ट करेगा। बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत 7.6 प्रतिशत की अनुमानित जीडीपी वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा, जो इससे पिछले वर्ष के 7.1 प्रतिशत के मुकाबले बेहतर है।




केंद्रीय बैंक ने चेतावनी दी है कि पश्चिमी एशिया विवाद 2026 में ग्लोबल विकास दर के लिए सबसे बड़ी रुकावट बनकर उभरा है, जिससे व्यापार और वित्तीय बाजारों के लिए जोखिम पैदा हो रहा है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और सप्लाई चेन में रुकावटों से महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2025-26 के 2.1 प्रतिशत के मुकाबले काफी अधिक है। आरबीआई के अनुसार, ग्लोबल ईंधन और कमोडिटी की कीमतों में उछाल जैसे कारक महंगाई के लिए जोखिम बढ़ा सकते हैं। साथ ही, इन भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण इनपुट और मजदूरी की लागत बढ़ने के साथ-साथ विनिमय दर में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

राजकोषीय मोर्चे पर केंद्र सरकार के लगातार प्रयास सफल होते दिख रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहा, जो सरकार के 4.5 प्रतिशत के मीडियम-टर्म लक्ष्य से नीचे है। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखा है, जो हाल के वर्षों में किए गए राजकोषीय मजबूतीकरण के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। लगातार बदल रहे महंगाई के जोखिमों को देखते हुए भविष्य में मौद्रिक नीति को लेकर आरबीआई सावधानी भरा रुख अपना सकता है। महंगाई में तेज गिरावट के कारण 2025-26 के दौरान मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) ने पॉलिसी रेपो रेट में 100 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी। हालांकि, अप्रैल 2026 में एमपीसी ने बढ़े हुए भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच विकास और महंगाई के परिदृश्य को देखते हुए सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया और अपना ‘न्यूट्रल’ रुख बरकरार रखा। भले ही पश्चिम एशिया विवाद के लंबे खिंचने के कुछ जोखिम बने हुए हैं, लेकिन भारत के मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल्स अर्थव्यवस्था को सहारा देंगे। आने वाले समय में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के लिए बार-बार आने वाले सप्लाई झटकों और भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच विकास दर की चिंताओं और महंगाई नियंत्रण में संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती होगी। हालांकि, अनिश्चित वैश्विक माहौल के बावजूद मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए एक प्रमुख ग्रोथ ड्राइवर बनी रहेगी।

# उन्नाव समाचार



## फखरापुर में लगी ग्राम सचल अदालत, छह मामलों का हुआ तत्काल निस्तारण

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव- क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत स्थित पंचायत भवन ग्राम सचल अदालत का आयोजन किया गया। सचल अदालत में बांगरमऊ ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी एक दर्जन से अधिक वाद सुने तथा आधा दर्जन से अधिक वादों को निस्तारित किया गया। माननीय उच्च न्यायालय के गांव गांव घर घर न्याय पहुंचने के निर्देश पर शुक्रवार को फतेहपुर चैरासी क्षेत्र की ग्राम पंचायत फखरापुर स्थित पंचायत भवन में सचल अदालत का आयोजन किया गया।ग्राम फखरापुर में आयोजित सचल अदालत में बांगरमऊ ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी आकांक्षा अवस्थी द्वारा वादियों के वाद सुने गए। उन्होंने बताया कि ग्राम सचल अदालत में कुल तेरह वाद आए जिनको सुनने के बाद एक दीवानी तथा पांच फौजदारी के वादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सचल अदालत में पहुंची बांगरमऊ ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी आकांक्षा अवस्थी का स्वागत ग्राम प्रधान श्यामवती अनीता द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला सहकारी संघ लिमिटेड अध्यक्ष पुत्तीलाल गौतम, ग्राम पंचायत अधिकारी शैलेन्द्र त्रिपाठी, ग्राम न्यायालय पेशकार बृजेश कुमार, ओमप्रकाश आदि सहित भारी संख्या में फरियादी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## एमएसटी सुविधा बंद होने से दैनिक यात्रियों में रोष

### दैनिक यात्री संघ ने डीआरएम से बहाल करने की उठाई मांग

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- रेलवे स्टेशन पर मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) बनाए जाने की सुविधा बंद होने से दैनिक यात्रियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। मजदूर, किसान और रोजाना रेल यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को अब प्रतिदिन टिकट लेना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर जिला दैनिक यात्री संघ उन्नाव के जिलाध्यक्ष मुर्तजा हैदर रिजवी ने मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) लखनऊ को पत्र भेजकर एमएसटी सुविधा बहाल किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ओर देश के प्रधानमंत्री जनता से पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अधिक उपयोग की अपील कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्नाव रेलवे स्टेशन पर दैनिक यात्रियों की सबसे महत्वपूर्ण सुविधा समाप्त कर दी गई है। मुर्तजा हैदर रिजवी ने कहा कि वर्तमान में यात्रियों को आरक्षण टिकट और सामान्य टिकट की सुविधा तो उपलब्ध है, लेकिन एमएसटी नहीं बनने से गरीब मजदूर, किसान और नौकरीपेशा यात्रियों को रोजाना टिकट खरीदना पड़ रहा है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। उन्होंने मांग की कि टिकट विंडो अथवा एटीवीएम मशीन के माध्यम से पूर्व की भांति एमएसटी बनाए जाने की सुविधा तत्काल शुरू की जाए, ताकि दैनिक यात्रियों को राहत मिल सके।

## विवाहिता की मौत का मामला गहराया, हाई कोर्ट के आदेश पर दोबारा पोस्टमार्टम

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- नगर के मोहल्ला हटिया में विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला अब और गहरा गया है। हाई कोर्ट के निर्देश पर शुक्रवार को मृतका कायनात का शव कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी से मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। मोहल्ला हटिया निवासी शीबू पुत्र इस्लामुद्दीन की पत्नी कायनात (30) का शव बीती 16 मई को घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। घटना के बाद शीबू के भाई कलीम उर्फ मोनू ने कोतवाली में सूचना दी थी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जीवित अवस्था में फांसी लगने से दम घुटने को मौत का कारण बताया गया था। पोस्टमार्टम के बाद मायके पक्ष के लोग शव को कानपुर ले गए थे। जहां उसका सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। बाद में मृतका के भाई कैफ अंसारी पुत्र रफीक की तहरीर पर कोतवाली में पति शीबू, देवर मीनू, नदीम और ननद रूही के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। लेकिन मायका पक्ष पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं था। मृतका के भाई कैफ ने हाई कोर्ट में रिट दाखिल कर दोबारा पोस्टमार्टम की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट ने पुनः पोस्टमार्टम के निर्देश दिए।जिसके बाद जिला अधिकारी ने आदेश जारी किया। शुक्रवार को उन्नाव एसडीएम न्यायिक रामदेव की मौजूदगी में कानपुर स्थित कब्रिस्तान से शव बाहर निकाला गया। इसके बाद शव को उन्नाव लाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दोबारा पोस्टमार्टम किया।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीएम और डीआईओएस से मिला शिक्षक संघ



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रदेशीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी हेमराज सिंह गौर के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी उन्नाव एवं जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) से मुलाकात की गई। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान समस्याओं के निराकरण में हो रही देरी पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यों में शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त की।इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में हुई वार्ता के दौरान डीआईओएस ने शिक्षकों की समस्याओं का क्रमवार और शीघ्र निस्तारण कराने पर सहमति जताई। इस मौके पर हेमराज सिंह गौर के साथ जिला मंत्री कानपुर अनिल सचान, प्रदेशीय कार्यसमिति सदस्य उमाशंकर तिवारी, कौशल किशोर मिश्रा, हनुमंत सिंह, उन्नाव जिला अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय, जिलामंत्री दिनेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार पाल, आय-व्यय निरीक्षक आर.पी. धारिया, विकास कुमार, अनुज कुमार सिंह, अजय अवस्थी, विजय सोनकर, मुकेश कुमार, मोहित दीक्षित, नीरज सोनकर, हिमांशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## कस्तूरबा विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- विकासखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं, शिक्षिकाओं और स्टाफ को गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया। डॉ सिद्धार्थ आनंद ने बताया कि गैर-संचारी रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलते हैं। इनमें मुख्य रूप से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और अन्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां शामिल हैं। इन बीमारियों का प्रमुख कारण अनियमित दिनचर्या, गलत खानपान, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी है। स्टाफ नर्स कोमल ने शिविर में उपस्थित शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का बीपी और शुगर परीक्षण भी किया। स्वास्थ्य टीम ने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

## आम मंडी में लौटी रौनक, 35 रुपये किलो तक बिक रहा दशहरी



**दूसरे राज्यों से पहुंचे व्यापारी, पैकिंग-छंटाई में स्थानीय लोगों को मिला रोजगार**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव- क्षेत्र की प्रसिद्ध फरहदपुर आम मंडी में दशहरी आम की खरीद शुरू होते ही रौनक लौट आई है। दूसरे राज्यों से पहुंचे व्यापारियों ने हसनगंज में डेरा डाल दिया है और किसानों से 30 से 35 रुपये प्रति किलो के भाव से कच्चा आम खरीद कर उसे विभिन्न राज्यों की मंडियों में भेजा जा रहा है। आम की पैकिंग और छंटाई में स्थानीय श्रमिकों को भी रोजगार मिल रहा है।फरहदपुर मंडी से इस समय मुंबई, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात, अहमदाबाद, गोरखपुर, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा तक दशहरी आम भेजा जा रहा है। व्यापारी किसानों से आम खरीदने के बाद उसकी छंटाई और पैकिंग कराकर वाहनों के माध्यम से बाहर की मंडियों तक पहुंचा रहे हैं।किसानों का कहना है कि फिलहाल अन्य राज्यों की मंडियों में तोतापरी और बादाम प्रजाति के आम की अधिक आवक होने से दशहरी की मांग अभी सीमित है, लेकिन जुलाई माह से दशहरी आम की मांग में तेजी आने की उम्मीद है। व्यापारियों राम सिंह, जुनैद, सत्तू और मुन्ना ने बताया कि जून के अंतिम सप्ताह तक विदेशी तोतापरी और बादाम आम का सीजन समाप्त हो जाएगा, जिसके बाद दशहरी की मांग बढ़ जाएगी।ओलावृष्टि और गर्मी से कम हुई पैदावार इस बार ओलावृष्टि और भीषण गर्मी ने आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। मई माह में अत्यधिक गर्मी होने से उत्पादन में और गिरावट आई है। बागवानों का कहना है कि पैदावार कम होने के कारण आने वाले दिनों में आम के दामों में तेजी देखने को मिल सकती है।फिलहाल मंडी में 30 से 35 रुपये किलो के भाव से खरीद हो रही है, लेकिन मांग बढ़ने के साथ कीमतों में इजाफा तय माना जा रहा है। वहीं मंडी में बढ़ती गतिविधियों से क्षेत्र के मजदूरों और छोटे व्यापारियों में भी उत्साह देखा जा रहा है।

## आपूर्ति बहाल करने वाले अवर अभियंता सहित सभी कर्मियों को महेश सोनी ने किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) मौरावा उन्नाव** अगर दिल मे काम के प्रति वफ़ादारी हो तों कुछ भी असंभव नहीं है।बीते दिवस तेज तूफ़ान की चपेट में आकर ढेर हुए विद्युत पोलों को जानलेवा धूप की परवाह किए बगैर संविदा कर्मियों ने चौबीस घंटे के अंदर आपूर्ति बहाल कर लोगों के दिलों में जो जगह बनायी उसकी चर्चा हर गली चौराहे पर हो रही है। औरों के लिए नजीर कृत्य से प्रभावित ग्राम सभा अध्यक्ष पति महेश सोनी ने सभी को सम्मानित कर हौसला बुलंद किया बताते चलें कि बीते दिनों तेज तूफ़ान की चपेट में हिलौली क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था धड़ाम हो गई थी सत्तर खंभे भरभरा कर चकनाचूर हो गए थे खास यह कि जान लेवा गर्मी में चैन की सांस लेना दूभर था ऐसे में बिजली का संकट बढ़ा तो लोगों में हाहाकार मच गया बताया जाता है कि अवर अभियंता ने लोगों की पीड़ा को अपनी पीड़ा मान ली सोलह संविदा कर्मियों के साथ खुद मैदान में उतरे खून पानी खौलाती गर्मी की परवाह किये बगैर चौबीस घंटे के अंदर सभी पोल खड़े कर आपूर्ति बहाल कर लोगों के दिलों में जो स्थान बनाया तारीफे काबिल है क्षेत्र भर में चर्चा हो रही है। संविदा कर्मियों की मेहनत से प्रभावित हिलौली प्रधान पति महेश सोनी ने अवर अभियंता सहित सभी कर्मियों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया।वही श्री सोनी ने कहा कि जिम्मेदारी का निर्वाह प्रमाणिक हो तो तारीफ होनी ही चाहिए। सम्मान समारोह के दौरान अवर अभियंता बसंत लाल वर्मा, लाइनमैन अवधेश सिंह, राकेश, कल्लू, प्रेमशंकर पाल रामबरन, आशीष, नरेश, श्रीचंद्र, रामबिलास, मंजेश अजय सिंह, राजेश, अमित शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## वीर सावरकर जयंती पर रंग भरो व निबंध प्रतियोगिता आयोजित



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में नगर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साक्षरता समिति, डीएसएन रोड एबी नगर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर की जयंती के अवसर पर रंग भरो एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एस.के. जैन ने विजेताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने वीर सावरकर को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।निबंध प्रतियोगिता में इल्मा ने प्रथम, करिश्मा पाण्डेय ने द्वितीय तथा अनन्या दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में गुड़िया अवस्थी प्रथम, उदिता दीक्षित द्वितीय और सौम्या सिंह तृतीय स्थान पर रहीं।कार्यक्रम प्रभारी प्रीती शर्मा, पूर्व स्वयंसेवक ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुनील कुमार जैन, मो. इसरार, पूजा वर्मा, शिवानी शर्मा, उदिता दीक्षित सहित लगभग आधा सैकड़ा युवा उपस्थित रहे।

## मौरावां नगर पंचायत में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण सम्पन्न

### विधायक अनिल सिंह बोले- भाजपा सरकार गांव से नगर तक करा रही विकास



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव पुरवा विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत मौरावां में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अनिल सिंह ने नवमनोनीत सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। समारोह के दौरान साधना चैरसिया, सुमित चैधरी और पंकज अवस्थी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनसेवा करने का संकल्प लिया। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांव से लेकर नगर पंचायत तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मौरावां क्षेत्र में प्रस्तावित बाईपास निर्माण योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इससे जाम की समस्या से राहत मिलेगी और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में बन रहे आधुनिक विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. रजनीश वर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ, मदन चैरसिया, अजय चैरसिया एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और जनसमर्थन का माहौल देखने को मिला।

# कानपुर देहात समाचार



## उद्योग व्यापार मण्डल ने कराया शरबत वितरण कार्यक्रम

**झींझक कानपुर देहात** क्षेश्र मे पड उमस भरी भीषण गर्मी को देखते हुए नहरपुल पर विद्यालय के प्रबन्धक तथा बडा चौराहा पर नगर उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष ने राहगीरों व स्थानीय लोगो तथा वाहन स्वामियो को ठण्डा शरबत तथा नमकीन जलजीरा पिलाकर गर्मी से निजात दिलाने का कार्य किया !ठण्डा शरबत व जलजीरा पीकर राहगीरो ने गर्मी मे राहत महसूस की ! कस्बा व क्षेश्र मे पड रही भीषण सूर्य की तपन उमस मे गर्मी से लोग घरो मे दुबक गये !बाजारों मे सन्नाटा सा पसर गया भीषण गर्मी को देखते नहरपुल स्थित न्यू सरस्वती विद्या मन्दिर जू.हा. के प्रबन्धक श्याम शंकर गुप्ता ने ठण्डा मीठा शरबत तथा बडा चौराहा पर नगर उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सचिन शुक्ला न ठण्डा नमकीन जलजीरा मिला हुआ शरबत राहगीरों वाहनस्वामियो क्षेश्रीय लोगो को पिलाकर गर्मी से निजात दिलाये जाने के लिये बुला बुलाकर गर्मी से निजात दिलाये जाने का कार्य किया !इस दौरान सत्यभान सिह भोलू मनीष शुक्ला लिटिल शुक्ला रंजन कुशवाहा कार्तिकेय अभिषेक जैद खान जितेंद्र वर्मा अनिल सोनी सूरज वर्मा अजय राजन सुमिततोमर अमित आदि लोग मौजूद रहे !

## इंटर कॉलेज में अवैध वसूली का आरोप, शिकायतकर्ता बोला, इलेक्ट्रॉनिक सबूत से खोलूंगा झूठ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**रनिया कानपुर देहात।** क्षेत्रीय इंटर कॉलेज फतेहपुर रोशनाई में वर्तमान शिक्षा सत्र में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र.छात्राओं से प्रवेश के नाम पर अवैध उगाही का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के अनुसारए संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा कानपुर मंडल के समक्ष प्रभारी प्रधानाचार्य ने अपने बचाव में कहा कि प्रवेश के नाम पर कोई अवैध उगाही नहीं की गई है। शिकायत को पूरी तरह असत्य और मिथ्या बताया। आरोप है कि कॉलेज के दो सम्मानित सदस्यों ने भी प्रभारी प्रधानाचार्य के बयान का समर्थन किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि इन सदस्यों ने प्रबंधक के इशारे पर झूठी गवाही दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के कारण वह निर्धारित समय पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया। उसके पास अवैध वसूली से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक सबूत मौजूद हैं। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह जल्द ही इन सबूतों की सीडी बनाकर संयुक्त शिक्षा निदेशक के सामने पेश करेगा। इससे झूठ बोलने वाले प्रभारी प्रधानाचार्य और प्रबंधक भक्त सदस्यों का सच सामने आ जाएगा।शिकायतकर्ता का आरोप है कि एक तरफ प्रबंधक और प्रभारी प्रधानाचार्य संस्था में विकास के नाम पर मामले में पैरवी न करने का दबाव बना रहे हैंए वहीं दूसरी तरफ सही शिकायत को गलत साबित कर रहे हैं।

## रसूलाबाद में अकीदत के साथ मनाई गई ईद.उल.अजहा मुल्क की तरक्की के लिए उठे हाथ

**हाजी फैजान खान ने कहा रसूलाबाद की गंगा जमुनी तहजीब हमेशा से मिसाल रही शांति पूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन का आभार जताया**

**आदर्श राइस मिल के डायरेक्टर महफूज खान ने पर्व पर नगर वासियों को शुभ कामनाएं दी सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम शिखा संखवार सीओ आलोक कुमार कोतवाल शिव नारायन सिंह भारी पुलिस बल के साथ रहे मौजूद**



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** कस्बा रसूलाबाद में ईद.उल.अजहा बकरीद का पर्व गुरुवार को पूरी धार्मिक आस्था हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए जुटने लगे। पेश इमाम हाजी अब्दुल रऊफ खान बकाई ने ईद.उल.अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने बारगाह.ए.इलाही में हाथ उठाकर देश में अमन.चैन खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगीं। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। एसडीएम शिखा शंखवार सीओ आलोक कुमार तहसीलदार संतोष कुमार कोतवाल शिव नारायन सिंह एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। वहीं नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह नायब तहसीलदार हरि शंकर बर्मा सदर कानूनगो कुंवर सिंह ने भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नमाज के बाद लोगों ने एक.दूसरे से गले मिलकर ईद.उल.अजहा की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फैजान खान ने स्थानीय नागरिकों तथा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। हाजी फैजान खान ने कहा कि बकरीद का त्योहार त्याग बलिदान और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रसूलाबाद की गंगा.जमुनी तहजीब हमेशा से मिसाल रही है और सभी समुदायों ने मिलकर प्रेम और सौहार्द के साथ पर्व मनाया है। उन्होंने शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन का आभार भी जताया। पूरे कस्बे में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला तथा लोगों ने एक.दूसरे को गले लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसी तरह असा लतगंज कहिजरी विरहुन सहित ग्रामीण अंचलों में बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस मौके पर आदर्श राइस मिल के डायरेक्टर महफूज खान अतहर खान भुट्टो सभासद मशरूफ नवाज आमिर पठान अकील अहमद पट्टा मुईन खान मुबीन खान अरशद खान एहतिशाम खान भोलू मुबीन सिद्दीकी राजा तारिक वारसी उर्फ गुलशन शाह वारसी आफताब वारसी मारूफ खान लल्ला खान अबूबकर खान टुन्नी खान सहित अन्य ने बकरीद की शुभकामनाएं दी

## माता भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ बनेगा पर्यटन स्थल

### सौंदर्यीकरण के लिए 85.35 लाख की पहली किस्त जारी, क्षेत्र में खुशी की लहर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव- उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा क्षेत्र के ग्राम लोनारपुर स्थित प्राचीन माता भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। सिद्ध पीठ के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए विभाग ने पहली किस्त के रूप में 85.35 लाख रुपये जारी कर दिए हैं। योजना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय लोगों और श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। पर्यटन विभाग द्वारा सिद्ध पीठ के विकास कार्यों पर लगभग एक करोड़ 10 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पीठाधीश्वर दंडी स्वामी निरंजन आश्रम महाराज ने बताया कि बीते वर्ष सिद्ध पीठ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार से मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग की गई थी। इस मांग को लेकर आचार्य शिवम द्विवेदी, आचार्य अरविंद द्विवेदी, आचार्य विनय कृष्ण द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोगों ने भी समर्थन किया था। जनभावनाओं को देखते हुए विधायक श्रीकांत कटियार ने अप्रैल माह में पर्यटन विभाग को पत्र भेजकर सिद्ध पीठ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव रखा था। विधायक के प्रयासों के बाद विभाग ने योजना को स्वीकृति प्रदान करते हुए पहली किस्त जारी कर दी है। महाराज जी ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से सिद्ध पीठ परिसर में बड़ा हाल, श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए कमरे, शौचालय, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, मार्ग निर्माण, बैठने की व्यवस्था और वृक्षारोपण जैसे कार्य कराए जाएंगे। इससे न केवल सिद्ध पीठ का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।



## रतनपुर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

रसूलाबाद कानपुर देहात। राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रतनपुर में निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन समाजसेवी नागेंद्र सिंह उर्फ बन्टू भइया के सहयोग से उनके भवन परिसर में किया गया जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों की जांच के साथ ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को शंकरा आई हॉस्पिटल तातियागंज चौबेपुर कानपुर भेजा गया। मरीजों को निशुल्क लेंस दवा काला चश्मा नाश्ता भोजन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है ताकि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। संस्थान की ओर से यह भी कहा गया कि भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। समाजसेवी नागेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आज भी कई लोग आंखों की बीमारी का समय पर इलाज नहीं करा पाते हैं। इसी उद्देश्य से वह पहले भी कई बार स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर लगवा चुके हैं और आगे भी जनसेवा के ऐसे कार्य लगातार जारी रहेंगे। शिविर में डॉक्टर शिवारासु आनंदराय कौशिक रॉय डॉ वंशी कु निशि पेरामेडिकल स्टाफ गौरव सिंह गोविंद त्रिवेदी शरद पांडे एवं हिमांशु सहित चिकित्सा टीम मौजूद रही। इस अवसर पर जमाने सिंह गौर मनीष सिंह राजावत सिंदू गौर अतर यादव श्यामपाल सिंह गौर विजय पाल सिंह गौर जगदीश सिंह राजावत सतेंद्र सिंह और अमित सिंह गौर सहित क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे।

## छात्रा को फुसलाकर ले जाने के दो दोषियों को चार साल की सजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** रूरा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा को बहलाकर ले जाने के मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे. 15 की अदालत ने आरोपी दो भाइयों को दोषसिद्ध करते हुए उन्हें चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है इसके साथ ही प्रत्येक पर दस हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।एडीजीसी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रूरा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पंद्रह वर्षीय छात्रा 11 जनवरी 2016 की सुबह क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ने गई थी जहां से उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो जानकारी हुई कि गांव का वीरेंद्र उर्फ मोनू अपने साथी सुशील उर्फ लालू के सहयोग से छात्रा को बहलाकर अपने साथ ले गया।मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करते हुए पीड़िता की खोज कर दोनों युवकों को जेल भेज दिया था इसके साथ ही उनके खिलाफ आरोपपत्र अदालत में पेश किए थे।मामले की सुनवाई मौजूदा समय में एडीजे 15 की अदालत में चल रही थी।

## एयरफोर्स कर्मी का मोबाइल लेकर भागे शातिर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर शातिरों ने कॉल करने के बहाने एयरफोर्स कर्मी का मोबाइल व बैग लेकर फरार हो गए। शातिरों ने मोबाइल का गलत इस्तेमाल कर उनके बैंक खाते से 94,400 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने रेलबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कानपुर देहात के कहिंजरी खुर्द निवासी हर्षित पांडेय भारतीय वायुसेना में एयरमैन के पद पर तैनात हैं। 9 फरवरी को वह अपने घर से बेंगलुरु लौट रहे थे। शाम करीब 4 बजे वह कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4-5 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी एक युवक उनके पास आया और कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा। हर्षित पांडेय ने जैसे ही अपना फोन दिया, आरोपी मोबाइल लेकर भाग निकला। उसी समय उसका दूसरा साथी हर्षित का बैग उठाकर फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि चोरी के बाद आरोपियों ने मोबाइल के जरिए उनके बैंक खाते तक पहुंच बनाई और बिना अनुमति के कई लेनदेन कर कुल 94,400 रुपये निकाल लिए। हर्षित पांडेय ने बुधवार को थाना रेलबाजार में शिकायत दर्ज कराई है। रेलबाजार थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि रेलवे पुलिस की मदद से आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## स्टॉक मार्केट में निवेश कराने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** ऑनलाइन गेमिंग एप स्टाक मार्केट ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिरों को रावतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शतिरों के खिलाफ नेशनल क्राइम रिकार्ड पोर्टल पर 13 शिकायतें दर्ज हैं, जिसमें लगभग 14 करोड़ की ठगी की गई थी। शातिरों के पास से बरामद पांच बैंक खातों में करीब 14 करोड़ ट्रांजेक्शन मिला है। शातिर टेलीग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए लोगों को ऑनलाइन गेमिंग एप, ट्रेडिंग और आईपीओ में निवेश का झांसा देकर ठगी करते थे।

डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि एनसीआरपी पर ठगी की 13 शिकायतें कई राज्यों की मिली थी। जिस नंबर से ठगी की गई थी, उसका रावतपुर थाना क्षेत्र में मिल रहा था। पुलिस ने सर्विलांस टीम ने मद्द से सीसामऊ, पीरोड निवासी इंटर पास सुमित कश्यप व कर्नलगंज निवासी हाईस्कूल पास नवीन श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। डीसीपी ने बताया कि आरोपी रावतपुर के केशवपुरम में किराए का मकान लेकर रहते थे। पूछताछ के दौरान आरोपी सुमित व नवीन ने बताया कि वह टेलीग्राप और वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर लोगों को ऑनलाइन गेमिंग एप, स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग कराने व आईपीओ दिलाने के नाम लोगों से रकम इनवेस्ट कराकर साइबर फ्रॉड को अंजाम देते थे। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में दिल्ली के तोमर नाम के युवक का नाम सामने आया है। आरोपियों का कहना है कि वह तोमर को म्यूल खाते मुहैया कराने का काम करते थे। सुमित को वर्ष 2024 में साइबर फ्रॉड के मामले में हरियाणा पुलिस ने जेल भेजा था। आरोपियों के पास से 5 म्यूल अकाउंट मिले है, जो कानपुर के इंडसइंड, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक व एक्सिस बैंक के हैं। इन पांच खातों में एक खाता सुमित का है, जो उसने बिरहाना रोड की एक्सिस बैंक में खुलवाया था, जिसमें 8 ठगी की शिकायतें मिली हैं।

### चकेरी में किया था 97 लाख का साइबर फ्रॉड

डीसीपी ने बताया कि आरोपियों के पास मिले पांच खातों में पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, कानपुर, पंजाब, केरलम, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात राज्यों से 13 शिकायतें एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज कराई गई हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने चकेरी में 97 लाख की साइबर फ्रॉड की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से पुलिस ने 42 हजार कैश व 4 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी ठगी की रकम को चेक और एटीएम के माध्यम से निकालते थे, जिससे कि पैसों की ट्रेल बैंकिग सिस्टम से कट ऑफ हो जाए और पुलिस आरोपियों तक न पहुंच सके। डीसीपी ने बताया कि सुमित के खिलाफ रावतपुर, गुरुग्राम, सीसामऊ में चार मुकदमें दर्ज है। आरोपियों के पास से मिले मोबाइल की फॉरेंसिक+ टीम जांच कर रही है, जिससे अन्य तथ्य प्रकाश में आएंगे।

## सामूहिक दुष्कर्म कांडः पांच माह बाद फरार निलंबित दरोगा गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** सचेंडी में सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे 50 हजार का इनामी निलंबित दारोगा अमित मौर्या को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले मुख्य आरोपी शिव बरन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना के बाद से निलंबित दारोगा बचने के लिए सोशल मीडिया पर सफाई दे रहा था। उसने हाईकोर्ट में मुकदमे को रद कराने की याचिका भी लगाई थी, लेकिन याचिका खारिज हो गई थी।

■ **वारदात में शामिल यूट्यूबर को पहले ही पुलिस भेज चुकी है जेल**

■ **सचेंडी पुलिस कर रही थी संपत्ति कुर्की की**

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अपराधन संकल्प शर्मा ने बताया कि 5 जनवरी को सचेंडी के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी रात करीब 9.30 बजे शौच क्रिया के लिए गई थी। इस दौरान उसके साथ गैंगरेप किया गया था। पीड़िता ने भीमसेन चौकी के दरोगा अमित कुमार मौर्या व यूट्यूबर शिवबरन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने यूट्यूबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि दरोगा अमित कुमार मौर्या फरार हो गया था। घटना के बाद से निलंबित दारोगा बचने के लिए सोशल मीडिया पर सफाई दे रहा था। उसने हाईकोर्ट में मुकदमे को रद कराने की याचिका भी लगाई थी, लेकिन याचिका खारिज हो गई थी। उसके बाद भी फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने दरोगा पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने दरोगा के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी थी। उसकी तलाश में क्राइम ब्रांच की समेत चार टीमें तलाश कर रही थी, लेकिन उसे पकड़ न सकी। शुक्रवार को सचेंडी ने पुलिस ने दरोगा को सचेंडी के सोना गांव की ओर से जाने वाली रोड पर गिरफ्तार कर लिया है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर संकल्प शर्मा ने बताया कि आरोपी दरोगा को सचेंडी के सोना गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**दाखिल हो चुकी है 500 पन्ने की चार्जशीट**

लंबे समय से फरार चल रहे दरोगा अमित कुमार मौर्या के खिलाफ 2 माह पहले 500 पेज की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। इनामी दरोगा के गोरखपुर स्थित घर पर डुगडुगी पिटवाकर नोटिस चस्पा की गई थी, जिसमें पुलिस ने 30 अप्रैल तक कोर्ट में हाजिर होने का समय दिया था, इसके बावजूद आरोपी हाजिर नहीं हुआ था।

**प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में असलहा के साथ खिंचवाई फोटो**

कानपुर। निजी हॉस्पिटल नया शिवली रोड स्थित है। वायरल तस्वीर में युवक आईसीयू के अंदर बेखौफ अंदाज में असलहे का प्रदर्शन करता नजर आ रहा है। आईसीयू जैसे संवेदनशील स्थान पर हथियार लेकर पहुंचने और फोटो खिंचवाने की घटना ने अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होते ही लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। वहीं चर्चा है कि युवक का अस्पताल स्टॉफ से संबंध हो सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। सूचना मिलते ही कल्याणपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पुलिस वायरल फोटो की सत्यता जांचने के साथ युवक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक हथियार लेकर अस्पताल के अंदर कैसे पहुंचा। ट्रेनी आईपीएस सुमेध मिलिंद जाधव ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर का संज्ञान लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए भारत रत्न चौधरी चरण सिंह



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** राष्ट्रीय लोकदल व चौधरी चरण सिंह स्मारक समिति के संयुक्त तत्वाधान में किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर घंटाघर चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी की समस्या भारी समस्या है उसके समाधान के लिए चौधरी साहब का बताएं रास्ता लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने की नीति ही कारगर है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार सृजन हो सके साथ ही साथ कृषि और किसान भी हर हाल में खुशहाली मैं रह सके। श्री गुप्ता ने कहा कि चौ चरण सिंह कहते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत और खलिहान से होकर गुजरता है। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कहा कि चौधरी साहब का मानना था कि जब तक किसानों की आर्थिक सुधार नहीं होगा तब तक देश का भी आर्थिक सुधार नहीं होगा। चौधरी साहब सिद्धांत और नैतिक मूल्यों वाले व्यक्ति थे। वह जातिवाद के घोर विरोधी ईमानदारी के प्रतिमूर्ति अपने मुख्यमंत्रित्व काल में नहर की पटरी पर चलना ब्रिटिश सरकार के समय से प्रतिबंध था पटरी पर चलने पर जुर्माना देना पड़ता था चौधरी साहब ने इस प्रतिबंध को कानून खत्म कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने किया। कार्यक्रम में अवधेश सोनकर, शिवांग मिश्रा, विनोद पाल, ब्रजराज सिंह राजावत, रमाशंकर गुप्ता, राजकुमार दिवाकर, सुषमा वर्मा, अमित गुप्ता, आदर्श गुप्ता आदि प्रमुख थे।

## तीन साल बाद फरार 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**-रंगदारी, फायरिंग समेत अन्य धाराओं में दर्ज है मुकदमा**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** जाजमऊ में धमकी, रंगदारी व फायरिंग मामले के मामले में फरार चल रहे 20 हजार रूपए के इनामी को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब तीन साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। एडीसीपी शिवा सिंह ने बताया कि आरोपी मेराजुल हसन पर वर्ष 2023 में जाजमऊ आगजनी मामले में गवाही देने कोर्ट पहुंचे आईआईटी कल्याणपुर निवासी विष्णु सैनी को धमकाकर रंगदारी मांगने का आरोप है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ बलवा और रंगदारी सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा किया गया था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी मूल रूप से बजरिया थाना क्षेत्र के कर्नलगंज इलाके का रहने वाला है। एडीसीपी ने बताया कि 26 अक्टूबर को मेराजुल अपने साथियों शौकत अली, रिजवान सोलंकी, आशिफ जहां, दिलशाद अंसारी, नईम, इश्तियाक और मरगूब के साथ विष्णु सैनी को कोर्ट में धमकाया था। आरोपियों ने विष्णु को जाजमऊ बुलाकर 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पीड़ित विष्णु सैनी ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे धमकाते हुए कहा था कि किडनी बेचो, लिवर बेचोए बीवी बेचो या जमीन बेचो, लेकिन पैसा देना पड़ेगा, अन्यथा जान से हाथ धोना पड़ेगा। विष्णु सैनी ने यह भी आरोप लगाया था कि इस दौरान उस पर फाययरिंग भी की गई थी, जिसमें वह बाल-बाल बच गए थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मेराजुल हसन के खिलाफ बजरिया और जाजमऊ थानों में बिजली चोरी, धोखाधड़ी, रंगदारी और बलवा सहित कुल तीन गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। करीब तीन साल बाद पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से उसे लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने खुद को निर्दोष बताया। उसने दावा किया कि जिस दिन की घटना है उस दिन वह बीमार था। आरोपी का कहना है कि उसने पुलिस अधिकारियों को अपने पक्ष में साक्ष्य भी दिए थे, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई की गई। उसने आरोप लगाया कि दो कपड़ा कारोबारियों से उसका पैसों का लेनदेन था और उन्होंने रंजिशन उसे फंसाया गया है, ताकि उन्हें पैसे न लौटाने पड़ें।

## सीएसए के दीक्षांत समारोह में पूर्व कमेटी को ही सौंपी जाएगी जिम्मेदारी



**-कुलपति ने तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गयी हैं। शुक्रवार को विश्वविद्यालय सभागार में कुलपति डॉ संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27वें दीक्षांत समारोह के दौरान गठित कमेटी को ही इस बार भी आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। हालांकि आयोजन को और प्रभावी बनाने के लिये कुछ नये सदस्यों को भी कमेटी में शामिल करने पर सहमति बनी। कुलपति ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा कर परिणाम जल्द घोषित करने पर भी जोर दिया गया। कुलपति ने दीक्षांत समारोह को अनुशासित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य उच्च स्तरीय मानकों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक में अर्थनियंत्रक संजय राय सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## भाजपा 5 जून से चलाएगी जनजागरण अभियान

**-पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** 12 वर्ष विश्वास के, विकास के जन कल्याण के अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल मुख्य वक्ता रहे। इस मौके पर प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष उपलब्धियों वाले रहे हैं। इन वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा 5 जून से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक विभिन्न जनसंपर्क और जनजागरण कार्यक्रम चलाएगी। अभियान की शुरुआत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम से होगी। इसके अलावा मीडिया संवाद, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, जनसंपर्क अभियान, विकसित भारत संकल्प अभियान और जनकल्याण शिविर समेत 9 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय होकर केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान संयोजक नवाब सिंह ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, महामंत्री प्रमोद विश्वकर्मा, अभिनव दीक्षित, अवधेश सोनकर, जन्मेजय सिंह और सीमा एमबी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रस्तावित हाई स्पीड ट्रेन परियोजना में कानपुर को शामिल करने की मांग

**-सांसद ने रेल मंत्री को सौंपा मांग पत्र**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

कानपुर। सांसद रमेश अवस्थी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णन से मुलाकात कर दिल्ली से वाराणसी के बीच प्रस्तावित हाई स्पीड ट्रेन परियोजना में कानपुर को शामिल किए जाने की मांग की। इसके साथ ही जरीब चौराहे पर प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज की प्रगति पर चर्चा भी हुई। सांसद इन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने का आग्रह किया, ताकि यात्रियों को जल्द अत्याधुनिक सुविधाएं मिल सकें। यह परियोजना शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। सांसद ने रेल मंत्री से शहर में प्रस्तावित आईटी पार्क की स्थापना का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे और शहर तकनीकी व डिजिटल क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। सांसद ने दिल्ली से वाराणसी के बीच प्रस्तावित हाई स्पीड ट्रेन परियोजना में कानपुर को शामिल किए जाने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि कानपुर उत्तर भारत का प्रमुख औद्योगिक और शैक्षिक केंद्र है, इसलिए इस परियोजना में शहर को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इसके अलावा अनवरगंज से मंधना तक प्रस्तावित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग भी की गई। सांसद ने कहा कि इससे शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान सांसद ने रेल मंत्री को कानपुर आने का निमंत्रण भी दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करने और जल्द कानपुर आने का आश्वासन दिया।

## बीजेपी के मंत्री व विधायकों की सम्पत्ति की हो जांच-अंशू अवस्थी

**-कांग्रेस प्रवक्ता का प्रहार, जनता की सेवा बजाए कर रहे भ्रष्टाचार**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** कानपुर कभी भारत का और उत्तर प्रदेश का मैनचेस्टर कहलाता था, यहां के उद्योग धंधे से पूरे देश के लोगों को रोजगार मिलता था। आज भाजपा सरकार ने यहां के उद्योगों को चौपट कर दिया है। भाजपा के मंत्री व विधायक भ्रष्टाचार कर अपनी तिजोरियां भरने लगे हुए हैं। यह आरोप कांग्रेस के प्रवक्त अंशू अवस्थी ने लगाए हैं। तिलक हाल में प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार को प्रदेश के युवाओं, किसानों और छोटे उद्योग चलाने वाले व्यापारियों की कोई चिंता नही है। कानपुर को कभी भारत का मानचेस्टर कहा जाता था ,लेकिन बीजेपी सरकार में यह के उद्योग समाप्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जब किसी कमजोर दलित की आवाज उठाते हैं, तो भाजपा के लोग सत्ता में बैठने के बाद भी विपक्ष को आरोपित करते हैं। हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग करते हैं। कभी राहुल गांधी की संपत्ति की जांच की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का दोष यही था कि महोबा की दुष्कर्म की शिकार दलित के घर जाकर उनका दुख दर्द साझा था। ये संवेदनहीन योगी आदित्यनाथ सरकार जो पीड़िता का दुख साझा नहीं कर सकती, लेकिन जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय जाते हैं तो भाजपा कार्यकर्ताओं नेताओं द्वारा उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन करवाया जाता हैं और संपत्ति की जांच की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार की विदाई की बेला है उत्तर प्रदेश की जनता नाराज है इसीलिए हार के डर की बौखलाहट है, सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार में मंत्री जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं आपके पड़ोस के जिले के मंत्री 83-83 प्लांट पंजीकरण करा कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने भ्रष्टाचार की लूट से अपनी तिजोरियां भरी हैं, उनकी जाँच होनी चाहिए। जनता को सच जानने का अधिकार है, जांच के बाद दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष पवन गुप्ता, ग्रामीण के अध्यक्ष संदीप शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

## हाईवे पर रात तें चला चेकिंग अभियान, 11.25 लाख का वसूला जुर्माना

**-राजस्व, पुलिस, परिवहन व खनन विभाग ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** नरवल हाईवे पर यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ देर रात प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। राजस्व, पुलिस, परिवहन और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने हाईवे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोड, बिना नंबर प्लेट और नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 151 वाहनों का चालान किया गया तथा 11 लाख 25 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया। कई वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक भी किया गया। अभियान में परिवहन विभाग ने 95 वाहनों का चालान कर 8 लाख 47 हजार रुपये, पुलिस विभाग ने 52 वाहनों का चालान कर 78 हजार 500 रुपये तथा खनन विभाग ने 4 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 2 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला। कुल मिलाकर 151 चालान किए गए और 11 लाख 25 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद में तहसीलवार संयुक्त प्रवर्तन टीमों का गठन किया है। इसी क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में नियमित अभियान चलाए जा रहे हैं। अभियान का नेतृत्व उप जिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान एसीपी चकेरी अभिषेक पांडे, परिवहन विभाग से मानवेंद्र प्रताप सिंह, जिला खनन अधिकारी पारसनाथ, नायब तहसीलदार आशीष पटेल, राजस्व विभाग की टीम तथा पुलिस बल मौजूद रहा। उप जिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार अभियान जारी रहेंगे।

## परीक्षा लीके होने के विरोध में शिक्षा मंत्री खिलाफ खोला मोर्चा

**-छात्रों ने किया पुतला दहन का प्रयास, पुलिस से हुई नोंकझोंक**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

कानपुर। नीट, एसएससी जीडी समेत अन्य परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर हो धांधली व पेपर लीक के विरोध में शुक्रवार को छात्रसंघ बहाली मोर्चा व विधि छात्र मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान शिक्षा मंत्री पुतला छीनने को लेकर छात्रों व पुलिस के बीच नोंकझोंक भी हुई। छात्र नेता अनस साहू ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। परीक्षाओं में हो रही लगातार धांधली की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान छात्र और कार्यकर्ता पुतला फूंकने बढ़े, तो पुलिस प्रशासन कार्यकर्ताओं से पुतला जबरन छीन लिया और उन्हें पुतला दहन करने से रोक दिया। इस दौरान मुख्य छात्र नेताओं ने पुलिसिया कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा आज देश का युवा ठगा हुआ महसूस कर रहा है। सरकार के पास युवाओं के रोजगार और शिक्षा के लिए कोई नीति नहीं है। जब तक भ्रष्ट तंत्र को सुधारा नहीं जाता और शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते, तब यह मोर्चा पीछे नहीं हटेगा। छात्र नेता अनुज त्रिपाठी ने कहा पुलिस के दम पर छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश नाकाम होगी। यह लड़ाई अब और उग्र होगी। परीक्षाओं को व्यापार बनाने वाली इस सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। छात्र नेताओं ने मांग की कि परीक्षाओं में हुई धांधली की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच हो। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दें। छात्रसंघ चुनावों की बहाली की जाए, ताकि छात्रों को लोकतांत्रिक आवाज मिल सके।। इस दौरान मुख्य रूप से छात्र नेता सुमित कांत सोनी, अनुज तिवारी, फैज़, अमन यादव, आशीष कुमार, अमरजीत, आराध्या बाजपेयी, आकाश श्रीवास्तव, आकर्षण यादव और अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### आंधी व पानी में छत से गिरकर मासूम व युवती हुई घायल

**नवतपा की गर्मी से परेशान मासूम व युवती अपने अपने परिजनों के साथ छत पर सो थे**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। गुरुवार रात हुई बारिश ने भले काफी राहत दी हो। मगर बारिश के दौरान आसमान से बादलों के गरजने के साथ चली तूफानी हवाओं के साथ हुई बारिश से बचने की कोशिश के दौरान पहेवा गांव निवासी आलोक की 7 साल की बेटी शिवानी की छत से नीचे गिरने से घायल हो गई। जिसे इलाज केलिए सीएचसी लाया गया। वहीं दूसरी घटना कस्बे के अच्छी मोहाल वार्ड में हुई जहां रहने वाली साधना 27 पत्नी रवि शंकर बारिश व अंधी के दौरा न जीने से नीचे गिर कर घायल हो गई। जिन्हें इलाज केलिए सीएचसी से उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया दिया गया।वहीं बारिश से मौसम सुहावना होने के साथ साथ लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।साथ ही मौसम के मिजाज में बार बार आ रहे उतार चढ़ाव से सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में खांसीएजुकाम व बुखार के मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। इस संबंध मे सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉव पवन सचान का कहना था कि मौसम के ताप मान में उतार चढ़ाव के चलते सबसे ज्यादा वायरल बुखार के मरीजों के साथ खांसी व जुकाम के मरीज बढ़े हैं।

### भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब डॉ उपदेश सिंह यादव ने लिया आशीर्वाद

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बिल्हौर** बिल्हौर तहसील के ग्राम बिकरू के खंड डिब्बा निवादा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन धार्मिक माहौल चरम पर रहा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी जहां भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर कथा का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे घिमऊ जिला पंचायत से टिकट की दावेदारी पेश कर रहे डॉ उपदेश सिंह यादव ने व्यास पीठ पर विराजमान भगवताचार्य मीरा शास्त्री जी का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान भगवताचार्य मीरा शास्त्री जी के मुखारविंद से निकली ज्ञानगंगा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव.विभोर कर दिया। भक्ति ज्ञान और श्रद्धा के इस संगम में लोगों ने कथा का रसपान कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। डॉ उपदेश सिंह यादव ने ग्रामवासियों द्वारा मिले स्नेह व सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि वे इस प्रेम के सदैव ऋणी रहेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### तीन बच्चों को छोड़ लाखों की नगदी और जेवरात समेट महिला प्रेमी संग फरार

**पति ने गांव निवासी एक युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगा पुलिस से लगाई गुहार**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन बच्चों की मां बच्चों को छोड़कर घर में रखे जेवरात समेत नगदी समेट कर रफूचक्कर हो गई साढ़ क्षेत्र के एक गांव में रहने की जानकारी मिलने पर पीड़ित पति द्वारा साढ़ थाना में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की साढ़ पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही। फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र निवासी युवक ने साढ़ थाना पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह कानपुर में रहकर नौकरी करता है जबकि पत्नी तीन बच्चों के साथ गांव में रहती थी बीती 19 मई को पत्नी गांव निवासी एक युवक के साथ घर में रखी करीब पचास हजार नगदी तथा झुमकी मंगलसूत्र अंगूठी तोड़िया हॉफ पेटी आदि सारा सामान समेटकर गांव निवासी आयुष पुत्र रामासरे के साथ भाग गई कई दिन तक पता करने के बाद पीड़ित पति ने साढ़ थाना पुलिस को बताया कि युवक उसकी पत्नी के साथ साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में रह रहा साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि जानकारी मिली है जांचकर कार्यवाही की जा रही।

### युवती का शव फांसी पर झूलता मिला हत्या का आरोप

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। शुक्रवार को थाना क्षेत्र जा के बेंदा गांव में एक युवती का शव फांसी पर झूलता मिला। मायके व पुलिस को घटना की जानकारी दिए बिना आरोप है कि शव फांसी से उतार कर युवती का शव पति घर वालों के साथ सीएचसी ले कर पहुंचा। तब तक बेंदा से किसी ने युवती का शव फांसी पर झूलता मिलने की जानकारी मायके वालों को दे दी। इससे पहले मायके वाले गांव व घर पहुंचते पति घर से शव ले जा चुका था।सीएचसी से थाने मेमो भेजे जाने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी करने के साथ शव को पोस्ट मार्टम केलिए भेजा। साढ़ थाना क्षेत्र के दौलत पुर गांव निवासी राज कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी भतीजी सुधा देवी की शादी 9 साल पहले घाटमपुर थाना क्षेत्र के बेंदा गांव में रहने वाले मिथुन कुमार के साथ हुई थी।सुधा की मां छिद्दन व चाचा राज कुमार ने पति व उसके घर वालों पर सुधा की हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति सुधा को पीड़ित करने के साथ कई कई दिनों भूखा रखता था। एक बेटे व बेटी की परवरिश के लिए वह अब तक सब सहती आ रही थी। हाल ही में करीब 5 कुंतल गेहूं भी देकर आए थे। उन्हों सुधा की हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया। पुलिस द्वारा मामले की जांच के साथ शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच के साथ शव पोस्ट मार्टम केलिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही होगी

# पीआरवी पुलिस के फ्री के गोल गप्पे खाने की हुई शिकायत जांच शुरू

**आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष की शिकायत पर एसीपी ने शुरू की जांच**



घाटमपुर। कस्बे में पीआरवी पुलिस कर्मियों को रेहड़ी व ठेलियों दुकानदारों से फ्री खाना पीना महंगा पड़ गया है। जिसका वीडियो वायरल हुआ है। उप्र आदर्श व्यापार मंडल ने नोडल अधिकारी के ट्विटर हैंडल में दुकानदारों से अभद्रता व धमकाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। इस सम्बन्ध में व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि पानीपुरी विक्रेता रामकरन तथा आइसक्रीम विक्रेता उदयराम उर्फ ईश्वर कुष्मांडा देवी तिराहा स्थित बालाजी मेडिकल स्टोर के सामने रेहड़ी लगाकर जीवन यापन करते हैं। बताया कि पीआरवी पुलिसकर्मियों ने दोनो के यहां से लिया और पैसे भी नहीं दिए। जब संगठन के उपाध्यक्ष आशीष पांडेय ने वीडियो बना लिया तो जानकारी मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तथा 50 रुपए देकर मामले को शांत करने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच कहासुनी भी हुई। आरोप है कि 28 मई की रात लगभग 9रू30 बजे पीआरवी वाहन से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दोनों व्यापारियों के साथ गाली.गलौज की और दुकान हटवाने सहित गंभीर धमकियां दीं। उन्होंने बताया कि संगठन के उपाध्यक्ष के वीडियो बनाने पर उनके विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गयाए जिससे संगठन में रोष है। बताया कि पूरे प्रकरण की ऑनलाइन शिकायत ट्विटर हैंडल के माध्यम से डायल 112 नोडल अधिकारी को भेजी जा रही है तथा निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि कार्यवाही न होने पर वह 112 के प्रभारी अधिकारी केपी सिंह व एडीसीपी व नोडल अधिकारी अर्चना से भी अपनी शिकायत दर्ज कराऊंगा। इस सम्बंध में एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि मामले की जानकारी मिली थी। वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर पीआरवी में तैनात पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।



## ईद.उल.अजहा की नमाज में अमन चैन की मांगी गई दुआएं

**ईद गाह व मस्जिदों में शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई नमाज, एक दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद**

घाटमपुर। गुरुवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद.उल.अजहा ;बकरीदद्ध का त्यौहार शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। भीषण गर्मी के बावजूद ईदगाह व मस्जिदों में नमाज अदा करने वालो की भीड़ उमड़ पड़ी। ईदगाह में शहर काज़ी सरताज रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। वहीं मस्जिदों में भी मुकर्रर समय पर शान्ति पूर्ण ढंग से नमाज व कुर्बानी की रस्म सम्पन्न होने पर अधिकारियों व पुलिस ने राहत की सांस ली।बाद नमाज मुल्क में अमन चैन की दुआ के लिए लाखों हाथ उठे। एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद के त्योहार की बधाई देने वालों में एसीपी कृष्णकांत यादव व थाना प्रभारी मनोज कुमार भदौरिया आदि शामिल रहे।

**कॉन्ट्रैक्टर ने आइसक्रीम खिलाकर दी बकरीद की मुबारकबाद**

घाटमपुर। ईद उल अजहा के मौके पर ईद गाह के बाहर कैम्प लगा कर अपना दल एस के एस सी एस टी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य प्रकाश कुरील ने सब के साथ मिलकर पेश इमाम सरताज रजा व मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। वहीं पालिकाध्यक्ष पति हाफिज अब्दुल अहद ने शर्बत बाटने के साथ सभी को बकरीद की मुबारक बाद दी। इनके अलावा समाज सेवी कॉन्ट्रैक्टर मोहम्मद आरिफ ने आइसक्रीम खिलाने के साथ गले मिलकर बकरीद के त्यौहार की मुबारकबाद दी। इनके अलावा बकरीद की मुबारक बाद देने वालों में सपा नेता शैलू सोनकर अनिल सोनकर वारसी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## बिल्हौर रेलवे स्टेशन के पास मिले अवैध असलहे के मामले में पुलिस ने एक युवक को दबोचा

बिल्हौर। कानपुर जनपद की बिल्हौर थाना पुलिस ने अवैध असलहा व चोरी की बाइक के मामले का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी तमंचा कारतूस कटर व चोरी की बाइक बरामद की है। घटना 24 मई 2026 की है जब डायल 112 की सूचना पर पुलिस टीम रेलवे स्टेशन बिल्हौर के सामने पहुंची जहां एक बाइक संदिग्ध अवस्था में गिरी मिली। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक सवार अचानक साइकिल सामने आ जाने से गिर गया और भीड़ जुटते ही मोटरसाइकिल छोड़ फरार हो गया। बाइक पर टंगे झोले से देशी तमंचा तीन कारतूस और एक कटर सड़क पर गिर गए थे। पुलिस ने मोटरसाइकिल को चेक किया जो कन्नौज निवासी कृपाल के नाम दर्ज पाई गई। मौके से बरामद असलहा व सामान को सील कर थाना लाया गया और अज्ञात के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा गठित ने मामले की जांच शुरू की और ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी की पहचान की गई। गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी हर्षित कुशवाहा उम्र 19 वर्ष पुत्र वीरेन्द्र कुशवाहा उर्फ कल्लू निवासी बलराम नगर थाना बिल्हौर को गौरी अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर कन्नौज से बाइक चोरी की थी और अवैध असलहा लेकर बिल्हौर आ रहा था तभी दुर्घटना के बाद मौके से भाग गया था। बिल्हौर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर उसको जेल भेज दिया गया है।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पलटने से चालक समेत दो घायल

**भीतरगांव मार्ग पर कस्बा साढ़ चौकी के सामने हुआ हादसा**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव मार्ग स्थित कस्बा साढ़ चौकी के सामने एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पलटते हुए खड्ड में जा गिरी जिससे चालक सहित दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा कार में फंसे युवकों को बाहर निकाल सीएचसी भीतरगांव भेजा गया।जानकारी के अनुसार राजेपुर निवासी आनंद सिंह अमौर निवासी साथी पप्पू सिंह के साथ कार से किसी काम से भीतरगांव की ओर जा रहे थे जैसे ही वह कस्बा चौकी के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो पलटते हुए गहरे खड्ड में जा गिरी मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने गाड़ी के अंदर फंसे चालक सहित युवक को बाहर निकाल सीएचसी भीतरगांव भेजा कस्बा चौकी इंचार्ज ने बताया कि युवकों को मामूली चोटें आई है जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा गया है।

## सवारी बिठाने को लेकर हुए विवाद में चालकों में चले लात घूंसे

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी के टेम्पो स्टैंड में सवारियां बिठाने को लेकर ई रिक्शा चालक तथा टेम्पो चालकों में विवाद हो गया और देखते ही देखते लात घूंसे चलने लगे बताया जाता है कि मारपीट होते देख अफरातफरी मच गई पीड़ित द्वारा मामले की लिखित शिकायत चौकी पुलिस से की गई पुलिस द्वारा जांच कर कार्यवाही करने की बात कही जा रही। भीतरगांव निवासी अखिलेश पुत्र गंगाराम ने तहरीर देते हुए बताया कि देर शाम वह भीतरगांव टेम्पो स्टैंड से सवारियां लेकर कानपुर जा रहा था तभी बिरसिंहपुर निवासी राजेश तथा साढ़ निवासी पांडे ड्राइवर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे और उसकी गाड़ी की लाइट तोड़ दी चौकी इंचार्ज गगन मिश्रा ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

## नाबालिक किशोरी को भगा ले जाने का आरोप गुमशुदगी दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने साढ़ पुलिस को ससुराल पक्ष के एक युवक पर नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दी पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर तलाश करने की बात कही जा रही।पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी ससुराल महाराजपुर थाना के एक गांव में है बीते दिन दोपहर अनीश उर्फ बजरंगी आया और मेरी नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया मामले की जानकारी मिलते ही मैने आसपास लगे सीसी फुटेज खंगाले तो अनीश अपने एक साथी के साथ मेरी बेटी को ले जाते दिखा तब पीड़ित पिता ने साढ़ पुलिस से गुहार लगाई साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही जल्द ही बरामद कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## बिरहर में लकड़बग्घों की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर गांव में गुरुवार दोपहर आबादी के नजदीक पहुंचे लकड़बग्घों की चहलकदमी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है भीषण चिलचिलाती गर्मी में पानी और भोजन की तलाश में लकड़बग्घों का रुख ग्रामीण क्षेत्रों की तरफ बढ़ने लगा है हालांकि अभी किसी जीव पर लकड़बग्घों ने हमला नहीं किया है ग्रामीणों के अनुसार बिरहर गांव के पास एक खेत में लकड़बग्घों ने अपना डेरा डाल दिया है भूख प्यास से तड़प रहे लकड़बग्घों ने अब अपना रुख गांव के अंदर बस्ती तक कर लिया है गर्मियों की छुट्टीयों में छोटे छोटे बच्चे घरों में कैद रहने को मजबूर है। कुछ दिन पहले कुड़नी क्षेत्र के चतुरीखेड़ा ढुकुआपुर आदि गांवों में लकड़बग्घों की चहलकदमी देखी गई थी जिसमें वन विभाग ने गांव जाकर तलाश की थी।गुरुवार दोपहर बिरहर गांव में खेतों में लकड़बग्घों की चहलकदमी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ ; जिसकी स्वतंत्र भारत पुष्टि नहीं करता द्ध वन क्षेत्राधिकारी राकेश पांडे ने बताया कि सोशल मीडिया में लकड़बग्घों का वीडियो वायरल हुआ है जिसकी जानकारी मिली है जल्द ही टीम भेजकर लकड़बग्घों की तलाश की जाएगी।

## साढ़ क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी हरे पेड़ो की कटान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। एक तरफ सरकार अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संतुलित करने के प्रयास में है वहीं विभागीय ढील से नियमों को ताख पर रख लकड़ी माफिया लगातार अत्याधुनिक मशीनों से हरे भरे पेड़ो को धराशाही कर आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे। शुक्रवार सुबह साढ़ क्षेत्र के कुडनी चौराहे में जूनियर स्कूल के पास करीब आधा दर्जन शीशम के दरखत काट कर गिरा दिए बताया जाता है कि ठेकेदार को सफेदपोश नेताओं का आशीर्वाद है जिससे वह आए दिन हरे भरे पेड़ो को काटकर ठिकाने लगा देता है ग्रामीणों में मामले को लेकर खासी चर्चा है।


## कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–चित्रकूट।

पता–एन0एच0–35 कालूपुर पाही, कर्वी, चित्रकूट।

पत्रांक:– 118/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रा0/2026–27 दिनांक– 18.05.2026

**–: (मैनुवल) निविदा नोटिस, प्रथम आमंत्रण :–**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ०प्र० की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड चित्रकूट द्वारा ग्रामीण अनियन्त्रण विभाग उ०प्र० में ए०श्रेणी, बी श्रेणी, सी०श्रेणी एवं डी०श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। *बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी०एस०टी० के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जीएएस०टी० का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।*

(बुन्देलखण्ड विकास निधि योजना, विधान सभा– मऊ–मानिकपुर)

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत GST रहित (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (05 प्रतिशत) | स्टेशनरी + निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | ग्रा०प० रुखमाखुर्द के मजरा गौतमपुर में सीसी रोड से पारस पाण्डेय के दरवाजे तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 1.75 | 8800.00 | 589.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 2 | | ग्रा० पं0 लोधियामाफी के मजरा बराछी में अनिल कुमार के घर से मेन रोड तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 6.89 | 34500.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 3 | | ग्रा०प० रामपुर कल्याणगढ़ में शिव मंदिर से दुर्योधन चौकीदार के घर तक इंटरलॉकिंग/नाली का निर्माण कार्य। | 9.41 | 47100.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 4 | | विकास खण्ड मानिकपुर के ग्रा०प० बराहमाफी में बाँध मेन रोड से महाराज जी के गौशाला तक इंटरलॉकिंग का निर्माण। | 9.99 | 50000.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 5 | चित्रकूट | ग्रा०प० अगरहुडा में सरैया बोडी पोखरी सम्पर्क मार्ग व हनुमान मन्दिर से रामकुमार पाल के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण। | 8.36 | 41800.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–चित्रकूट, (ग्राम कालूपुर पाही) | अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अ0वि0, परिमण्डल चित्रकूट धाम विकास भवन बांदा। | जिला अधिकारी चित्रकूट। |
| 6 | | ग्रा०पं० रामपुर तरौंहा में पंचायत भवन से भोला सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग/नाली का निर्माण। | 6.04 | 30500.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 7 | | ग्रा०प० छेरिहा खुर्द के मजरा छेरिहाबुजुर्ग में टंकी कोलान से मेन रोड तक इंटरलॉकिंग/नाली का निर्माण कार्य। | 6.89 | 34500.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 8 | | ग्रा०प० बगदरी के मजरा हेला में आलोक पाण्डेय के घर से राम निरंजन के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 5.59 | 28000.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 9 | | ग्रा०प० मदना के मजरा जिल्ला पुरवा में भैरो शुक्ला के घर से सत्य नारायण के घर की ओर इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 9.97 | 50000.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 10 | | ग्रा०प० कल्याणपुर के मजरा लक्ष्मणपुर में कृष्णा ओतार के घर से तालाब श्री बृजदेश्वर महादेव मंदिर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 8.17 | 41000.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 11 | | ग्रा०प० रूखमाखुर्द के मजरा सपहा में रामफेर के घर से कामता प्रसाद के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 4.31 | 21600.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 12 | | ग्राम हनुवा में पक्की रोड से रामलाल के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 4.21 | 21100.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 13 | | ग्रा०प० अरवारा में मनोज कुमारी के घर से काशीराम के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य लं0–65 मी० | 4.16 | 21000.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 14 | | ग्रा०प० कि निया में ठाकुर के घर से राजेश कोल के दरवाजे की ओर इंटरलॉकिंग/नाली का निर्माण कार्य। | 2.66 | 13500.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 15 | | ग्रा०प० कि निया में भैयादीन कोल के घर से दयाली कोल के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग/नाली का निर्माण कार्य। | 4.87 | 24500.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 16 | | ग्रा०० ऊँचाडीह के मजरा चौर में मेन रोड से कामता प्रसाद द्विवेदी के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 1.93 | 9700.00 | 589.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 17 | | ग्रा०प० मऊगुरदरी में प्रा०वि० मऊगुरदरी मेन गेट से आंगनबाड़ी भवन तक इंटर लॉकिंग का निर्माण कार्य। | 9.00 | 45000.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| | | (विधायक निधि योजना, विधान सभा–कर्वी/मानिकपुर) | | | | | | | |
| 1 | | राजकीय इण्टर कालेज घुरेटनपुर वि0ख0 कर्वी में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण। | 4.24 | 21200.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |
| 2 | | सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर महावीर नगर मानिकपुर में शिक्षण कक्ष का निर्माण कार्य। | 8.27 | 41400.00 | 766.00 जी0एस0टी0 सहित | 03 माह | | | |

1. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में निविदा प्रपत्र की बिक्री की तिथि 02.06.2026 से 16.06.2026
2. निविदा प्रपत्र के लिए प्राप्ति की अंतिम तिथि, समय व स्थान 16.06.2026 समय 04.00 बजे तक ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, चित्रकूट, कालूपुर पाही, कर्वी चित्रकूट।
3. निविदा पेटीका में डालने कि तिथि व समय 18.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड :– चित्रकूट एवं कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिण्मडल चित्रकूटधाम–बांदा एवं जिलाधिकारी, जनपद–चित्रकूट।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.06.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–चित्रकूट में सम्पर्क करें।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–चित्रकूट से सम्पर्क करें।

(एस0 पी0 मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रा0अ0वि0–चित्रकूट।

उ0प्र0 251991 दिनांक– 29.05.2026
Website: www.upgov.nic.in


## शुक्लागंज में खेल जंक्शन बॉक्स क्रिकेट टर्फ का हुआ उद्घाटन





**स्वतंत्र भारत व्यूरो**

**शुक्लागंज;उन्नाव** क्रिकेट प्रेमियों के लिए शुक्लागंज के मरहला चौराहे पर एक नई सौगात के रूप में खेल जंक्शन बॉक्स क्रिकेट टर्फ का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के खेल प्रेमियोंए युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक वैभव त्रिपाठी ने बताया कि इस टर्फ का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक आधुनिक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अब स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सुविधा अपने ही क्षेत्र में मिल सकेगी। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अतिथियों सदर विधायक पंकज गुप्ता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने टर्फ का निरीक्षण किया। क्रिकेट प्रेमियों में नए टर्फ को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। क्षेत्रवासियों का मानना है कि ष्खेल जंक्शन बॉक्स क्रिकेट टर्फष् शुक्लागंज के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का नया अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन उन्नाव नगर पालिकध्यक्ष प्रतिनिधि भानू मिश्रा ने फीता काटकर कर किया। उन्होंने टर्फ पर बल्ला पकडकर चौके और छक्के लगाए और कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। पंकज मिश्रा वीरेन्द्र शुक्ल सुरेश शुक्ला ;मंडलध्यक्ष गोल्डी गुप्ता विनय तिवारी के डी त्रिवेदी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेए कार्यक्रम का आयोजन खेल जक्शन के संचालक नयन तिवारी व राघव त्रिपाठी मौजूद रहे


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–12/अ0अ0/न0नि0ख0का0/2026–27**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदाएं सिचाई विभाग यॉत्रिक के वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक–02.06.2026 से 10.06.2026 तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर में प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 15.00 बजे तक निर्धारित शुल्क बैंक ड्राफट/डिमांड ड्राफट/नकद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर के नाम हो, जमा कर अथवा नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक–11.06.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर के कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक–11.06.2026 को अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि/गठित कमेटी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर के कार्यालय में अपरान्ह 16.00 बजे खोली जायेगी। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। सामान्य नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है। कार्यालय बन्द होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार है:–

| लाट संख्या | कार्य का विवरण ( धनावंटन की प्रत्याशा में ) | कार्य की मात्रा (घन मी0) | अनुमानित धनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू0 में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Carriage & Providing of Pea Gravel size 2.00mm to 3.35mm for 02 Nos. of STW from Lalkuan Quarry, Haldwani to District-Kanpur Nagar under the project 1750 R&R as per bill of quantity. | 104 | 6.76 | 13600 | 120 दिन | 225+ जी.एस.टी +500.00 स्टेशनरी चार्ज | यॉत्रिक "ए" श्रेणी या उच्च |
| 02 | Carriage & Providing of Pea Gravel size 2.00mm to 3.35mm for 02 Nos. of STW from Lalkuan Quarry, Haldwani to District-Kanpur Dehat under the project 1750 R&R as per bill of quantity. | 104 | 6.61 | 13300 | 120 दिन | 225+ जी.एस.टी +500.00 स्टेशनरी चार्ज | यॉत्रिक "ए" श्रेणी या उच्च |
| 03 | Carriage & Providing of Pea Gravel size 2.00mm to 3.35mm for 02 Nos. of STW from Lalkuan Quarry, Haldwani to District-Etawah under the project 1750 R&R as per bill of quantity. | 104 | 6.35 | 12700 | 120 दिन | 225+ जी.एस.टी +500.00 स्टेशनरी चार्ज | यॉत्रिक "ए" श्रेणी या उच्च |
| 04 | Carriage & Providing of Pea Gravel size 2.00mm to 3.35mm for 02 Nos. of STW from Lalkuan Quarry, Haldwani to District-Farrukhabad under the project 1750 R&R as per bill of quantity. | 90 | 4.73 | 9500 | 120 दिन | 150+ जी.एस.टी +500.00 स्टेशनरी चार्ज | यॉत्रिक "ए" श्रेणी या उच्च |

(सुजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

उ0प्र0 251899 दिनांक– 29.05.2026
Website: www.upgov.nic.in

### छप्पर गिरने से वृद्ध की मौत

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिलमी गढ़वा में गुरूवार की देर रात आंधी-पानी के दौरान छप्पर गिरने से 38 वर्षीय वृद्ध की दबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिलमी गढ़वा गांव निवासी विशेषण प्रसाद का पुत्र त्रिवेणी प्रसाद गुरूवार की देर रात घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहा था तभी देर रात आंधी-पानी के दौरान छप्पर उसके ऊपर गिर गया जिससे वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## भाकियू (टिकैत) ने मनाई चै. चरण सिंह की पुण्यतिथि



**- मुरादाबाद के किसानों को बिना शर्त जेल से रिहा किए जाने की मांग**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने चै0 चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाते हुए गोष्ठी में उन्हें याद किया तत्पश्चात मासिक बैठक में मुरादाबाद के किसानों को बिना शर्त जेल से रिहा किए जाने की मांग उठाई। कार्यक्रम का आयोजन नहर कालोनी परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रामदत्त मिश्र ने शिरकत की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी ने की। उपस्थित पदाधिकारियों व किसानो ने सर्वप्रथम चैधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई। मासिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव श्री मिश्र ने कहा कि सात जून को मुरादाबाद के 24 किसानों को जेल से बिना शर्त रिहा किए जाने की समय सीमा समाप्त होगी। राष्ट्रीय नेतृत्व का जो भी आदेश होगा उसका अनुपालन किया जाएगा। हरिद्वार में 19, 20 व 21 जून को आयोजित होने वाले चिंतन शिविर में संगम एक्सप्रेस से सभी किसान 18 जून को रवाना होंगे। बैठक में मांग किया कि किसानों के यहां लगे स्मार्ट मीटर बदलकर पुराने मीटर लगाए जाएं। आंधी-तूफान से खराब हुई विद्युत लाइनों को दुरुस्त किया जाए। बैठक के दौरान मो0 नसरद, काशी प्रसाद, हरीलाल, पप्पू सिंह, शैलेन्द्र सिंह चैहान, राजू सिंह, कल्लू सिंह, जितेन्द्र त्रिपाठी, राम आसरे, साधना मिश्रा, अखिलेश सिंह, विजय सिंह, सत्यजीत सिंह, बबलू सिंह चैहान, कुंदन सिंह, प्रशांत सिंह, मुशीर अहमद आदि मौजूद रहे।

## काजी-ए-शहर का मस्जिदे अक्सा में हुआ इस्तकबाल

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** नए काजी-ए-शहर मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन के इस्तकबाल में शुक्रवार को शहर के आजाद नगर मोहल्ला स्थित मस्जिद अक्सा में जुमे की नमाज के बाद एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए मुबारकबाद पेश की। बताया जाता है कि कुछ दिनों पूर्व जिले भर के उलेमाओं और मौलानाओं की सहमति से मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन को जिले का नया शहरकाजी नियुक्त किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर उनका इस्तकबाल किया।

काजी-ए-शहर मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन ने अवाम को मुखातिब करते हुए कहा कि शहर और समाज के लोगों ने उनके कंधों पर जो जिम्मेदारी रखी है, उसे वह पूरी ईमानदारी, अमानतदारी और



खिदमत के जज्बे के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को सही राह दिखाने और आपसी भाईचारा कायम रखने के लिए सभी लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज और कौम के लोगों को जब भी उनकी जरूरत पड़ेगी, वह हर वक्त उनके साथ खड़े मिलेंगे। कार्यक्रम के दौरान मस्जिदे अक्सा के पेश इमाम हाफिज रिजवान की ओर से आयोजन कराया गया। इस मौके पर मौलाना मुंसीफ रजा, मो0 कमर, अतीक अहमद, हाजी फरीद, जमीरुल, मुजीब, अफसर सिद्दीकी, राज सिद्दीकी, राशिद, शब्बीर सलमानी, कमर अंदौली, रजा आलम, शाहरुख सलमानी, मो0 साहिब, मो0 शाकिब, मो0 अफ्फान आदि मौजूद रहे।

### सीसीटीवी फुटेज के बावजूद नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। शहर क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दबंगों पर मारपीट, छिनैती और फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है, इसके बावजूद पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। राधानगर थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी गुड़िया पत्नी रमेशचन्द्र गुप्त ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 21 मई 2026 की रात करीब 9 बजे उसका बेटा ई-रिक्शा से राशन लेकर लौटा था। रिक्शा खड़ा करने के विवाद में दबंग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने महिलाओं के साथ अभद्रता की, सोने की चेन छीन ली तथा जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोप है कि एक युवक ने अवैध तमंचे से फायर भी किया, हालांकि गोली मिस हो गई जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद दबंगों ने घर में घुसने और तोड़फोड़ का प्रयास भी किया। महिला का आरोप है कि उसने डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। वहीं दूसरी ओर विपक्षियों के प्रभाव में आकर उन्हीं के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई और दर्ज मुकदमे को समाप्त कराने की मांग की है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, आईजी प्रयागराज रेंज और जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि भेजकर न्याय दिलाने की मांग की है।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर मेडिकल कॉलेज में हुई जागरूकता गोष्ठी

**- आकर्षण का पर्दाफाश- निकोटीन और तम्बाकू की लत का मुकाबला थीम पर छात्रों को किया जागरूक**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 31 मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह मेडिकल कॉलेज में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, युवाओं में बढ़ती लत और समाज पर इसके घातक प्रभावों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ. राजेश कुमार मौर्या ने किया। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 1987 में तम्बाकू सेवन से बढ़ती मौतों और बीमारियों को देखते हुए विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी, जिसे वर्ष 1988 से प्रत्येक वर्ष 31 मई को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं और बच्चों को तम्बाकू की लत से बचाना, धूम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के उपयोग को कम करना तथा सार्वजनिक स्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाना है। उप प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि भारत में कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण तम्बाकू सेवन है। उन्होंने बताया कि सेकेंड हैंड स्मोक यानी दूसरे के धुएं से भी लोगों को गंभीर स्वास्थ्य नुकसान पहुंचता है। नोडल अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार ने कहा कि गुटखा, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की लत मुख्य रूप से निकोटीन के कारण होती है। यदि व्यक्ति दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ इसे छोड़ने का प्रयास करे तो मात्र दो से तीन सप्ताह में इस आदत को बदला जा सकता है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू छोड़ने की प्रक्रिया शुरू होने के 72 घंटे के भीतर निकोटीन शरीर से बाहर निकलने लगता है। जिला अपर शोध अधिकारी महेन्द्र सिंह लोधी ने भी जागरूक किया। उत्तर प्रदेश वॉलेंट्री हेल्थ एसो. के रीजनल कोऑर्डिनेटर ने कहा कि तम्बाकू सेवन जानलेवा साबित हो सकता है। अंत में मेडिकल कॉलेज के 86 छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ ली और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

### भाजपा कार्यालय में 12 साल, विश्वास, विकास और जनकल्याण के अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। भाजपा जिला कार्यालय में बृहस्पतिवार को 12 साल, विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में केंद्र की भाजपा सरकार के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल और देश के लिए समर्पित विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति देशवासियों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन को मजबूत करने के लिए आगामी 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से 21 जून (विश्व योग दिवस) के मध्य एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 9 प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपनी जिम्मेदारियों को सकारात्मक रूप से निभाने का आह्वान किया। अध्यक्षता नीरज सिंह ने की और संचालन अभियान के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष उदय लोधी द्वारा किया गया। इस अभियान में सुनीता गुप्ता, अरिमर्दन सिंह और मधुराज विश्वकर्मा सह-संयोजक के रूप में दायित्व संभाल रहे हैं। इस अवसर पर जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह सहित पार्टी के समस्त जिला पदाधिकारी, मोर्चों के जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## रेलवे का कॉपर वायर काटने वाला इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

- पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहा था हिस्ट्रीशीटर अलीरजा
- पैर में गोली लगते ही खुल गया अंतर्जनपदीय चोरी गैंग का राज

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। थाना कल्यानपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। निर्माणाधीन न्यू मलवां रेलवे स्टेशन से कॉपर वायर चोरी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य, 25 हजार रुपये के इनामी और हिस्ट्रीशीटर बदमाश अलीरजा को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, कारतूस, चोरी का कॉपर तार, पैशन प्रो मोटरसाइकिल, एंड्रॉयड मोबाइल और नगदी बरामद हुई है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बिंदकी के नेतृत्व में थाना कल्यानपुर पुलिस टीम वांछित अभियुक्तों की तलाश में क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अपराधी अलीरजा चैडगरा चैराहे के पास किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की, लेकिन खुद को घिरता देख बदमाश मोटरसाइकिल से भागने लगा और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अलीरजा के पैर में गोली लग गई और वह सड़क पर गिर पड़ा।

पुलिस ने घायल बदमाश को मौके पर ही गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी पिंटू सिंह चैहान और अन्य सदस्यों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह चलाता है, जो रेलवे स्टेशन, सिग्नल और अन्य स्थानों की रेकी कर कॉपर केबल और अर्थिंग पट्टियां चोरी करता था। गिरोह के सदस्य घटना के दौरान सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी निकाल लेते थे, ताकि कोई साक्ष्य न बच सके। आरोपी ने बताया कि गिरोह का सरगना पिंटू पहले रेलवे में काम कर चुका है, जिसके कारण उसे रेलवे सिस्टम की पूरी तकनीकी जानकारी है। चोरी किए गए कॉपर तार और अन्य सामान को अलग-अलग जगह बेचकर रकम आपस में बांट ली जाती थी। पुलिस के मुताबिक 10 नवंबर 2025 को डीएफसीसीआईएल न्यू मलवां रेलवे स्टेशन के गोदाम से कॉपर वायर चोरी होने के मामले में थाना कल्यानपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी मामले में अलीरजा वांछित चल रहा था।

इस गिरोह के सदस्य हरिओम शुक्ला और निर्भय सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार आरोपी अलीरजा पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम चैरेहा थाना बिंदकी का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ फतेहपुर और कानपुर नगर समेत विभिन्न जनपदों में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### एक बिखरते परिवार को जोड़ने में मिली सफलता

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत चलाए जा रहे साथ-साथ कार्यक्रम के तहत परिवार परामर्श केंद्र में एक बिखरते परिवार को फिर से जोड़ने में सफलता मिली। परिवार परामर्श केंद्र में आयोजित काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी के बीच चल रहे वैचारिक मतभेद और आपसी मनमुटाव को दूर कराया गया। प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह एवं काउंसलर कविता रस्तोगी ने दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनते हुए समझौता कराया। काउंसलिंग के बाद दंपति ने पुराने विवाद भुलाकर दोबारा साथ रहने पर सहमति जताई। इस दौरान महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा भी मौजूद रहीं। पुलिस विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान टूटते परिवारों को जोड़ने और आपसी रिश्तों में मधुरता कायम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

### बिंदकी कोतवाली में एसपी ने की जनसुनवाई

- परिसर का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बिंदकी, फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को बिंदकी कोतवाली पहुंचकर जनसुनवाई की और आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान फरियादियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता का विश्वास पुलिस व्यवस्था पर बना रहे। जनसुनवाई के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने थाना बिंदकी का गहन निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, बैरक, पुलिस आवास, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय, शस्त्रागार, भोजनालय, मिशन शक्ति कक्ष, मालखाना और हवालात समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने, परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था संबंधी कार्यों को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए।

- व्यापार बंधु की बैठक में सीडीओ के सख्त निर्देश

## व्यापारियों का कराएं शत-प्रतिशत पंजीकरण, बाल श्रम पर रखें पैनी नजर

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सीडीओ ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने राज्य कर उपायुक्त को निर्देशित किया कि व्यापारियों के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी व्यापारी सरकारी लाभ से वंचित न रहे। साथ ही, उन्होंने राज्य कर, बैंक और बांट-माप विभाग को आवश्यकतानुसार व्यापारियों के बीच जागरूकता कैंप लगाने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने व्यापार को सुदृढ़ करने और व्यापारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने राज्य कर उपायुक्त को निर्देशित किया कि जिन व्यापारियों का पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है, उनका प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण कराया जाए। इसके अतिरिक्त, सहायक श्रमायुक्त को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बाल श्रम रोकने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि यदि व्यापारियों को कहीं भी बाल श्रम की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें, उनकी गोपनीयता पूरी तरह बरकरार रखी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से व्यापारियों की शिकायतों और सुझावों पर संवेदनशीलता के साथ अमल करने को कहा।

बैठक में व्यापारिक उन्नति और एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान जोनल सूक्ष्म एवं लघु उद्यम परिषद प्रयागराज के प्रतिनिधि ने एम.एस.एम.ई. विकास अभियान-2026 के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इससे मिलने वाले लाभों की प्रक्रिया को साझा किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त राज्य कर, उपायुक्त उद्योग, अधिशाषी अभियंता विद्युत (प्रथम), अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय व्यापारी प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने सरकार पर बोला हमला, मंत्रियों-विधायकों की संपत्ति जांच की मांग

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी बलात्कारियों का संगठित समूह बन चुकी है। सरकार अपने मंत्रियों व विधायकों की संपत्ति की जांच कराए। उधर आगरा नगर निगम ने बिजली कंपनी का बकाया माफ करके जनता के धन के साथ खुली लूट की है। केन्द्र व प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई हैं। यह बात शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कही। जिलाध्यक्ष श्री द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है और अब बेशर्मी की सारी सीमाएं पार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मंत्री और विधायक खुद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे हों, वे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग कर रहे हैं, जबकि अजय राय का सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है।

महेश द्विवेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा का मूल मंत्र ही भ्रष्टाचार और बलात्कार है। यदि भाजपा वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है तो पहले अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराए।




उन्होंने दावा किया कि जांच होने पर पिछले नौ वर्षों में हुए भ्रष्टाचार और लूट का सच जनता के सामने आ जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में अजीत पवार पर सत्तर हजार करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप लगाने वाली भाजपा ने बाद में उन्हें अपनी पार्टी में शामिल कर ईमानदार घोषित कर दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि हाल ही में आगरा नगर निगम द्वारा निजी बिजली कंपनी टोरंटो का लगभग 430 करोड़ रुपये बकाया माफ किया गया, जो जनता के धन की खुली लूट है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। श्री गुड्डा ने कहा कि मिड डे मील, सड़क निर्माण, अस्पतालों की दवाइयों और मनरेगा जैसी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। वार्ता में शेख एजाज अहमद, प्रवक्ता इं. देवी प्रकाश दुबे, विधि प्रकोष्ठ चेयरमैन आदित्य श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

- उद्योग बंधु की बैठक में सीडीओ सख्त

### बोले- समय सीमा में निस्तारित हों निवेश मित्र पोर्टल के आवेदन, ऋण वितरण में लाएं तेजी

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं एमओयू क्रियान्वयन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा की गई, जिसमें समय सीमा के बाद भी लंबित पाए गए एक आवेदन को तत्काल निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए गए। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का निस्तारण हर हाल में निर्धारित समय सीमा के भीतर ही सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
सीडीओ ने स्वरोजगार योजनाओं को गति देने के लिए बैंकों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत लंबित पड़े आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत कर ऋण वितरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पादयोजना के अंतर्गत लंबित फाइलों में अधिक से अधिक ऋण स्वीकृति और वितरण कराया जाए। बैठक में मलवां औद्योगिक क्षेत्र में नई विद्युत लाइन निर्माण के शेष कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता को काम जल्द पूरा कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया।
औद्योगिक प्रतिनिधियों द्वारा कैची मोड़ से सर्विस लेन निर्माण तथा इसे यूपीसीड़ा की सर्विस लेन से जोड़ने की मांग उठाई गई। इस पर सीडीओ ने यूपीसीड़ा, लोक निर्माण विभाग, राजस्व, परिवहन विभाग और उद्यमियों की एक संयुक्त टीम को मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने नेशनल हाईवे कानपुर/रायबरेली मार्ग के किनारे निर्माण कार्य हेतु तय दूरी के संबंध में भी संबंधित विभागों से लिखित रिपोर्ट मांगी है। बैठक में जोनल सूक्ष्म एवं लघु उद्यम परिषद प्रयागराज के प्रतिनिधि ने एमएसएमई विकास अभियान-2026 के लाभ और इसकी प्रक्रिया साझा की। इस दौरान उपायुक्त उद्योग, सीओ सिटी, सहायक श्रमायुक्त, जिला उद्यान अधिकारी, सीएफओ आदि उपस्थित रहे।

### व्यापार मंडल की सभी इकाइयां भंग

**फतेहपुर।** उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने बताया कि जिला, नगर, ट्रेड, तहसील, कस्बा की सभी इकाइयां तत्काल प्रभाव से मांग कर दी गई हैं। उन्होने बताया कि जुलाई माह से नई कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा। तत्पश्चात सभी इकाईयों का नवीनीकरण जारी किया जाएगा।

### जीएसटी पंजीयनकर्ताओं को 50 लाख बीमा व मासिक पेंशन की मांग

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रदेश के व्यापारियों की सामाजिक सुरक्षा को लेकर उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश ने बड़ा मुद्दा उठाते हुए जीएसटी पंजीयनकर्ताओं के लिए पचास लाख रुपये दुर्घटना बीमा और मासिक पेंशन योजना लागू करने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा के नेतृत्व में व्यापारियों ने कहा कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग वर्षों तक व्यापार कर सरकार को नियमित रूप से टैक्स अदा करता है, लेकिन आकस्मिक दुर्घटना होने पर व्यापारी परिवार पूरी तरह आर्थिक संकट में घिर जाता है। परिवार के सामने बच्चों की पढ़ाई, इलाज, विवाह और रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो जाता है। व्यापारियों ने कहा कि वर्तमान समय में जीएसटी पंजीयनकर्ताओं के लिए केवल दस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा लागू है, जो मौजूदा परिस्थितियों में बेहद कम है। इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया जाना चाहिए, ताकि व्यापारी परिवारों को सुरक्षा का भरोसा मिल सके। साथ ही व्यापारियों के लिए मासिक पेंशन योजना भी लागू करने की मांग की गई, जिससे वृद्धावस्था में उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके। ज्ञापन में कहा गया कि यदि सरकार व्यापारियों को मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है तो प्रदेश के मध्यम और सूक्ष्म व्यापारी बड़ी संख्या में जीएसटी पंजीयन से जुड़ेंगे। इससे न केवल व्यापारियों का भविष्य सुरक्षित होगा, बल्कि राज्य सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। व्यापार मंडल ने अपनी मांग को राष्ट्रहित, समाजहित, जनहित और व्यापारहित से जुड़ा बताते हुए सरकार से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवचन्द शुक्ला, राजेश सोनी, संजय गुप्ता, अजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, जितेन्द्र यादव उर्फ सोनू यादव, विनोद गुप्ता, रिजवान डियर आदि मौजूद रहे।

### जेवरात व नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

चैडगरा, फतेहपुर। कल्यानपुर क्षेत्र के चैडगरा क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। गर्मी की रातों में चोर नींद का फायदा उठा चपत लगा रहे हैं। कल्यानापुर थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर गांव में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित वीरेन्द्र मौर्य ने चैडगरा चैकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया कि 27 व 28 मई की दरमियानी मध्य रात पीड़ित वीरेन्द्र मौर्य अपने परिवार के साथ खेत में पानी लगाने गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार चोर घर से सोने के कान की झुमकी, नथनी, चांदी की पायल और 20000 रुपये नकद एवं 25 बोरी गेहूं चुरा ले गए। सुबह लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला और चोरी का पता चला। पीड़ित ने बताया कि वह खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता है। इस घटना से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उसने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर चोरी का खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### डीसीएम की टक्कर से चाचा की मौत, भतीजा घायल

- दावत में जा रहे थे बाइक सवार चाचा-भतीजा

बिंदकी, फतेहपुर। अपने घर से दावत में जा रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे को डीसीएम गाड़ी ने तेज टक्कर मार दिया जिसके चलते चाचा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं भतीजा गंभीर घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी कस्बे के खजुहा चैराहे के समीप सम्राट सिनेमा मोड में शुक्रवार की सुबह लगभग 6 बजे डीसीएम गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दुक्खी 57 वर्ष पुत्र कल्लू की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका भतीजा इमरान 26 वर्ष पुत्र रमजान निवासी बलुआपुर धोबिन का पुरवा गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया मौके पर भारी भीड़ लग गई।
घायल इमरान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बताया जाता है कि मृतक चाचा दुक्खी अपने भतीजे इमरान के साथ बाइक द्वारा मलवा थाना क्षेत्र के अढेना गांव एक दावत कार्यक्रम में जा रहे थे तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई। बताया जाता है कि मृतक दुक्खी गांव में ही बकरी पालकर व थोड़ी खेती में काम करके अपना और परिवार का पालन पोषण करता था, जबकि उसका भतीजा इमरान मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। बकरीद के त्योहार के कारण अभी कुछ दिन पहले मुंबई से अपने गांव आया था।

### युवती ने फांसी लगाकर जीवनलीला की समाप्त

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम चक बबुल्लापुर में पारिवारिक कलह से तंग आकर 25 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार चक बबुल्लापुर गांव निवासी स्व0 छेद्दू की पुत्री लक्ष्मी देवी ने घरेलू कलह के चलते देर रात घर के अंदर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जब घर के सभी लोग सो रहे थे। तभी युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो फांसी पर लटका लक्ष्मी का शव देख कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ट्रक पलटने से घायल अधेड़ की मौत

फतेहपुर। विगत बारह दिन पूर्व बांदा जनपद के मरका के समीप अनियंत्रित होकर मौरंग लदा ट्रक पलटने से पिता-पुत्र घायल हो गए थे जहां इलाज के दौरान गुरूवार की शाम पिता की मौत हो गई।

# स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## महंगाई का संकट

दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी बार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी ने तीन दिनो के अंदर ही असर दिखाना शुरू कर दिया। इनके महंगा होने से ढुलाई की दरें बढ़ीं। नतीजन ज्यादातर वस्तुओं की कीमतें और बढ़ गईं। हर बार की दाम बढ़ोतरी के बाद ऐसा ही हुआ। जिस तेजी से चारों बार दाम बढ़े, उससे यह शक होता है कि यह सिलसिला कहीं और आगे न चला जाए। अब जब करीब-करीब हर शहर में पेट्रोल के दाम सौ रुपए लीटर से ज्यादा हो चुके हैं तो आम उपभोक्ता की चिंता स्वाभाविक है। कुछ समय पहले पेट्रोल के कम और सीमित इस्तेमाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के पीछे कारण यह माना गया था कि पश्चिम एशिया तनाव से उपजती जा रही विषम परिस्थितियों से निपटने की कोशिश के तौर पर उन्होंने यह कदम उठाया है। लेकिन अब यह लगता है कि शायद उनको भी दाम बढ़ोतरी का अंदाजा हो गया था। ध्यान रहे कि बिजली की तरह ही पेट्रोल और डीजल ऐसी जरूरत बन चुके हैं जिनके इस्तेमाल में ज्यादा कमी नहीं की जा सकती। ये आज का चलन हो चुकी हैं। ऐसे में ले-देकर जाकर निगाहें सरकार की तरफ ही उठती हैं कि आखिरी समस्या से निपटने के लिए वह क्या कर रही है या क्या कर सकती है। उसके पास एक ही रास्ता है वैकल्पिक उपायों पर काम करने का। हालांकि सरकार दावा भी यही करती रही है कि ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तैयार किए जा रहे हैं लेकिन दो हफ्तों में पेट्रोल डीजल और सीएनजी के दाम जिस तरह बढ़े हैं उससे तो सरकार की कोशिशें सफल होती नहीं दिखाई दे रही हैं। केवल इस दाम बढ़ोतरी के कारण चौतरफा महंगाई बढ़ने का सबसे ज्यादा असर समाज के उसे वर्ग पड़ रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर है और अपनी मूलभूत ज़रूरतें पूरी करने के लिए पूरे दिन संघर्ष करता है। अगर स्थिति को और विषम होने से बचाना है तो सरकार के लिए जरूरी है कि वैकल्पिक रास्ते तैयार करने तथा महंगाई से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की दिशा में प्रयासों को और तेज करे। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म होने की संभावना नहीं दिखाई दे रही है जिसकी वजह से ऊर्जा संकट लगातार गहरा रहा है।

## बच्चों का विकास

जीवन में पठन-पाठन का बड़ा महत्व है। इसीलिए बचपन से ही इसकी आदत विकसित करने पर घर और विद्यालय दोनों जगहों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। बच्चा चूंकि आयु की वजह से चंचल होता है तो इसके लिए विशेष प्रयत्न करने होते हैं। उसमें पढ़ने की संस्कृति विकसित करना बहुत जरूरी होता है। स्कूलों में इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है क्योंकि बच्चों का ज्यादातर समय वहीं गुजरता है तो पढ़ाई में उनका ध्यान भी वहीं केंद्रित होता है। यह शुभ लक्षण है कि प्रदेश सरकार इस बात के लिए पूरी तरह से सजग है और इस पर विशेष रूप से ध्यान दे रही है। नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही विद्यालयों में इसके लिए अभियान तेज कर दिया गया है। सरकार का मानना है कि नियमित पठन से ही विद्यार्थियों की भाषा क्षमता, संवाद कौशल और विश्लेषण शक्ति स्वतः विकसित होती है तो इसके लिए स्कूलों में रीडिंग ऑवर, समाचार पत्र पठन और ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड अभियान को असरदार तरीके से लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही लेखन गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसमें लेखन प्रतियोगिताएं, पुस्तक समीक्षा, कहानी लेखन और समाचार आधारित लेखन कार्यक्रम आयोजित होंगे। वास्तव में पढ़ाई के साथ इन गतिविधियों में भी बच्चों को संलग्न रखने उनकी अकादमिक क्षमता तो तेजी के साथ विकसित होगी ही, उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास भी हो सकेगा। यहां यह बात भी ध्यान रखी जानी चाहिए कि जब विद्यालयों में इस तरह की गतिविधियों को संचालित किया जाने वाला है तो बच्चों के घरों पर उनके माता-पिता को भी इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए ताकि विद्यालय में सीखने के साथ ही घर पर भी इनकी प्रैक्टिस हो सके। ऐसा होने पर वे इनमें तेजी के साथ पारंगत हो सकेंगे। सरकार का यह कार्यक्रम सराहनीय है और उम्मीद की जानी चाहिए कि स्कूलों में इसे सही ढंग से लागू किया जाएगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**गर्मी से बचाव के लिये लोग पियें खूब पानी-मोदी**
खाने की चीजों पर बढ़ी महंगाई कम रुलायेगी!

**एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार**
सैकड़ों बीएलओ यूंही शौकिया मर गये हुजूर!

**गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है प्रदूषण**
हरे पेड़ काटने वाले लोग लैंड डेवेलपर्स हो गये!

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली होगी आधुनिक-केंद्र**
राशन में अब केक पिज्जा खाने को मिलेगा!

**बिल्कुल भरोसे के लायक नहीं है अमेरिका-ईरान**
ऐसे घटिया देश से लड़ने की क्या जरूरत है?

**समुद्र के रास्ते ड्रग्स तस्करी की कोशिश नाकाम**
नेपाल से नैमिषारण्य पहुंचें,कैरियर तैयार हैं!

♦♦♦

# पढ़ाई और परीक्षा के बुरे दिन

**- अजीत द्विवेदी**

इन दिनों पढ़ाई और परीक्षा के बुरे दिन चल रहे हैं। प्राथमिक विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक शिक्षा की गुणवत्ता गिर गई है और बोर्ड परीक्षा से लेकर दाखिले व नौकरी के लिए होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं पर संकट है। अगर पढ़ाई की बात करें तो कोविड महामारी के बाद हुए कई सर्वेक्षणों से पता चला कि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया यानी लर्निंग प्रोसेस में गड़बड़ी हुई है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की स्थिति यह है कि छठी या सातवीं के बच्चे हिंदी की 10 पंक्तियों का शुद्ध पाठ नहीं कर पाते हैं। अपने दर्जे से कई क्लास नीचे के गणित के सवाल हल नहीं कर पाते हैं।

दूसरी ओर उच्च शिक्षा का हाल यह है कि पांच साल तक एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद डॉक्टर लोग एमडी की डिग्री के लिए नीट पीजी की परीक्षा देते हैं तो उनको माइनस 40 तक मार्क्स आ रहे हैं। दो सौ सवाल और आठ सौ अंकों की परीक्षा में इस साल काउंसिलिंग के लिए क्वालिफाइंग परसेंटाइल शून्य कर दिया गया था। चार अंक लाने वालों का तो मेडिकल कॉलेज में दाखिला हुआ, एमडी की पढ़ाई के लिए। समझ सकते हैं कि प्राथमिक कक्षाओं से लेकर मेडिकल की पढ़ाई तक की क्या स्थिति है।

पढ़ाई के साथ साथ परीक्षा के भी बुरे दिन चल रहे हैं। इस साल हुई तीन परीक्षाओं में हुई ग़डबड़ी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार किस तरह से परीक्षा को तदर्थ ढंग से ले रही है और उसका कितना बड़ा नुकसान किशोर व युवा उम्र के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे ताजा मामला सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा का है। इस बार सीबीएसई ने कॉपी जांचने के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम पद्धति अपनाई। इसके तहत 17 लाख से ज्यादा छात्रों की कॉपियों के लाखों पन्ने स्कैन किए गए और उन्हें सिस्टम पर अपलोड किया गया और जांचने वालों ने स्क्रीन पर उन स्कैन की गई कॉपियों को देख कर मार्किंग की। इतना ही नहीं इस बार ऑन स्क्रीन मार्किंग के साथ साथ मार्किंग के तरीके में भी बदलाव किया गया। पता नहीं किस भावना के तहत यह तय किया गया कि इस बार कॉपी जांचने में सख्ती होगी और मामूली गड़बड़ी पर भी नंबर काटे जाएंगे। जैसे किसी छात्र ने आठ की बजाय छह स्टेप में गणित का सवाल हल कर दिया या सभी स्टेप सही हैं परंतु जवाब में गड़बड़ी है या जवाब सही है और स्टेप्स ठीक नहीं हैं तो उनको बहुत कम अंक मिलें हैं। पहले शिक्षक इसमें थोड़ा लचीला रुख रखते थे। इस बार ऐसा नहीं है। इसको अकादमिक फैसला मान कर स्वीकार किया जा सकता है। माना जा सकता है कि अब सीबीएसई बहुत शुद्धतावादी और कट्टर रुख रखेगा।

परंतु इसके अलावा जो गड़बड़ियां हुई हैं वह व्यवस्थागत हैं। मिसाल के तौर पर लाखों पन्नों को स्कैन करके उन्हें अपलोड करते समय बहुत तरह की गड़बड़ी हुई। कई छात्रों की कॉपी का पहला पन्ना तो उनका था परंतु बाकी पन्ने दूसरे छात्र की कॉपी के थे। कई छात्रों की कॉपी के एक ही पन्ने कई बार अपलोड हो गए थे और कई पन्ने छूट गए थे। कई छात्रों की कॉपी के पन्ने ठीक तरह से स्कैन नहीं हुए और धुंधली कॉपी ही अपलोड कर दी गई। इन सारी गड़बड़ियों के बीच शिक्षकों ने पूरी सख्ती से कॉपी जांची। नतीजे आए तो बच्चों और अभिभावकों के हाथ पांव फूल गए।

हजारों बच्चे ऐसे थे, जिन्होंने इंजीनियरिंग में दाखिले के लिए जेईई मेन्स की परीक्षा में 85 या 90 या उससे ज्यादा पर्सेंटाइल हासिल किया है और जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर गए लेकिन 12वीं में 75 फीसदी अंक नहीं आए, जिसकी वजह से वे आईआईटी में दाखिला के लिए जेईई एडवांस की परीक्षा नहीं दे सकेंगे। उनकी दूसरी मुश्किल यह है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अच्छे कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए सीयूईटी की परीक्षा होती है। उसमें पर्सेंटाइल टाई होने पर 12वीं के अंक के आधार पर दाखिले में प्राथमिकता मिलती है।

तभी 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों में से 25 फीसदी यानी चार लाख से ज्यादा छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। परंतु वह काम उनके लिए दुस्वप्न की तरह था। कई दिन तक पुनर्मूल्यांकन के आवेदन के लिए बनी वेबसाइट क्रैश होती रही। पहले तो छात्रों को उसका लिंक नहीं मिला। उन्हें सीबीएसई के ट्विट से लिंक खोलना पड़ रहा था। उसके बाद रजिस्ट्रेशन कराने और फीस जमा कराने के बीच साइट क्रैश हो रही थी। ऑनलाइन आवेदन के समय कई छात्रों से बहुत ज्यादा फीस मांगी गई, जिसे लेकर बोर्ड ने कहा कि उनकी साइट हैक कर ली गई थी। अब बच्चों के पैसे लौटाने की प्रक्रिया चल रही है। आग का दरिया पार करने जैसा काम करके बच्चों ने आवेदन कर दिया और जब कॉपी हाथ में आई तो पता चला कि उनके नाम के साथ दूसरे की कॉपी अपलोड कर दी गई है या खराब ढंग से स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गई है या सही जवाब को भी गलत बता कर नंबर काट दिए गए हैं। सोचें, यह सारी तकलीफें जिन बच्चों से झेली है वे 17 या 18 साल के किशोर हैं। उनके कोमल मन पर हुए असर का सिर्फ अनुमान किया जा सकता है। हैरानी की बात है कि ओएसएम की पूरी प्रक्रिया बिना पायलट प्रोजेक्ट के शुरू की गई। शिक्षकों को कहा गया कि वे काम करते हुए सीखें यानी इस बैच के बच्चों को प्रयोग के लिए गिनी पिग बना दिया गया। इससे पहले मेडिकल में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा हुई। तीन मई को परीक्षा हुई और अगले दिन पता चल गया कि पेपर लीक हो गया था। कई दिन की जांच के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी। इसके बावजूद जब एनटीए के चेयरमैन और डीजी की पेशी संसदीय समिति के सामने हुई तो उन्होंने कहा कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। सोचें, प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोग पेपर लीक में शामिल थे और सीबीआई ने उनको गिरफ्तार किया है। पर एनटीए के अधिकारी कह रहे हैं कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। क्या प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोग एनटीए के सिस्टम के नहीं थे? असल में नीट यूजी परीक्षा की पूरी व्यवस्था ही तदर्थ है और ठेके पर चल रही है। अब 21 जून को फिर लाखों छात्र नए सिरे से परीक्षा देंगे। ये करीब 23 लाख छात्र भी किशोर व युवा उम्र के हैं और उनके मन पर क्या बीत रही होगी इसका भी अंदाजा लगाया जा सकता है।



तीसरी परीक्षा यूपीएससी की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा है। रविवार, 24 मई को इसकी प्रारंभिक परीक्षा हुई। इसमें ऐसे सवाल पूछे गए हैं, जिससे सब हैरान हैं। कई सवाल तो ऐसे हैं, जिनको देख कर लग रहा है कि रट्टा मार कर पढ़ाई करने वालों को चुनने के लिए ये सवाल तैयार किए गए हैं। कई सवाल तो पूरे के पूरे पन्ने के हैं और उनके विकल्पों को देख कर लग रहा है कि किसी ने इतना लंबा सवाल लिख कर विकल्प तैयार करने में दिमाग नहीं लगाया। कहा जा रहा है कि कोचिंग सेंटर वाले जैसी पढ़ाई कराते हैं उससे अलग सवाल पूछा गया ताकि बच्चों का कोचिंग से मोहभंग हो। क्या इससे भी मूर्खतापूर्ण कोई तर्क हो सकता है? क्या यूपीएससी को पता नहीं है कि जैसा सवाल पूछा जाएगा, कोचिंग वाले वैसी पढ़ाई कराने लगेंगे? क्या उसे यह पता नहीं है कि आईएएस, आईपीएस बनने के लिए छात्र कोचिंग करेंगे ही, चाहे कुछ भी हो जाए? बहरहाल, पढ़ाई और परीक्षाओं को लेकर जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं वह सरकार के तदर्थ रवैए को दिखाती हैं। ऐसा लग रहा है कि सरकार को इनकी परवाह नहीं है। ऐसी मानसिकता दिख रही है कि शिक्षा की गुणवत्ता गिरती है तो गिर जाए और परीक्षा में गड़बड़ियां होती हैं तो हो जाए। न तो स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय और न परीक्षा कराने वाली एजेंसियां संरचनागत कमियों को समझ रही हैं और न उन्हें दूर करने की कोशिश कर रही हैं।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

जैसे पतंगा नष्ट होने के लिये ही प्रज्वलित अग्नि में अतिवेग से प्रवेश करते हैं, वैसे ही ये सब प्राणी भी अपने नाश के लिये आपके मुखों में अत्यन्त बढ़े हुए वेग से प्रवेश कर रहे हैं।

लेलिह्यसे ग्रसमानः समन्ता-
ल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलद्भिः।
तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं भासस्तवोग्राः प्रतपन्ति
विष्णो।।30।।

आप उन समस्त लोकों को प्रज्वलित मुखों द्वारा सब ओर से निगलते हुए चाट रहे हैं, उनका आस्वादन कर रहे हैं। हे व्यापनशील परमात्मन् ! आपकी उग्र प्रभा सम्पूर्ण जगत् को अपने तेज से व्याप्त करके तपा रही है। तात्पर्य यह है कि पहले आसुरी सम्पद् परमतत्त्व में विलीन हो जाती है, उसके पश्चात् दैवी सम्पद् का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता इसलिये वह भी उसी स्वरूप में विलीन हो जाती है। अर्जुन ने देखा कि कौरव-पक्ष, तदनन्तर उसके अपने पक्ष के योद्धा श्रीकृष्ण के मुखों में विलीन होते जा रहे हैं। उसने पूछा-

आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो नमोऽस्तु ते देववर प्रसीद।
विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम्
।।31।।

मुझे बताइये कि भयंकर आकारवाले आप कौन हैं? हे देवों में श्रेष्ठ ! आपको नमस्कार है, आप प्रसन्न हों। आदिस्वरूप! मैं आपको भली प्रकार जानना चाहता हूँ (जैसे, आप कौन हैं? क्या करना चाहते हैं?); क्योंकि आपकी प्रवृत्ति अर्थात् चेष्टाओं को नहीं समझ पा रहा हूँ। इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण बोले-

श्रीभगवानुवाच-
कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्तुमिह प्रवृत्तः ।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु
योधाः ।।32।।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्गं समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# हीटवेव का खतरा और ग्लोबल वॉर्मिंग की चेतावनी



**- सुनील कुमार महला**

आज ग्लोबल वार्मिंग का दौर है और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम का सामान्य बदलाव नहीं रह गई है, बल्कि यह एक गंभीर आपदा का रूप ले चुकी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि लगातार बढ़ता तापमान, हीटवेव और जल संकट लोगों के स्वास्थ्य, कामकाज और दैनिक जीवन पर गहरा असर डाल रहे हैं। खासकर उत्तर भारत इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है, जहां कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश का बांदा देश का सबसे गर्म शहर माना गया, जहां तापमान लगभग 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी क्षेत्र भी अत्यधिक गर्मी के कारण चर्चा में रहा, जहां तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर और बाड़मेर, हरियाणा के सिरसा और रोहतक, तथा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और झांसी जैसे शहर भी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। लगातार बढ़ती गर्मी और हीटवेव का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग, कम होती हरियाली और बढ़ता प्रदूषण माना जा रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य, जल संकट और सामान्य जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा दिखाई देने लगा है और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मजदूर, किसान, रिक्शा चालक और खुले में काम करने वाले लोग सबसे अधिक परेशान हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों में डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, हीट स्ट्रोक और अन्य बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।



पाठक जानते होंगे कि भारत इस समय दुनिया के सबसे गर्म देशों में शामिल हो गया है। देश की लगभग 76 प्रतिशत आबादी सामान्य से अधिक गर्मी का सामना कर रही है। हर साल बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम की समस्या नहीं, बल्कि एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है। अस्पतालों में गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक बन गई है। इसी गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट बैठक में सभी मंत्रालयों को हीटवेव से लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ आम नागरिकों से भी मिलकर काम करने की अपील की है, ताकि गर्मी से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

देश के अधिकांश शहर पहले से ही प्रदूषण, कम हरियाली और खराब शहरी योजना जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। महानगरों में तेजी से बढ़ते कंक्रीट के जंगल, वाहनों की अधिकता और बढ़ती आबादी के कारण गर्मी और अधिक महसूस होती है। शहरों में पेड़ों की कटाई और खुले स्थानों की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। गांवों की तुलना में शहरों में तापमान अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। यही कारण है कि लोग रात के समय भी गर्मी से राहत महसूस नहीं कर पा रहे हैं। ये शहर देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख केंद्र हैं, इसलिए लोगों का बाहर निकलना और काम करना जरूरी होता है, जिसके कारण वे हीटवेव का सबसे ज्यादा प्रभाव झेलते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया में 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की गर्मी से होने वाली मौतों में तेजी से वृद्धि हुई है। वास्तव में, गर्मी का असर केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव जल संकट, खेती और बिजली व्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है। कई क्षेत्रों में जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है और लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। नदियां, तालाब और जल स्रोत सूखते जा रहे हैं। किसानों के लिए भी यह समय बेहद कठिन बनता जा रहा है, क्योंकि अत्यधिक गर्मी फसलों की उत्पादकता को प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या भी सामने आ रही है।

अब आवश्यकता इस बात की है कि गर्मी को उतनी ही गंभीरता से लिया जाए, जितनी बाढ़, भूकंप या तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं को दी जाती है। हीटवेव को भी राष्ट्रीय आपदा की तरह समझने और उससे निपटने के लिए व्यापक तैयारी करने की जरूरत है। लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए, अधिक पानी पीना चाहिए और जरूरतमंद लोगों, पशु-पक्षियों तथा बुजुर्गों की सहायता करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी लोगों से अपील की है कि वे गर्मी से होने वाली समस्याओं को नजरअंदाज न करें और दूसरों की मदद के लिए आगे आएं।

## प्रेरक प्रसंग

### खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सिखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

### पीएम की अपील पर प्रेरणा की मिसाल पेश हो

समाचार पत्रों के पृष्ठों पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रियों व नेताओं की तस्वीरे प्रकाशित हो रही है कि पेट्रोलियम पदार्थों की बचत के लिए भारी भरकम काफिले की जगह इक्का-दुक्का गाड़ियों, सामूहिक वाहनों व साइकिल पर सफर कर रहे हैं।यह सब देखकर सुकून का एहसास हुआ। लेकिन यह सुकून राहत देने वाला जब होगा तब यह सामूहिक सफर क्षणिक नहीं दीर्घकालिक हो। केवल चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात की उक्ति चरितार्थ करने वाला सामूहिक सफर न हो। यह तो जगजाहिर है कि अमेरिका इजरायल व ईरान के बीच महासंग्राम चल रहा है। इसके चलते तेल का वैश्विक संकट छाया हुआ है। इस संकट से भारत भी अछूता नहीं है। भारत अपनी जरूरत का कच्चा तेल 88 प्रतिशत के लगभग दूसरे देशों से आयात करता है। जिसका भुगतान भी बहुमूल्य डॉलर में करना होता है। लेकिन युद्ध के कारण सप्लाई चैन प्रभावित हो रही है। ऐसी विषम परिस्थितियों का सामना करने के लिए पेट्रोलियम पदार्थ की बचत करना एक मात्र विकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यही शुभ संदेश दिया है। आम हो या खास, राजा हो या प्रजा, अधिकारी हो या कर्मचारी सभी को आपातकालीन स्थितियों में ही पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों का उपयोग करना चाहिए। सामान्य स्थिति में सार्वजनिक साधनों या साइकिल का उपयोग करना चाहिए, यह भी देशभक्ति का नायाब नमूना हैं। ये जो तस्वीरें प्रकाशित हो रही है, यह महज कुछ समय के लिए नौटंकी/ दिखावा न हों।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# दूध नहीं पीता बच्चा तो उसकी जगह खिलाएं ये आहार



दूध को सम्पूर्ण आहार माना जाता है क्योंकि इसमें प्रोटीन भी है, कैल्शियम भी है, कार्बोहाइड्रेट, फैट और विटामिन जैसे कई ऐसे पोषक तत्व है जो हमारी बॉडी के लिए बहुत जरूरी होते हैं इसलिए तो कहा जाता है कि दूध जरूर पीएं। तो चलिए इस बारे में आपको बताते हैं- दूध की दगह इन चीजों को करें बच्चे की डाइट में शामिल- जैसे दूध की जगह बच्चे को दही दें। हंग कर्ड बनाकर दे सकते हैं। पनीर बहुत हैल्दी होता है। दूध को पनीर के रूप में बच्चों की डाइट में शामिल कर सकते हैं। योगर्ड स्मूदीज बनाकर दे सकते हैं। आप दूध की ऑप्शन में कुछ और हैल्दी फूड भी शामिल कर सकते हैं जिसमें दूध जैसे ही न्यूट्रिशंस मिलते हैं, जैसे - ब्रोकली खानें को दें। कॉकोनेट मिल्क, बादाम मिल्क या सोया मिल्क उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह भी दूध जैसे ही पोषण देते हैं। टोफू अगर आपके बच्चे को टेस्टी लगता है तो इसे शामिल करें। बीन्स और दालें उनकी डाइट में शामिल करें। क्योंकि बीन्स और दालों में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन भरपूर होते हैं। अगर बच्चा अभी 1 साल से छोटा है तो दाल का पानी और इनकी प्यूरी बना कर दी जा सकती है। जो बच्चों को नॉन-वेज खिलाने के इच्छुक रहते हैं। वह फिश उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। चिकन-अंडा उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। हालांकि इसे कैसे, कब और कितनी मात्रा में देना है इस बारे में एक्सपर्ट या डॉक्टर की राय जरूर लें। हंग कर्ड को आप घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे रेडी करने के लिए दही को मलमल के कपड़े में बांधकर टांग दिया जाता है ताकि इसका सारा पानी निकल जाए। जब सारा एक्सट्रा पानी निकल जाता है तो इससे गाढ़ा दही मिलता है। इस तैयार दही को ही हंग कर्ड कहते हैं

# बच्चों को खुद करने दें समस्या को हल, बढ़ेगा आत्मविश्वास

*अक्सर प्यार में हम बढ़ते बच्चों का हर काम कर देते हैं और उनकी सुविधा के लिए उनका हर संभव प्रयास हम बिना बोले करते जाते हैं। कई बार हम उन्हें प्रॉब्लम से बचाने के लिए वह बातें भी सिखाना शुरू कर देते हैं, जो शायद वे अपने एक्सपीरियंस से खुद सीख सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि अगर आप उन्हें हर बात न सिखाएं और खुद अपनी समस्याओं का हल निकालने दें, तो इससे उन्हें क्या फायदा मिलेगा और उनकी पर्सनैलिटी डेवलपेंट पर क्या असर पड़ेगा? जानिए फायदे।*



-जब बच्चे समस्याओं का समाधान खुद खोजते हैं, तो उनके अंदर आत्मनिर्भरता का विकास होता है। इसलिए उन्हें अपने तरीके से चीजों को आजमाने का अवसर दें, जिससे वे अपने निर्णय खुद ले सकें।

-बच्चों को यह समझने का मौका दें कि उन्हें अपने विचारों पर विश्वास करना चाहिए। इससे उनकी सोचने और तर्क करने की क्षमता बढ़ती है। मसलन, अगर वे पजल नहीं सॉल्व कर पा रहे तो खुद बना देने के बजाय उन्हें हिंट्स दें। -जब बच्चे अपने निर्णय खुद लेते हैं और उनके परिणामों का सामना करते हैं तब वे जिम्मेदार बनते हैं। उन्हें अपनी गलती से सीखने दें, जिससे वे भविष्य में और बेहतर निर्णय ले सकें। -बच्चों की जिज्ञासा को जीवित रखना जरूरी है। अगर वे कुछ पूछें तो तुरंत जवाब देने से बेहतर होगा कि उन्हें उस विषय पर सोचने और और जवाबों की खोज करने के लिए मोटिवेट करें। जिससे नए विषयों और अवधारणाओं के प्रति रुचि विकसित कर सकें। -यह बात समझने का प्रयास करें कि जब बच्चे समस्याओं का सामना करते हैं, तो उन्हें सही समाधान ढूंढने का अवसर मिलता है। इसलिए अपनी बातें या समझ उन पर थोपने की बजाय बिना किसी हस्तक्षेप के उन्हें चुनौती का सामना करने दें। -उन्हें सीखने के प्रोसेस में जानें दें। बच्चों को समय दें कि वे सीखें और अभ्यास करें। अगर आप उन्हें जल्दी करने की सलाह देंगे तो वे अपने अनुभवों से सीख नहीं सकेंगे। -जब बच्चे खुद समाधान खोजते हैं, तो उन्हें सेल?फ मोटिवेशन मिलता है। यह उन्हें आत्म-सम्मान और संतोष प्रदान करता है। इस तरह वे हाइपर एक्टिविटीज से दूर रहते हैं और शांति से अपना काम करते हैं। इन बातों को ध्यान में रखें तो बच्चे अच्छी सोच समझ रखने वाले, प्रॉब्लम सॉल्वर और सक्रिय इंसान बनते हैं। अपने बच्चों को स्वतंत्रता दें, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

## रेड, येलो और ग्रीन ट्रैफिक लाइट्स

कहानी




एक बार की बात है, सिग्नल टाउन नाम का एक छोटा-सा शहर था जहाँ ट्रैफिक लाइट्स सिर्फ गाड़ियों को नहीं, बच्चों को भी सीख देती थीं। इस टाउन में रहती थीं तीन ख़ास लाइट्स - रेड दीदी, येलो भैया और ग्रीन छोटी। ये तीनों हर दिन स्कूल के बाहर लगी रहती थीं, बच्चों को सिग्नल देतीं, लेकिन एक दिन उन्होंने कुछ नया करने की सोची।

**● रेड दीदी – रुको और सोचो**

रेड दीदी बहुत शांत थीं। जब भी कोई बच्चा जल्दी में होता या गलती करने वाला होता, वो चमक उठतीं और कहतीं - रुको! पहले सोचो, फिर आगे बढ़ो।

एक दिन, एक बच्चा - विशाल बिना देखे सड़क पार कर रहा था। तभी रेड दीदी ने तेज़ चमककर कहा, विशाल! अगर तुम सोचोगे नहीं, तो चोट लग सकती है। विशाल रुक गया और देखा कि एक तेज बाइक आ रही थी। उसने रेड दीदी का धन्यवाद किया और समझा कि ज़िंदगी में भी कई बार रुकना ज़रूरी होता है।

**● येलो भैया – तैयार रहो**

येलो भैया बहुत समझदार थे। उनका काम था बच्चों को चेतावनी देना कि आगे कुछ बड़ा होने वाला है। विशाल एक बार स्कूल में क्रिकेट खेलने जा रहा था। उसका मन नहीं लग रहा था, लेकिन येलो भैया ने धीरे से कहा - विशाल, तैयार हो जाओ। जो आने वाला है, वो तुम्हारे लिए खास हो सकता है।

विशाल ने ध्यान दिया, और अगले ही पल उसे टीम में ओपनर बना दिया गया! उसने शानदार बैटिंग की और उसकी टीम जीत गई।

**● ग्रीन छोटी – आगे बढ़ो**

ग्रीन छोटी सबसे चुलबुली और पॉजिटिव लाइट थीं। जब भी कोई बच्चा डरता या हिचकिचाता, वो ग्रीन हो जातीं और कहतीं - चलो! अब आगे बढ़ने का समय है। विशाल एक बार स्कूल में भाषण देने से डर रहा था। तभी ग्रीन छोटी मुस्कराई और बोलीं, विशाल, डर छोड़ो। अब समय है चमकने का! विशाल ने हिम्मत जुटाई, स्टेज पर गया, और पूरे स्कूल ने उसके भाषण पर तालियाँ बजाईं। विशाल को अब समझ आ गया था

**● रेड दीदी सिखाती हैं – रुकना ज़रूरी है।**

**● येलो भैया बताते हैं – पहले से तैयार रहो।**

**● ग्रीन छोटी कहती हैं – समय आने पर डरना नहीं, आगे बढ़ो।**

अब वो हर दिन ट्रैफिक लाइट्स की बातों को याद करता और ज़िंदगी के हर मोड़ पर सोच-समझकर निर्णय लेता।

**सीख–** ट्रैफिक लाइट्स की कहानी हमें सिखाती है कि सही समय पर रुकना, सोच-विचार करना और फिर पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ना - यही जीवन की असली ट्रिक है।

# लाडलों की हैं गर्मी की छुट्टियां, आपकी नहीं कैसे बनाएं काम और परिवार में संतुलन



बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार रहता है। छुट्टियों में उन्हें पूरा आराम और खेलने का मौका मिल जाता है, वहीं माता पिता के लिए खासकर वर्किंग पेरेंट्स की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। उनके लिए दफ्तर और परिवार के बीच संतुलन बनाना चुनौती होती है।जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।

**पहले से करें छुट्टियों की प्लानिंग–**गर्मियों की छुट्टियों की तारीखें पहले से तय होती हैं। ऐसे में अपने ऑफिस वर्कलोड को प्लान करें। अगर संभव हो तो एक-दो छुट्टियां बच्चों के साथ बिताने के लिए रखें।

**बच्चों के लिए बनाएं डेली रूटीन–** बच्चों के लिए एक टाइम टेबल बनाएं जिसमें खेल, पढ़ाई, क्रिएटिव एक्टिविटी और आराम शामिल हो। इससे वे व्यस्त रहेंगे और आपको भी अपने काम के लिए समय मिलेगा।

**बच्चों की लें मदद–** बच्चों को छोटा-मोटा काम देकर उन्हें व्यस्त और जिम्मेदार बनाएं। जैसे, डेस्क की सफाई, पानी की बोतल भरना, अपने खिलौने समेटना आदि। इससे बच्चे व्यस्त भी रहेंगे और आपको काम में मदद भी मिल जाएगी।

**वीकेंड बनाएं खास–**अगर सप्ताह की शुरुआत में आप व्यस्त हैं तो वीकेंड पर बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाएं। हर वीकेंड पर उनके साथ पार्क जाएं या साथ में किचन में कुछ बनाएं, मूवी देखें या गेम्स खेलें आदि।

**परिवार की मदद लें–**अगर आपके पास दफ्तर का बहुत अधिक काम है तो परिवार के दूसरे सदस्यों, अपने पार्टनर या दोस्तों की मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। बच्चे को उसके नाना नानी या दादा दादी संग वक्त दें ताकि उनकी छुट्टियां भी मजेदार गुजरें और आपका काम भी हो सके।

# कम उम्र में ही बच्चों को सिखाएं ब्रश करने का सही तरीका



अक्सर पेरेंट्स बच्चों की ओरल हाइजीन को इग्नोर कर देते हैं। जिसकी वजह से अक्सर उनके दांत खराब होने लगते हैं। ऐसे में बच्चों के मुंह की सफाई का खास ख्याल पेरेंट्स को रखना चाहिए। यहां हम बता रहे हैं बच्चे को ब्रश करवाने का सही तरीका और उनके लिए सही टूथ ब्रश कैसे चुनें। **बच्चों को ऐसे सिखाएं ब्रश करने का तरीका :** 6 महीने की उम्र से ही बच्चों के दांत निकलने लगते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को हाइजीन का खास ख्याल रखना चाहिए। बच्चे को दिन में दो बार ब्रश करवाएं। बच्चे के मुंह में जोर से रगड़कर साफ करने की बजाए हल्के हाथों से ब्रश को घुमाएं। शुरुआत में बच्चे को रोज एक ही जगह पर बिठाकर ब्रश करवाएं। उन्हें सुबह जगते ही ब्रश करवाएं। इसी के साथ रात में खाना खाने के बाद भी बच्चे को ब्रश जरूर करवाएं। इससे दातों में सड़न की समस्या नहीं होगी।

**बच्चे के लिए कैसे चुनें टूथब्रश**

बच्चों के लिए ब्रश खरीदते समय आपको कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए। जैसे बच्चों का टूथब्रश सॉफ्ट और नर्म होना चाहिए। बच्चों को रोजाना ब्रश करवाना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में एक ऐसा ब्रश चुनें जो कलरफुल हो जो बच्चों को अट्रैक्ट करे। अगर ब्रश आकर्षित होगा तो इससे बच्चों का ब्रश करने का मन होगा। कई बार पेरेंट्स बच्चों को साल भर तक एक ही ब्रश का इस्तेमाल सालभर के लिए करते हैं। ऐसे में आपको इस बात का ध्यान रखना होगा की बच्चों का ब्रश 3 महीने के बाद बदलना चाहिए।

# अपने घर पर पड़े वेस्ट से बेस्ट चीजें बनाने के मजेदार तरीके

घर पर ऐसी कई चीजें पड़ी होती हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। आप अपने घर को सजाने के लिए बेकार चीजों का उपयोग कर सकते हैं। हम प्रोजेक्ट बनाने के लिए इन चीजों का उपयोग कर सकते हैं। हम कई चीजों को बनाने के लिए बेकार चीजों का फिर से उपयोग कर सकते हैं। **वेस्ट चीजें अलग-अलग प्रकार की हो सकती हैं :-** **आर्गेनिक वेस्ट:** जैसे कि रसोई वेस्ट, सब्जियों, फूलों, पत्तियों, फल। **टॉक्सिक वेस्ट:** जैसे कि पुरानी दवाएँ, पेंट, रसायन, जूता पॉलिश, बल्ब, बैटरी। **फिर से इस्तेमाल किया जाने वाला वेस्ट :** जैसे कागज, कांच, प्लास्टिक। बेकार चीजों का उपयोग करके आप किस प्रकार की चीजें बना सकते हैं? बेकार चीजों का फिर से इस्तेमाल करना और उसमें से नई चीजें बनाना एक अच्छा विचार है। हम बेकार चीजों से बहुत सारी उपयोगी चीजें बना सकते हैं और इन चीजों का उपयोग करके अपने घर को सजा सकते हैं। आप अपने बच्चों के लिए खिलौने जैसी चीजें बना सकते हैं। जब हम बेकार चीजों का सही तरीके से उपयोग करते हैं तो यह हमारे और हमारे आसपास के लिए बहुत अच्छा हो सकता है। यह आपके घर में बने कचरे को कम करने का एक अच्छा तरीका है। यह आपके बच्चों को बेकार की चीजों से नई चीजें बनाने में व्यस्त रखने का सबसे अच्छा तरीका है। क्राफ्ट्स को बनाने और अपने बच्चों को व्यस्त रखने के लिए घर के वेस्ट को उपयोगी बनाने के 27 तरीके यहां दिए गए हैं। **मोज़े का स्नोमैन :** कभी-कभी आपका बच्चा एक मोजा खो देता है और उसकी जोड़ी बेकार हो जाती है। एक तरीका है ताकि आप उसको एक स्नोमैन में बदल सकें।

# बनाएं अपने बच्चों को इमोशनली स्ट्रांग

पेरेंट्स इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि उनके बच्चे को छोटी सी भी बात बर्दाशत नहीं होती है। वो बहुत जल्दी रोने लगता है। लेकिन इसके लिए उनको दोषी ने ठहराएं, उनकी कोई गलती नहीं है। ऐसा पेरेंटिंग स्टाइल में कमी होने की वजह से होता है कि बच्चे इमोशनली स्ट्रॉग नहीं बन पाते हैं और बात- बात में रोने लगते हैं। इसके पीछे की वजह स्कूल में उसकी किसी परेशानी का झेलना भी हो सकता है। ऐसे में उन्हें डांटने के बजाए, उनकी परेशानी को समझने की कोशिश करें, ताकि वो मेंटली स्ट्रॉग बने। **बच्चों की बात सुनें :** जब वो आपसे कुछ कहे तो उसे ध्यान से सुनें। उनकी बातों को अहमियत दें। ऐसे में वो सम्मानित महसूस करेंगे और उन्हें लगेगा की कोई उन्हें सुन और समझ रहा है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और मानिसक तौर पर वो मजबूत बनेंगे। **सिखाएं समस्या का सामना करना :** किसी मुश्किल में फंसने पर उन्हें खुद पर विश्वास करके इससे निकलना सिखाएं। इसके लिए आप उसे फेवरेट हॉबीज में डालें, उसके अंदर प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल डेवलप करें। इससे उनका हौसला बढ़ेगा और वो किसी समस्या से डरेंगे नहीं। **भावनाओं के बारे में करें बात :** उसे समझाएं कि हर किसी को अलग-अलग भावनाएं होती हैं और इसमें कुछ भी बुरा नहीं है। इससे वो दूसरों की भावनाओं को भी समझेंगे। **छोटी- छोटी बातें से सिखाएं खुशी ढूंढना :** छोटी- छोटी सफतलाओं पर भी खुश हो। इससे वो सीखेगा कि हर कदम महत्वपूर्ण है। **बच्चों को भी दें बोलने का अधिकार :** अक्सर यह देखा गया है कि जो बच्चे अपनी बात या अपनी भावनाओं को एक्सप्रेस करना नहीं सीख पाते वे जीवनभर इमोशनली वीक रह जाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को अपनी हर बात बोलने का अधिकार दें और उन्हें अपने इमोशन को शो करने का तरीका बताएं। **दें गलती करने का आजादी :** बच्चे को गलती करने की आजादी दें। अगर आप बात बात पर टोकते हैं और उसे गलत करने से मना करते हैं तो इस तरह वह चीजों को सीख नहीं पाएगा और उसका आत्मविश्वास और भी घट जाएगा।

# बच्चों की ग्रोथ जानने के लिए कराएं ये जरूरी टेस्ट

हर माता-पिता की यह चाहत होती है कि उनका बच्चा सेहतमंद, तंदुरुस्त और अपनी उम्र के हिसाब से अच्छे से विकास करे। बच्चे का कद, वजन, मानसिक विकास और शारीरिक क्षमता सही दिशा में बढ़ रही है या नहीं, यह जानना बहुत ज़रूरी होता है। केवल बाहरी लक्षणों को देखकर अंदाज़ा लगाना हमेशा सही नहीं होता। कई बार बच्चों की ग्रोथ धीमी हो रही होती है लेकिन मां-बाप को इसका पता देर से चलता है। ऐसे में समय-समय पर कुछ ज़रूरी मेडिकल टेस्ट करवा लेना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि बच्चों की सही ग्रोथ जानने और किसी परेशानी की पहचान करने के लिए कुछ बेसिक हेल्थ टेस्ट ज़रूर करवाए जाने चाहिए। ये टेस्ट पोषण, ग्रोथ हार्मोन और शरीर के बाकी ज़रूरी फंक्शन को समझने में मदद करते हैं।

**आइए जानते हैं बच्चों की ग्रोथ चेक करने के लिए कौन–से 5 टेस्ट जरूरी हैं**

**ग्रोथ हार्मोन लेवल टेस्ट–**यह टेस्ट यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि बच्चे के शरीर में ग्रोथ हार्मोन सही मात्रा में बन रहा है या नहीं। अगर ग्रोथ हार्मोन की कमी हो जाए, तो बच्चे की हाइट रुक सकती है और ओवरऑल ग्रोथ भी धीमी हो सकती है। इस टेस्ट से यह भी जाना जा सकता है कि बच्चा अक्सर थका-थका क्यों रहता है, मांसपेशियां कमजोर क्यों हैं और कद क्यों नहीं बढ़ रहा। अगर कोई दिक्कत मिले, तो सही समय पर इलाज शुरू किया जा सकता है।

**थायरॉइड फंक्शन टेस्ट–**थायरॉइड हार्मोन शरीर के विकास और दिमाग की ग्रोथ में बहुत अहम रोल निभाता है। अगर थायरॉइड में गड़बड़ी हो जाए, तो बच्चे की ग्रोथ रुक सकती है, वजन अचानक बढ़ या घट सकता है और बच्चा सुस्त पड़ सकता है। इस टेस्ट से यह भी पता लगाया जा सकता है कि बच्चा पढ़ाई में ध्यान क्यों नहीं दे पा रहा या हर समय थका-थका क्यों लगता है। बच्चों की हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी और कैल्शियम बहुत जरूरी हैं। अगर इनकी कमी हो जाए, तो बच्चे की हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, चलने में देरी हो सकती है और बार-बार मांसपेशियों में खिंचाव या दर्द की शिकायत हो सकती है। इस टेस्ट से हड्डियों की हेल्थ का अंदाज़ा लगता है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट या डाइट में बदलाव किया जा सकता है।

**हीमोग्लोबिन और आयरन लेवल टेस्ट–**

हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी बच्चों में थकान, चिड़चिड़ापन और विकास में रुकावट का कारण बन सकती है। अगर बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है, खाना नहीं खाता या ध्यान नहीं लगाता, तो यह टेस्ट जरूर करवाएं। यह टेस्ट पोषण स्तर और एनीमिया जैसी दिक्कतों की पहचान करता है ताकि सही इलाज शुरू हो सके। **ब्लड शुगर और मेटाबॉलिज्म प्रोफाइल–**यह टेस्ट यह बताता है कि बच्चे का शरीर खाने को कैसे पचा रहा है और ऊर्जा में कैसे बदल रहा है। अगर बच्चा मोटा हो रहा है, बार-बार प्यास लग रही है, कमजोरी महसूस कर रहा है या अचानक वजन बढ़ या घट रहा है, तो यह टेस्ट करवाना जरूरी है। इससे डायबिटीज या मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं का भी पता चलता है।



–ज्योतिषाचार्य–पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 30 मई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, चतुर्दशी तिथौ शनि वासरे 11/59/ विशाख नक्षत्रे 13/12/ शिव योग 29/11/ वणिज करणे 11/59/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.06मि.39पर।

**व्रत एवं त्यौहार–** भद्रा घं.11 मि. 59 से घं.25 मि.07 तक। व्रत की पूर्णिमा।

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**वृष :** व्यस्तता बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रगति होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी कार्य के संबंध होने से प्रभाव बढ़ेगा। धन यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

# बच्चों का ब्रेन शार्प करने के लिए कराएं ये एक्टिविटी



हर माता-पिता अपने बच्चे को पढ़ाई-लिखाई में होशियार होने के साथ-साथ उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। बच्चों को फ्यूचर के लिए हमेशा तैयार और ऊंचे पोजीशन पर देखने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें सही गाइडेंस मिले। सिर्फ खेल-कूद या फिजिकली ही नहीं बल्कि जीवन के हर पड़ाव पर आने वाली मुश्किलों से लड़ने के लिए भी बच्चों को मेंटली मजबूत होना चाहिए। इसके लिए बेहद जरूरी है कि पैरेंट्स टीनएज से ही अपने बच्चों में कुछ एक्टिविटीज की आदत डालें, जिससे वह अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से फोकस करने में सक्षम हो सके। ऐसा करने से फ्यूचर में सफलता प्राप्त करने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए जानते हैं कि पैरेंट्स को बच्चों में वो कौन सी आदत डालनी चाहिए, ताकि उन्हें फ्यूचर के लिए तैयार होने में मदद मिल सके। **रोजाना योग की आदत :** बच्चों को रोजाना कुछ यागासन या मेडिटेशन आदि करवाते रहना चाहिए। इससे न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली स्ट्रॉन्ग होने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा उनमें बचपन से ही एरोबिक्स एक्टिविटी करने की आदत डलवाएं। यह बच्चे को लाइफटाइम के लिए हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। **ब्रेन एक्सरसाइज :** बच्चों की मेमोरी शार्प करने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें ब्रेन एक्सरसाइज करवाते रहें। इसके लिए मार्केट में मिलने वाले गेम जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग पजल, सुडोकु का इस्तेमाल करवाएं। इससे बच्चे में क्रिएटिविटी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, आपका बच्चा मुसीबत आने पर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी आसानी से ढूंढ पाएगा। **टीम वर्क की आदत :** टीम वर्क में काम करना हर व्यक्ति को आना चाहिए। तभी जीवन में सफलता मिलती है। सिर्फ खुद से मतलब रखने वालों को कभी भी सोशल बिहेवियर के बारे में समझ नहीं आता है। इसलिए जरूरी है कि बचपन से ही बच्चों में टीम वर्क की आदत डाल देनी चाहिए।

# जालौन ललितपुर, झांसी

**उपभोक्ता भंडार के पूर्व अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक सभा**

**उरई(जालौन)।** जिला केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लि जालौन उरई के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान संचालक राकेश सिंह राजावत के पिता बृजेंद्र सिंह राजावत निवासी डिकोली का लंबी बीमारी के चलते निधन के उपरांत आज चुखीं रोड स्थित उरई जिला केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लि उरई के कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं संचालकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## खबर एक नज़र



### तेज आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश से क्षेत्र बेहाल पेड़ गिरने से रास्ते बंद किसानों की बढ़ी चिंता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कोंच(जालौन)।** दिन गुरुवार की देर रात मौसम ने अचानक करवट ले ली और तेज आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश ने क्षेत्र में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर गए जिससे आवागमन बाधित हो गया और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सबसे ज्यादा असर तीतरा खलीलपुर-कोंच मार्ग पर देखने को मिला जहां बड़े पेड़ सड़क पर गिरने से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई वहीं देर रात तक राहगीर और वाहन चालक रास्ता खुलने का इंतजार करते रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द रास्ता साफ कराने की मांग की है।

आंधी-तूफान का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में बिजली लाइनें प्रभावित हो गईं जिससे ग्रामीण और नगर क्षेत्रों में घंटों अंधेरा छाया रहा बिजली गुल होने से लोगों को गर्मी और पेयजल जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ा रहा है

वहीं बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है गल्लामंडी में खुले में रखा किसानों का अनाज और अन्य कृषि उत्पाद बारिश में भीग गए किसानों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका है इसके साथ ही खेतों में तैयार खड़ी मूँग की फसल पर भी मौसम की मार का खतरा मंडरा रहा है किसानों का कहना है कि यदि बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहा तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है, ग्रामीण क्षेत्रों में लोग मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं वहीं प्रशासन की ओर से गिरे पेड़ों को हटाकर रास्ते चालू कराने और बिजली व्यवस्था बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बहुजन समाज पार्टी की बैठक आज

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एडवोकेट ने जानकारी देते हुये बताया कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कु. मायावती पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सांसद, राज्यसभा के निर्देशन में एक अति



महत्वपूर्ण मंडलीय बैठक आज प्रातः 11 बजे चंद्रकांता विवाह घर जेल के पास उरई में आयोजित होने जा रही है, जिसमें मंडलीय बैठक के मुख्य अतिथि नौशाद अली पूर्व एम.एल.सी. मुख्य मंडल प्रभारी झांस, चित्रकूट मंडल, कानपुर एवं आगरा के मंडल प्रभारी उपस्थित रहेंगे एवं लालाराम अहिरवार मुख्य मंडल प्रभारी झांसी एवं कानपुर मंडल एवं रामबाबू चिरगईयां मुख्य मंडल प्रभारी झांसी मंडल उपस्थित रहेंगे व मंडल के समस्त मंडल प्रभारीगण, भाईचारा ओ.बी.सी.के समस्त संयोजक जिला की जिला कमेटी एवं महरौनी के समस्त विधानसभा प्रभारीगण, ललितपुर एवं महरौनी के समस्त विधानसभा की विधानसभा कमेटी उपस्थिति रहेगी।

### जनगणना-2027 के प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 प्रगणकों का हुआ सम्मान

**ललितपुर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने हेतु नगर पालिका परिषद के चार्ज अधिकारी अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा लगातार फील्ड भ्रमण कर जनगणना कार्यों की समीक्षा



की जा रही है, इसी क्रम में नगर क्षेत्र के 13 प्रगणकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य पूर्ण किए जाने पर सुपर मार्केट स्थित आई.सी.सी.सी. जनगणना कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चार्ज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी विश्वकर्मा ने कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणकों एवं उनकी निगरानी कर रहे सुपर वाइजरों को फूलमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया व उन्होंने सभी प्रगणकों एवं सुपर वाइजरों की मेहनत, लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बीच घर-घर जाकर जनगणना कार्य को गति देना अत्यंत सराहनीय कार्य है व सम्मानित होने वाले प्रगणकों में ब्लॉक नंबर-186 के चन्द्रमोहन चैबे, ब्लॉक नंबर-246 के प्रवीण सोनी, ब्लॉक नंबर-1 के भगवान सिंह, ब्लॉक नंबर-2 के वीरेन्द्र, ब्लॉक नंबर-81 के चन्द्रविनोद मिश्रा, ब्लॉक नंबर-302 के आदेश, ब्लॉक नंबर-134 की श्रीमती प्रियंका सक्सैना, ब्लॉक नंबर-235 के दिनेश कुमार विश्वकर्मा, ब्लॉक नंबर-129 के मनोहरलाल नामदेव, ब्लॉक नंबर-126 की साधना पटैरिया, ब्लॉक नंबर-127 की श्रीमती मीना जैन, ब्लॉक नंबर-289 की श्रीमती स्मृति सिंह एवं ब्लॉक नंबर-145 के दीपेन्द्र कुमार शामिल रहे इसके साथ ही सुपर वाइजर अनिल पटैरिया, शक्ति सिंह अहिरवार एवं मनोज कुमार को भी सम्मानित किया गया व चार्ज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में भवन गणना का कार्य किया जा रहा है व नगर क्षेत्र को कुल 311 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, जहां प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक प्रगणक एवं उनकी निगरानी हेतु सुपर वाइजर तैनात किए गए हैं व उन्होंने कहा कि अब तक 13 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 298 ब्लॉकों का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने हेतु लगातार मॉनिटरिंग एवं फील्ड निरीक्षण किया जा रहा है व कार्यक्रम के दौरान जनगणना लिपिक हबीब खान, लिपिक अमित पाराशर, फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, अंकित तिवारी, आशीष ,अभिषेक सिंह, देवकी कुशवाहा सहित नगर पालिका परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी द्वारा की जा रही समस्याग्रस्त क्षेत्रों में जलापूर्ति की नियमित निगरानी

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जल संस्थान द्वारा पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में जलापूर्ति की नियमित निगरानी व समाधान हेतु ठोस कदम उठाए जा रहे हैं व भीषण गर्मी और गिरते जलस्तर के दृष्टिगत, अधिशासी अभियंता, जल संस्थान के नेतृत्व में प्रभावित वार्डों व अभावग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है व आज पाइप लाइन के माध्यम से नगर पालिका परिषद में कुल लगभग 45 एमएलडी जल प्राप्त करते हुये उन्हें 26 वार्डो में आपूर्ति करते हुये लगभग 1.74 लाख लोगों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गयी तथा 7 नलकूपों एवं 2 ओपिन वैल के माध्यम से 1 एमएलडी पेयजल आपूर्ति करते हुये लगभग 5000 लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया गया, इसके अतिरिक्त, जिन ऊँचाई वाले क्षेत्रों अथवा पाइप लाइन विहीन बस्तियों में पानी की समस्या है, वहाँ विभाग द्वारा टैंकरों के माध्यम से निःशुल्क जलापूर्ति की जा रही है, जिसमें नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 2 खिरकापुरा में टैकरों के ट्रिप की संख्या 3, वार्ड 15 गांधीनगर के 3, वार्ड 12 व 16 के आजादपुरा 6, वार्ड 11 सिविल लाईन 4 व वार्ड संख्या 25 चैबयाना में टैंकरों के ट्रिप की संख्या 1 इस प्रकार लगभग 46 एमएलडी पानी लगभग 1.74 लाख लोगों को पहुँचाने का कार्य किया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा गयी कुल 196 नग खराब हैण्डपम्पों की सूची एवं पेयजल कन्ट्रोल रूम, तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार जल संस्थान द्वारा वार्डो में 65 खराब हैण्डपम्प सुधारे गये हैं तथा अन्य खराब हैण्डपम्पों के मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में 706 हैण्डपम्प क्रियाशील है, जनसामान्य के लिये पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु कलैक्ट्रट में जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर आपदा प्रबन्धन नियंत्रण कक्ष संख्या-33 में कन्ट्रोल रूम जिसका नम्बर 05176-272613 एवं 9454416374 संचालित हैं, जिसकी प्रभारी श्रीमती आरती देवी आपदा विशेषज्ञ हैं, जिनका मोबाइल नम्बर 9721640079 है, कंट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल समस्याग्रस्त वार्डो में जनता से पेयजल आपूर्ति की स्थिति पर लगातार फीड बैक प्राप्त किया जा रहा है,

## ईद उल-अजहा पर नमाज अता कर मांगी मुल्क में अमन चैन की दुआ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कोंच(जालौन)।** नगर में हर्षोल्लास से ईद उल अजहा बकरा ईद पर मनाया गया कोंच नगर की ईदगाह पर मुस्लिम समुदाय के लोग भारी संख्या में पहुंचे और सुबह 7रू45 पर बकरा ईद की नमाज शुरू की गई मौलाना सगीर साहब ने नमाज अता कराई ईदगाह कमेटी के सदर शमशाद खान के साथ कमेटी के लोगों ने सभी को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी और ईदगाह की इंतजामियां कमेटी ने सभी व्यवस्थाएं चाक चैबंद कराई इसके बाद कुर्बानियों का सिलसिला शुरू हुआ जो कि सारे दिन चलता रहा तीन दिनों तक कुर्बानियों का दौर जारी रहेगा वही ईदगाह पर समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अमित यादव कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी बसपा नगर अध्यक्ष फ़ीरोज खान सहित गुलामांने मुस्तफा सोसाइटी के लोगों ने टेंट लगाकर शीतल पेयजल सभी को पिलाया और सभी राजनीतिक दलों के लोग मौजूद रहे बसपा के विधानसभा प्रभारी आशीष पांडे अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलते नजर आए ईदगाह कमेटी के सदर शमशाद खान मोहम्मद अहमद रंजन बेग शईदअहमद खन्ना ट्रेलर तारुफ हुसैन अहमद खा कडू मामा मुन्ना सादुआ शईद अहमद एडवोकेट चुन्ना नेता नौशाद पठान सहित कमेटी के लोगों ने सभी व्यवस्थाएं चाक चैबंद कराई और शांतिपूर्ण तरीके से बकरा ईद की नमाज संपन्न हुई वहीं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एसडीम हेमंत पटेल सी ओ परमेश्वर प्रसाद नायव तहसीलदार जितेंद्र पटेल कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह नगर पालिका के आर आई सुनील यादव मौजूद रहे वही चैधरी रामसेवक रामानंद कुशवाहा नईम पगड़ी राजकुमार पड़रिया भोलानाथ झा अशफाक गौरी सैफल्ला खा बटी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



**कोंच :** ईदगाह पर नमाज पढ़ते व गले मिलते मुस्लिम समुदाय लोग ।

## भीषण आंधी-तूफान के बाद डीएम-एसपी ने राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाली'



उरई : मेडीकल कालेज में घायलों का हाल पूछते डीएम,एसपी ।

**-दो मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता, घायलों के उपचार एवं क्षति आंकलन के निर्देश**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** जनपद में 28 मई की रात्रि आए भीषण आंधी-तूफान, तेज वर्षा एवं बिजली कड़कने की घटना के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह पूरी रात फील्ड में सक्रिय रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन ने आपदा की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त दवाएं, बेड, बिजली बैकअप एवं मानव संसाधन उपलब्ध रहें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दैनिक क्षति सूचना के अनुसार भीषण आंधी-तूफान की घटना में जनपद में दो लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। शासन की निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त 23 पशुओं की क्षति, 7 व्यक्तियों के घायल होने तथा 45 मकानों के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। कुल 12.88 लाख से अधिक की राहत सहायता प्रभावित परिवारों को प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तावित की गई है।

जिलाधिकारी ने राजस्व, स्वास्थ्य, विद्युत, पुलिस एवं नगर निकाय विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा राहत कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण कई स्थानों पर विद्युत पोल एवं लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनका सर्वे एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से प्राप्त मौसम चेतावनियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार, मुनादी एवं जनजागरूकता के कारण संभावित क्षति को काफी हद तक कम किया जा सका है।

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार, डीएम ने दिए सख्त निर्देश'

**-07 परीक्षा केंद्रों पर 3068 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा,**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।



उरई : परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते डीएम ।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन 31 मई 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 09रू00 बजे से 12रू00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02रू00 बजे से सायं 05रू00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 07 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें गांधी महाविद्यालय उरई, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई, दयानंद वैदिक महाविद्यालय उरई, सनातन धर्म इंटर कॉलेज उरई, सर्वोदय इंटर कॉलेज उरई, आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज उरई एवं राजकीय इंटर कॉलेज उरई शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 3068 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जो केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समन्वय स्थापित कर संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी सहित संबंधित अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं परीक्षा से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अघोषित विधुत कटोती से परेशान शहर वासियों ने डीएम आवास पर दिया धरना

**ललितपुर।** जनपद में पिछले कई दिनों से बड़े पैमाने पर अघोषित विद्युत कटौती चल रही है, जिसको लेकर समूचे जनपद वासी काफी परेशान है, हालांकि विद्युत आपूर्ति को बहाल करवाने के लिए सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश पूर्व में विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक कर चुके हैं, लेकिन विद्युत आपूर्ति लगातार ध्वस्त बनी हुई है व शहरी इलाके में लगातार हो रही विद्युत कटौती से आक्रोशित शहर के लोग रात्रि में अपने बच्चों को लेकर जिला अधिकारी के कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाने की मांग उठाई। जनपद में अघोषित रूप से बड़े पैमाने पर हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर जनपद वासी तरह ही त्राहि कर रहे हैं, इसके साथ व्यापारी और इंडस्ट्रीज कारोबारी भी काफी परेशान नजर आ रहे हैं, कई बार शासन प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री स्तर तक विद्युत कटौती की शिकायतें व्यापारियों के स्तर से की गई, लेकिन जनपद की विद्युत आपूर्ति को सुचारू नहीं कराया गया, जो लगातार ध्वस्त होती जा रही है,

### उपजिलाधिकारी ने कार्यालय में सुनी जन समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माधौगढ़(जालौन)।** तहसील परिसर कार्यालय में उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील में फरियादीओ ने अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन, आवास, विद्युत, जलापूर्ति एवं अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।

उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया है शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की भी की जा सकती है फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे उपजिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने मौके पर ही कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों के कार्यालय में भी निस्तारण कर दिया गया,है जिससे फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

## रामपुरा नगर पंचायत में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

**- 27 करोड़ का बजट प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित**
**- रामपुरा में विकास कार्यों में आएगी तेजी-गायत्री ओमप्रकाश वर्मा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**रामपुरा(जालौन)।** नगर पंचायत रामपुरा में शुक्रवार को आयोजित बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 27 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी सभासदों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। बैठक में नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, जल निकासी, साफ-सफाई एवं अन्य जनहित से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभासदों ने नगर के विभिन्न वार्डों की समस्याओं को उठाते हुए विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की बात कही। बैठक का संचालन उपजिलाधिकारी माधौगढ़ अतिरिक्त प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रामपुरा विनय कुमार मौर्य द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों



उरई : बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष,ईओ एवं सदस्य ।

को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बजट का सही एवं पारदर्शी उपयोग किया जाएगा, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल सके। बैठक में नगर पंचायत के समस्त सम्मानित सभासदों के साथ कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत द्वारा 27 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव के पारित होने से क्षेत्रवासियों में विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीद जगी है। लोगों का मानना है कि यदि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया गया तो नगर की आधारभूत सुविधाओं में बड़ा सुधार देखने को ।इस दौरान लिपिक मैथलीशरण गुप्ता एवं जितेंद्र कुमार , सभासद सूरज मुखी , बिमल, रंजना देवी , राखी, दयावती, प्रतिनिधि अजय राजावत, बिजेंद्र , अल्ताफ, जाकिर खान , मनोनीत सभासद रामबाबू , संतोष, संजय गुप्ता, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## व्यसनमुक्ति जन जागरण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया विधायक ने



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तुलसीनगर उरई सेवाकेंद्र से आज 29 मई को नशा मुक्त भारत अभियान शुरू करते हुए एक व्यसनमुक्ति जन जागरण रैली निकाली गई। यह रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सहयोग से विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई के उपलक्ष्य में रैली को सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जनपद सलाहकार बहन तृप्ति यादव, काउंसलर भ्राता महेश कुमार, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सोशल वर्कर भ्राता दिनेश कुमार ने प्रतिभाग किया। खास बात यह है कि यह रैली में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नारकोटिक्स ब्यूरो एवं ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में चलाया जा रहा है। रैली का शुभारंभ करते हुए विधायक जी ने कहा कि आज युवा पीढ़ी नशे के अंधकार में जा रही है। उन्हें बचाने के लिए इस प्रकार के जनजागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक है। इस जन जागरण रैली का आकर्षण का केंद्र नुक्कड़ नाटक था जिसमें यह दर्शाया गया कि कैसे राजयोग मेडिटेशन के द्वारा परमात्मा की शक्ति से व्यसन जैसे गुटखा,शराब, सिगरेट, तम्बाकू, ड्रग्स पर सहज मुक्ति कैसे पाई जा सकती है।

ब्रह्माकुमारीज़ का प्रयास समाज में नई चेतना और सकारात्मक बदलाव लाएगा। सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी मीना दीदी ने सभी को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा कराई।उन्होंने कहा कि नशे की वजह से प्रतिवर्ष करीब 13.50 लाख लोग नशे की चपेट में आकर जीवन गंवा देते हैं। ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिखाया जाने वाला राजयोग नशा मुक्ति का प्रभावी माध्यम है। रैली में मुख्य रूप से बीके सरिता बहन, बीके बृजभान भाई, संतोषी बहन,निधि,सुनीता,भरत,सौरभ गुप्ता,गोविंद,उदय ,संतोष,सूरज सुशील, दुर्गा,प्रहलाद,स्टेशन मास्टर प्रवेश निरंजन, रूपेंद्र,गोपालजी, अनिल गुप्ता, विनीता गुप्ता समेत तमाम लोग शामिल रहे।

### जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



ललितपुर। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान की अध्यक्षता मे जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में संपन्न हुई व उद्यमियो द्वारा औद्योगिक आस्थान, चन्देरा में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग से मांग की गयी व वर्तमान में ट्रिपिंग के कारण उद्यमी संतोषजनक कार्य नहीं कर पा रहे हैं व अध्यक्ष द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया व अध्यक्ष द्वारा विभिन्न विभागो को प्राप्त जी.बी.सी. लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने के लिए निदेर्शित किया गया व अग्निशमन विभाग को उद्यमियों के साथ सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया व अध्यक्ष द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत इकाइयों का पंजीकरण कराने की अपेक्षा की गई, जिससे शासकीय सहायता मुहैया हो सके, औद्योगिक आस्थान चन्देरा के पास नगर पालिका द्वारा व्यापारिक वाहनों से लिए जाने वाले शुल्क की दर-सूची लगाने के लिए निर्देशित किया गया व बैठक में मुख्य विकास अधिकारी का उद्यमी संगठन द्वारा सम्मान किया गया। बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी, जिलापूर्ति अधिकारी, सहायक डाक विभाग, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, सहायक आयुक्त खाद्य, अधिशासी अभियन्ता एवं अन्य अधिकारीगण तथा कमलेश सर्राफ, मुकेशजैन एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहें। बैठक का संचालन प्रभारी उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।



स्वतंत्र भारत

कानपुर, शनिवार , 30 मई 2026 9

# बांदा

(चित्रकूट/हमीरपुर/अतर्रा/महोबा)

बुन्देलखण्ड समाचार




# बांदा में देर रात भीषण आंधी.तूफान का तांडव, एक की मौत और चार घायल

**-मंडल में हुआ ब्लैकआउटए बिजली व्यवस्था ठपए राहत कार्य में जुटी योगी सरकार**
**-बांदा में ट्रांसमिशन के 5 टावर ताश के पत्तों की तरह बिखर गए**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** जनपद में गुरुवार की देर रात आए भीषण आंधी.तूफान और वज्रपात ने भारी तबाही मचाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के श्जीरो कैजुअल्टीश् के संकल्प के तहत जिला प्रशासन पहले से ही हाई अलर्ट पर था। जिसके चलते आपदा आते ही राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया। इस प्राकृतिक आपदा में जहां एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं चार लोग घायल हुए हैं। वहीं पूरे जिले की बुनियादी व्यवस्था खासकर विद्युत आपूर्ति रात में पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। मुसीबत की इस घड़ी में योगी सरकार का प्रशासनिक अमला जन.जन की सुरक्षा और राहत के लिए पूरी प्रतिबद्धता से मैदान में डटा हुआ है।

देर रात आए चक्रवाती तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि जनपद में जगह.जगह जहां विशालकाय पेड़ए होर्डिंग्स और बिजली के खंभे ताश के पत्तों की तरह ढह गए तो वहीं पैलानी क्षेत्र में 4 व समगरा क्षेत्र में एक ट्रांसमिशन के टावर गिर गए। इसके साथ ही बबेरू क्षेत्र में एक झोपड़ी पर भारी.भरकम पेड़ गिरने से मलबे में दबकर एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अलग.अलग इलाकों में पेड़ और मलबे की चपेट में आने से 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा मंडल के दर्जनों स्थानों पर ट्रांसफार्मर उखड़कर जमीन पर आ गिरे और विद्युत पोल टूटने से पूरे मंडल की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। हालात पर सीधे नजर रख रहे जिलाधिकारी अमित आसेरी ने आपदा के तुरंत बाद कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम से राहत कार्यों की कमान संभाली। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि ष्प्रशासन द्वारा जारी की गई सुरक्षा गाइडलाइन का शत.प्रतिशत पालन करें। जब तक बहुत जरूरी न होए अपने घरों से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। संकट के इस समय में पूरा जिला प्रशासन आपकी सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। बहालआंधी.तूफान से बिजली नेटवर्क को पहुंचे भारी नुकसान पर विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता मुनीश चोपड़ा ने बताया कि विभाग को इस आपदा से बहुत बड़ी क्षति हुई है। लाइनों को दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त टीमों को रात में ही फील्ड पर उतार दिया गया था।

मुख्य अभियंता के अनुसार विद्युत आपूर्ति को जल्द से जल्द पूरी तरह बहाल करने का काम लगातार जारी है। लगातार चल रहे प्रयासों के चलते शुक्रवार की शाम तक मंडल की लगभग 80ः विद्युत व्यवस्था को बहाल कर दिया गया है। शेष प्रभावित इलाकों में भी युद्ध स्तर पर पोल खड़े करने और ट्रांसफार्मर बदलने का काम चल रहा है।



## तीव्र आंधी से जगह.जगह टूट कर धराशाई हुए टीन टप्पड

**. पेड़ों के गिरने से मची अफरा तफरी**

**पैलानीध्बांदा।** पैलानी तहसील के पैलानी जसपुरा बरेहटाए निवाइच ए पपरेंदा तक जगह.जगह गिरे पेड़ गिरे पड़े थे एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा के साथ टीम को लगाकर रास्ता साफ करवाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर देर रात आये आंधी तूफान से खप्टिहा कलां कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रीय गांव में लोगों के टीन टप्पड उड़ जाने तथा बड़े.बड़े दरख्खत पेड़ जमीन से उखड़ गए और लोगों के घरों में जा गिरे ऐसा ही एक मामला खप्टिहा कलां कस्बे के राम भरोसे वर्माए कूबत बाबा के धार्मिक स्थल पर भारी भरकम पेड़ जमीन से उखड़ गए और घरों में जा गिरे इसी प्रकार पूरनए राजकरणए कालका के घरों में लगी टीने उड़कर दूर जा गिरने से घर के नीचे सोए हुए परिवार बाल बाल बचे। कस्बे के ग्रामीणो देसी वर्माए संजय सोनीए नितिन कश्यपए राजेंद्र यादवए बाबूलाल गुप्ताए आदि लोगों ने बताया की देर रात आए तूफान से सारे कस्बे में उथल.पुथल मच गई जो जहां थे वहीं ठिठक गए भारी भरकम नुकसान के साथ सुबह होते ही लोग अपने उजड़े हुए आसियानों को संवारने में जुट गए हैं विद्युत व्यवस्था भी जगह.जगह विधुत पोलए ट्रांसफार्मर नीचे टूटकर गिर गए है टूटे हुए तारों से धडाम हो गई विद्युत आपूर्ति बंद होने से पीने के पानी की सप्लाई भी बंद हो गई।

# उप परिवहन आयुक्त ने चलाया बिना नम्बर प्लेट वाहनों के विरुद्ध अभियान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** आज जनपद बांदा में उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी केण्डीण्सिंह गौर ने प्रवर्तन टीम के साथ अपने नेतृत्व में बिना नम्बर प्लेटध् मानक नंबर प्लेट विहीनए और विकृत नम्बर प्लेट लगा कर संचालित हो रहे डम्फरध्माल वाहनों के विरुद्ध व्यापक प्रवर्तन कार्यवाही संपादित कराई। आप सभी को ज्ञात हो की
इस अभियान में आज कुल 22 डम्फरध्माल वाहनों का चालान किया गया और 14 वाहन निरुद्ध किए गए।
अभियान के दौरान माल वाहन चालकों की काउंसिलिंग भी की गईए कि वे मानक नंबर प्लेट लगा कर ही संचालन करेंए और दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें।
चेकिंग में यह भी पाया गया एच यस आर पी नम्बर प्लेट्स की गुणवत्ता बेहद खराब है। अधिकांश प्लेट्स में नम्बर के ऊपर का ब्लैक कलर या तो जल्दी छूट जाता हैए ये फेडेड हो जाता हैए जिससे नम्बर सफेद दिखने लगता है और बहुत पास से भी देखने पर अस्पष्ट प्रतीत होता है।
के डी सिंह गौर उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में संपादित इस व्यापक प्रवर्तन कार्यवाही में जनपद बांदा के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्यामलालए यात्री कर अधिकारी वीरेंद्र राजभर मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### जनगणना के कार्य में जनपद बांदा के अंतर्गत नगर पंचायत नरैनी नंबर एक पर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो नरैनी बांदा।** आज दिन शुक्रवार को नगर पंचायत नरैनी के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार से एक मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि कुल प्रगणक की संख्या 34 एवं 6 सुपरवाइजर की संख्या कुल जिसमें कार्य पूर्ण 20 तथा प्रतिशत लगभग 60ः कार्य पूर्ण बताया। मिली जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के नगर पंचायत नरैनी के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार एवं जिला प्रभारी जनगणना अधिकारी शैलेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से आज दिन शुक्रवार को सभी उपस्थित सुपरवाइजर एवं सभी उपस्थित प्रगणको नगर पंचायत कार्यालय में अंग वस्त्र देकर सभी उपस्थित जनगणना में लगे कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। तथा भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के मनसा अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया । इस मौके पर सुपरवाइजर में अरविंद मोहन पटेल गोविंद बिहारी विश्वकर्मा शिरोमणि सिंह राकेश कुमार यादव तथा प्रगणक में युग प्रकाश किरण सिंह सुदामा प्रजापति सुरेंद्र मोहन पटेल संजय कुमार आजेंद्र सिंह आदि प्रगणक उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी ने यह भी बताया कि जनगणना के कार्य में उत्तर प्रदेश के अंतर्गत बांदा प्रथम एवं बांदा जनपद के अंतर्गत नगर पंचायत नरैनी नंबर एक पर कार्य किया है अभी तक। जो बहुत ही सराहनीय कार्य कर्मचारियों का बताया गया।

### बकरीद के अवसर पर मुस्लिम भाइयों ने गौ माता को खिलाया तरबूज

बांदा। नगर पालिका द्वारा संचालित गौशाला में बांदा शहर के जुमा के नवाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने बकरीद के अवसर पर गौशाला में पहुंचकर गौ माता को तरबूज खिलाया और भारत सरकार से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए मांग कीएविश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति बताया कि आज बकरीद के अवसर पर बांदा शहर के मुस्लिम भाइयों ने गौशाला में पहुंचकर गौ माता को तरबूज खिलाया और पूजा अर्चना भी की और साथ में सभी मुस्लिम भाइयों ने भारत सरकार से मांग की गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करें
आगे महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि की बांदा में मुस्लिम और हिंदू भाइयों में हमेशा एकता की मिसाल पेश की है आज पूरे भारत में कहीं ना कहीं मुस्लिम समाज गौ माता के साथ हो रही घटनाओं को लेकर बदनाम है जिससे आज मुस्लिम समाज आ गया कर स्वयं गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए भारत सरकार से मांग कर रहा है जिससे हिंदू और मुस्लिम के बीच में आपस में जो मतभेद है वह खत्म हो सके इस मौके में जियाउल्लाह आमीन राईन इमरान सौदागर जी फहीम खान मोहम्मद तौफीक वसीम भाई नादिर मंसूरीए नफीस खान जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता दीपक शुक्ला जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ शिवम सोनी सुमित सोनी ओमप्रकाश जड़िया ऋषभ जड़िया ऋषि पाठक निखिल रैकवार सत्यम विश्वकर्मा समर्थ जड़िया कृष्ण कुमार आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मछली का शिकार करने गए अधेड़ की नाव डूबने से मौत

पैलानीध्बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के कुकुवा गांव निवासी देवी दिन पुत्र बदलू निषाद रोज की तरह बीती रात 9 बजे मछली का शिकार करने के नदी किनारे अमलोर क्योटरा घाट पर गया हुआ था और अपनी डोंगिया छोटी नाव पर सवार होकर बैठा था पास ही कुछ बारी लगाने वाले लोगों ने देखा तो उसे बुलाया परंतु वह नाव छोड़कर नहीं आया थोड़ी देर के पश्चात तेज आंधी और तूफान के चलते उसकी डोंगिया पानी में डूब गई इधर सुबह जब वह घर नहीं सलौटा तो परिजनों को चिंता हुई और वह पता लगाते हुए के नदी किनारे पहुंचे जहां कुछ दूर में बारी लगाने वाले लोगों से बातचीत करते हुए पहुंचे जहां देखा कि उसका एक जूता कपड़े तथा टॉर्च नदी किनारे पड़े हैं जिससे डूबने का अनुमान लगाया गया और ग्रामीणों ने काफी खोजबीन करने के चार घंटे बाद देवी दिन का शव ढूंढ निकाला और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी मृतक देवी दिन के दो लड़के अशोक एवं रजनीश तथा दो लड़की गुड़िया और सुधा है इस घटना से मृतक की पत्नी प्रेमा करो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज हरि शरण सिंह ने शव का पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### एआई के साथ स्टाइल की खोज को बनाया स्मार्ट

**कानपुर।** अमेज़न फैशन ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्डरोब रिफ्रेश सेल के 18वें संस्करण की घोषणा कर दी है। यह सेल 28 मई से 2 जून तक चलेगी और इसमें ग्राहकों को फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़ी ज़रूरी चीज़ों पर आकर्षक बचत मिलेगी। ग्राहक कपड़ों, सौंदर्य, फुटवियर, घड़ियों, लगेज, हैंडबैग, एक्सेसरीज़ और अन्य श्रेणियों में 1500 से अधिक प्रमुख ब्रांडों के 4 लाख से अधिक स्टाइल में से अपनी पसंद चुन सकते हैं और 50-80 प्रतिशत की छूट पा सकते हैं। इस जुलाई में अमेज़न प्राइम डे अपने दसवें संस्करण के साथ भारत में वापस आ रहा है और प्राइम सदस्य शानदार डील्स, बड़ी बचत, रोमांचक नए लॉन्च और बहुत कुछ का लाभ उठा सकते हैं। इन गर्मियों में फैशन की खोज को और भी आसान बनाने के लिए अमेज़न फैशन ने एआई संचालित खोज टूल प्रस्तुत किए हैं, जो ग्राहकों को ट्रेंड्स को एक्सप्लोर करनेए स्टाइल खोजने और आसानी से संपूर्ण लुक बनाने की सहूलत देते हैं। अमेज़न के एआई शॉपिंग असिस्टेंट रूफस के साथ ग्राहक आसानी से खास चयन और आसान बातचीत के ज़रिये फैशन श्रेणी में व्यक्तिगत सिफारिशें प्राप्त कर सकते हैं। रूफस कीमत इतिहास पर नज़र रखने की काबलियत के साथ लगातार स्मार्ट और तेज़ बन रहा है। यह 30 से 90 दिन तक का कीमत इतिहास ट्रैकर उपलब्ध करवाता है, जिससे ग्राहक यह जान पाते हैं कि कीमत सबसे कम कब और कितनी थी और आसानी से खरीदारी के फैसले ले पाते हैं। बस उन्हें उत्पाद विवरण पन्ने पर श्कीमत इतिहास विकल्प पर क्लिक करना होता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पैलानीध्बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेदा अतरहट के बीच बीती रात्रि को धर्मवीर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी पिपरहरी वह अपने पिता का इलाज चित्रकूट से कराकर वापस गांव आ रहा था तभी अपने पिता को बांदा मे रोडवेज बस में बैठा दिया और कहा कि मैं बाइक से पीछे.पीछे आ रहा हूं रात्रि 9रू30 बजे के बीच पपरेंदा अतरहट के बीच में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई वहीं पिता अर्जुन सिंह ने बताया कि मृतक के एक लड़का नवल उम्र 4 वर्ष लड़की उम्र 5 वर्ष सपना है पिता ने बताया दो भाइयों में यह बड़ा था छोटा भाई बाहर रहता है मेरे साथ किसानी का कार्य कर परिवार चलता था पत्नी अंजली व माता उषा का रो.रो कर बुरा हाल है वहीं पपरेदा चौकी इंचार्ज अंश त्यागी ने मौके में पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# तीर धुमाई गंगू पहुंची संयुक्त टीम जलधारा में नहीं मिली छेंडछाड़

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा शोसल मीडिया में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर शुक्रवार को गठित टास्क फोर्स से जनपद के तहसील राजापुर स्थित ग्राम तीरधुमाई गंगू स्थित गाटा संख्या 2/2, खण्ड संख्या 03, रकबा 23.00 हे. पर स्वीकृत उपखनिज बालू/मोरम के खनन पट्टा क्षेत्र की जाँच करायी गई। जांच के समय उपजिलाधिकारी राजापुर, क्षेत्राधिकारी पुलिस राजापुर, प्रभारी निरीक्षक थाना सरधुवा व खान निरीक्षक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पट्टाधारक द्वारा नदी की जलधारा के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं पायी गयी है और न ही नदी की जलधारा में कोई खनन/अवैध खनन किया जाना पाया गया। इस प्रकार सोशल मीडिया ट्वीटर में प्राप्त शिकायत असत्य पायी गई। डीएम द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम



में अवैध खनन / परिवहन / ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा शुक्रवार तक जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत टास्क फोर्स द्वारा कुल 26 उपखनिज लदे वाहनों के विरुद्ध उपखनिजों के अवैध परिवहन किए जाने के कारण उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली के नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित थानों की अभिरक्षा में दिया गया। इसी प्रकार गठित टास्क फोर्स द्वारा विगत सप्ताहों में कुल 124 उपखनिज लदे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुर्माना 40.44 लाख रुपये वसूला गया। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित टास्क फोर्स को अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

## एनसीसी कैडेट बने भारतीय सेना के अंग



**बांदा।** आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा में संचालित एनसीसी इकाई के चार एनसीसी कैडेट एक साथ भारतीय सेना में अग्नि वीर पद पर चयनित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडे तथा पूर्व चीफ आफिसर मंगल प्रसाद ने एनसीसी ब्कमज की सफलता पर खुशी जताई सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि यह होनहार परिश्रमी एनसीसी कैडेट देश सेवा में अपना कीर्तिमान बनाएंगे भर्ती होने वाले एनसीसी कैडेट आलोक यादव रामजी यादव अमित यादव तथा महेंद्र राजपूत यह सभी ग्रामीण परिवेश एवं साधारण परिवार से संबंध रखते हैं उनकी सफलता पर उनके परिवार के लोगों को गर्व है। पूरे विद्यालय परिवार की तरफ से सभी चयनित अग्नि वीरों को बहुत.बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

## लोक जनशक्ति पार्टी अपनी विचार धाराओं से नहीं करती हैं समझौता- अजय गुप्ता अग्रहरि



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट।** जनपद के सीतापुर स्थित आनंद रिसॉर्ट में लोक जनशक्ति पार्टी ने बुंदेलखंड के चित्रकूट में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता एवं बिहार की विधान परिषद सदस्य संगीता देवी, विष्णु देव पासवान एवं धर्मेंद्र मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ के रूप में अहम भूमिका रही। इनके नेतृत्व में युवा समाजसेवी कु. भूपेंद्र सिंह पटेल को जिलाध्यक्ष जिलासंयोजक का पदभार सौंपा गया। उन्होंने अपनी विचारधारा को और जनपद के विकास को सर्वोपरि रखकर इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया ।

समीक्षा बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ता प्रमोद सिंह (बबुली) प्रदेश महासचिव, कमलेश द्विवेदी (प्रदेश उपाध्यक्ष) अजय सोनी (प्रदेश उपाध्यक्ष) रमेश भूषण (प्रदेश प्रधानमहासचिव) शिवशंकर गुप्ता (मंडल अध्यक्ष) कु. भूपेंद्र सिंह पटेल (जिलाध्यक्ष) आदित्य शुक्ला (उपाध्यक्ष) धीर सिंह (युवा जिलाध्यक्ष) आशा मिश्रा (प्रदेश महामंत्री) शान्ति सिंह (प्रदेश महासचिव) संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, संगीत मिश्रा, भोला गुप्ता, सत्यम त्रिपाठी, एस अग्रहरी, दिलीप गुप्ता, संजय अग्रहरी, कमलेश द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दलित विरोधी मानसिकता से कार्य कर रही भाजपा सरकार : डा. संजय द्विवेदी

**. जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का हुआ आयोजन**

**बांदा।** जिलाकांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला उपाध्यक्ष डा संजय द्विवेदी दनादन ने जिला कांग्रेस कार्यालय स्टेशन रोड में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।
इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डाण् संजय द्विवेदी दनादन ने मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि वर्तमान प्रदेश में काबिज भाजपा की सरकार दलित विरोधी मानसिकता से ग्रसित होकर काम कर रही है।



महोबा की दलित बेटी जिसका अपहरण कर प्रयागराज में सोलह ;16द्ध दिनों तक अराजकतत्वों द्वारा बंधक बना कर रेप जैसी घटना को अंजाम दिया गयाए जब पीड़ित परिवार से मिलने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गुप्त रूप से पहुंचे तब प्रदेश सरकार के इशारे पर उन्हें प्रताड़ित करने का कार्य शुरू किया गया और संपत्ति की जांच कराए जाने के आदेश दिए गए जबकी वर्तमान में भाजपा के सांसद और विधायक खुली लूट कर अरबों रुपए की उगाही कर प्रदेश को खोखला करने में लगे हुए है आगरा नगर निगम द्वारा प्राइवेट बिजली कंपनी टोरेंट का चार सौ तीश करोड़ रुपया माफ किया गया जिसके एवज में कई करोड़ रुपया गुप्त रूप से लिया गया उन्होंने मांग की अगर निष्पक्ष रूप से सीण् बीण् आईण् और ईण् डीण् जो विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए काम कर रही है अगर निष्पक्ष जांच करे तो आज प्रदेश के अनेक सांसद और विधायक जेल में होंगे। चित्रकूट जिलाध्यक्ष श्री कुशल सिंह पटेल जी नें कहा कि प्रदेश की तानाशाह सरकार बिपक्षी पार्टियों खासकर कांग्रेस के नेताओं को चिन्हित कर उनपर मुकदमे व मनगढंत तरीके से पीड़ित जनता की आवाज उठाने पर लाठियाँ तक बरसाई जा रही है फिर भी कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए उन परिवारों के साथ सदैव खड़ा मिलेगाएमीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडएने आए हुए सभी मीडिया कर्मीए पत्रकार एवं कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप सेजिला अध्यक्ष चित्रकूट कुशल सिंह पटेलए चुनबाद प्रसाद एडए जिला प्रवक्ता चित्रकूटए डॉ राकेश वर्माए शिवबली सिंह बीए लाल भाईए संतोष द्विवेदीए पुष्पेंद्र सिंह एडए शोयब रिजबीए रफत खानए केए पी सेनए राजेश गुप्ता पप्पू वीरेंद्र सिंहएजिला महामंत्रीध्मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेशिक प्रशिक्षण शिविर में व्यापारी करेंगे प्रतिभाग

**. शिविर में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान पर होगा मंथन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का प्रादेशिक प्रशिक्षण शिविर एवं शपथ ग्रहण समारोह 31 मई को बरेली में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई श्उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडलश् का प्रादेशिक प्रशिक्षण शिविर एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भव्य रूप से होगा।
कार्यक्रम को लेकर सम्पूर्ण प्रदेश के युवा व्यापारी पदाधिकारियों में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा का वातावरण बना हुआ है।ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना पूर्व सांसद एवं व्यापारी समाज के प्रेरणास्त्रोत स्वर्गीय श्री श्याम बिहारी मिश्रा द्वारा व्यापारी हितों की रक्षा एवं संगठित व्यापारिक शक्ति के निर्माण हेतु की गई थी। वर्तमान में संगठन प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय मुकुंद मिश्रा ;कानपुरद्ध के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जनपदों में सक्रिय रूप से व्यापारी समाज की समस्याओं के समाधानए व्यापारी स्वाभिमान की रक्षा एवं संगठन विस्तार के कार्यों में संलग्न है।संगठन लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए प्रत्येक तीन वर्ष में त्रैवार्षिक चुनाव पद्धति के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन करता है। इसकेउपरांत युवा इकाईए आईटी एवं उद्योग मंच जैसे फ्रंटल संगठनों का गठन कर संगठन को नई ऊर्जा एवं नई सोच से जोड़ने का कार्य किया जाता है।प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में बरेली जनपद की संपूर्ण टीम कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में युद्धस्तर पर जुटी हुई है। कार्यक्रम में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूरए प्रदेश महामंत्री डाण् दिलीप सेठ सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे एवं युवा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही भारत सरकार व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन आदरणीय सुनील सिंघी जी एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों की



गरिमामयी उपस्थिति भी प्रस्तावित है।युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन का उद्देश्य केवल पद वितरण तक सीमित नहीं हैए बल्कि एक सशक्तए जागरूक एवं संघर्षशील युवा व्यापारी नेतृत्व तैयार करना हैए जो भविष्य में व्यापारी समाज की आवाज बन सके। इसी उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर को विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सत्रों में विभाजित किया गया है।संगठन पदाधिकारियों के मुताबिक प्रशिक्षण शिविर में निम्न विषयों पर सत्रों में सार्थक चर्चा होगी। सशक्त संगठन एवं प्रभावी नेतृत्व निर्माण।युवा शक्ति का पुरुषार्थ एवं राष्ट्र निर्माण में भूमिका।स्वदेशी व्यापार एवं आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा।व्यापार में चरणबद्ध एवं उत्तरोत्तर वृद्धि के व्यावहारिक सूत्र।ऑनलाइन ऐप एवं साइबर क्राइम से व्यापारियों की सुरक्षा।भारत का औद्योगिक एवं व्यावसायिक भविष्य।युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन एवं स्टार्टअप संस्कृति।बाजार इकाइयों तक संगठन की युवा इकाई को मजबूत बनाना।संगठन में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाना।व्यापारिक समस्याएं छोटे एवं फुटकर व्यापारियों को अरनलाइन व्यापार के अनियंत्रित विस्तार से संरक्षण।प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती की समस्या।एक समान मंडी टैक्स व्यवस्था। जीएसटी की जटिलताओं का सरलीकरण। शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी की तर्ज पर विधान परिषद में व्यापारी प्रतिनिधित्व। व्यापारियों की सुरक्षाए सम्मान एवं आर्थिक सशक्तिकरण।

प्रत्येक सत्र में संबंधित विषय के विशेषज्ञ एवं अनुभवी वक्ता उपस्थित रहेंगेए जो युवा पदाधिकारियों को व्यावहारिक एवं संगठनात्मक अनुभवों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। संगठन का मानना है कि यदि युवा व्यापारी वर्ग संगठित एवं प्रशिक्षित होगा तो भविष्य में व्यापारी समाज की आवाज और अधिक प्रभावी ढंग से शासन प्रशासन तक पहुंचेगी। बरेली इकाई द्वारा कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप देने हेतु अलगदृअलग समितियों का गठन किया गया है। मंच व्यवस्थाए आवास व्यवस्थाए पंजीकरणए पार्किंगए भोजनए अतिथि स्वागत एवं अनुशासन व्यवस्था हेतु बरेली जनपद एवं युवा इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों को संयोजक एवं सहदृसंयोजक की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु हमारे जनपद सत्यप्रकाश सराफए के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक युवा व्यापारी पदाधिकारी बरेली 30 मई 2026 को प्रस्थान करेंगे एवं प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लेंगे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सदैव व्यापारी हितए व्यापारी सम्मान एवं संगठित व्यापारिक शक्ति के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी व्यापारी समाज की हर लड़ाई मजबूती के साथ लड़ता रहेगा।

**शरबत वितरण आज**

**इटावा।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के सम्मानित सदस्य कृष्ण कुमार यादव पूर्व प्रधानाचार्य की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल परिसर में शाखा द्वारा संचालित प्याऊ स्थल पर 30 मई शनिवार को प्रातःनौ बजे से शरबत वितरण किया जाएगा। शाखा के सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि भीषण गर्मी में समय का विशेष ध्यान रखते हुए प्याऊ स्थल पर पहुंच कर शरबत वितरण में सहयोग कर पुण्य के भागी बनें।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने किया एसडीएम अमृतपुर का घेराव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने एसडीम अमृतपुर का घेराव किया क्योंकि कल एसडीएम अमृतपुर 28 मई को राजेन्द्रनाथ कटियार पेट्रोल पम्प को नापने पहुंचे थे जबकि भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष से वार्ता हुई थी उन्होंने बताया था कि मेरी माता जी की तबीयत ठीक नहीं है हम इस समय उनके लिए ब्लड की व्यवस्था कर रहे है और हमारी बिना मर्जी के की भी मेरी जमीन नहीं नाप सकता है जिसके बाद एसडीम अमृतपुर द्वारा किसान की पेट्रोल पम्प पर लेखपाल सहित थाने की पुलिस लेकर स्वयं पहुंचकर पेट्रोल पम्प की नापी करनी शुरू कर दी जिसके बाद अमृतपुर तहसील अध्यक्ष सोनू सोमवंशी ने उसका विरोध किया जिसके बाद एसडीम अमृतपुर वहां से चले गए जिसके बाद जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने एसडीएम अमृतपुर का घेराव करने का आवाहन किया और जिला प्रशासन को चेताया इसी कड़ी में बोलते हुए जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि किसान को ल लिंक एक्सप्रेसवे के नाम पर ठगा जा रहा है क्योंकि इस लिंक एक्सप्रेसवे में जमीनें तो ली जा रही है लेकिन 2013 भूमिअधिग्रहण बिल के किसी भी कानून का पालन नहीं हो रहा है न तो किसानों को कोई नोटिस न ही वाणिज्य में बैनामा न ही रोड में बैनामा किया जा रहा है और न ही किसानों को मानसिक क्षतिपूर्ति का कालम भरा जा रहा है किसानों को गुमराह करके सहमति पत्र भरवाकर उसको दिखाया भी नहीं जा रहा है कटियार ने उन किसानों से भी अपील की जो किसान बैनामा कर चुके है उन्होंने कहा कि वह सभी किसान एक पत्र जिला अधिकारी को भेजे और उसमें लिखे की हमें मानसिक क्षतिपूर्ति चाहिए नहीं तो हमारा बैनामा वापस किया जाए उन्होंने का कि आपका जो बैनामा किया गया वह फर्जी तरीके से किया गया आगे उन्होंने कहा कि यूपीडा लिंक एक्सप्रेसवे में जो बड़े बड़े कट बना रहा है वह पूर्व की भाँति रोड के समानांतर ही बनाए जाए और आगे बोले कि एसडीम अमृतपुर ये भूल गए कि ये बाबा टिकैत का संगठन है हम डरने वाले में से नहीं है और उन्होंने किसानों से अपील की आज से लिंक एक्सप्रेसवे के बैनामे करने न जाए। इस धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सुशील दीक्षित ने की और संचालन गोपी शाक्य ने किया

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी कानपुर मंडल पूर्व सचिव अफरोज मंसूरी जिला संरक्षक छविनाथ शाक्यए जिला उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मिश्रा ब्रजेश गंगवार संजीव सोमवंशी अशोक यादवए जिला महासचिव अभय यादव जिला संगठन मंत्री अरविंद गंगवार युवा जिलाध्यक्ष अनुज राजपूत संजीव यादव अजयपाल यादव जिला सचिव पुजारी कटियार बिजनेश यादव सुग्रीव पाल गुड्डू यादव दिनेश सिंह मुकेश शर्मा? रामप्रकाश पालएसोनू सोमवंशीटिंकू यादव सतीश कठेरियाअंकेश गंगवार प्रदीप यादवएशिवराम शाक्य अजीत सोमवंशी रामनरेश यादव सहित बड़ी संख्या में किसानों ने घेराव किया



## जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई



**फर्रुखाबाद। बैठक में बोलते हुए जिलाधिकारी साथ में अन्य जिला स्तरीय अधिकारी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ? अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय छब्व्क् समिति एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन बाल संरक्षण आयोग भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में समाज कल्याण विभाग आबकारी विभाग पुलिस विभाग?अभियोजन विभाग शिक्षा विभाग चिकित्सा विभाग वन विभाग कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देशित किया कि जनपद में नशीली दवाइयों एवं नारकोटिक्स के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए ।

उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों स्कूलों कॉलेजों समितियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार.प्रसार जागरूकता कार्यक्रम गोष्ठियां एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

नारकोटिक्स से संबंधित दर्ज अभियोगों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदया ने पुलिस विभागए अभियोजन विभाग एवं आबकारी विभाग को प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करने तथा अभियोजन संबंधी कार्यवाहियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

समाज कल्याण विभाग को जनपद में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों की सक्रियता बढ़ाने तथा आमजन को नशीले पदार्थों एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए।

शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र.छात्राओं को नशे से दूर रहने हेतु शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही नुक्कड़ नाटकए पोस्टर प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में जागरूकता बढ़ाई जाए।

चिकित्सा विभाग को समस्त मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

आबकारी विभाग को समस्त आबकारी दुकानों की सघन जांच करने एवं बढ़ते नशे के प्रयोग पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई तथा जनपद को नशामुक्त बनाने हेतु समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया गया।

बैठक उपरांत जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना समाज एवं प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इस दिशा में सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें।

## मां ने कराई पुत्र की मौत की एफ आई आर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मां ने बहू सहित ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता मां ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र को ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रताड़ित किया थाए जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मामले की शिकायत थाना पुलिस से की गई थी लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पत्नी समेत कई लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर पंचायत के मोहल्ला अकबरपुर दामोदर निवासी पीड़ित महिला सुखदेवी पत्नी सूरज सहाय ने मृतक पुत्र सुनील की मौत 18 फरवरी को हो गई थी जिसमें मृतक की पुत्रवधू खुशबू पुत्री राकेश कुमार पत्नी सुनील कुमार बा ससुर राकेश कुमार और साले सत्येंद्र पुत्र राकेश अंकित पुत्र राकेश और साँस गुलाब श्री पत्नी राकेश के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई और बताया सभी ने मिलकर पुत्र की हत्या की थानाध्यक्ष सचिन चौधरी ने बताया कोर्ट के आदेश पर पीड़ित मां की तहरीर पर प्राथमिक की दर्ज की गई।

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती कल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**भरथनाए इटावा।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयन्ती 31 मई को कस्बा के मुहल्ला मन्दिर दानसहाय स्थित विश्वनाथ मैरिज होम में मनायी जायेगी।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति भरथना के तत्वाधान में आगामी 31 मई दिन रविवार को सांय 5 बजे से मनायी जाने वाली उक्त जयन्ती कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लूए विशिष्ट अतिथि प्रान्तीय अध्यक्ष भाण्विण्पण् डाण् आरएन दुबे शिरकत करेगें। साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में राजेन्द्र चैधरी व अध्यक्षता रामप्रकाश पाल करेगें।

## संस्कार भारती की कथक कार्यशाला में सीख रहे बच्चे.बड़े जीवित हो रही शास्त्रीय परंपरा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती की ओर से आयोजित कथक कार्यशाला में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। कार्यशाला का उद्देश्य प्राचीन नृत्य परंपरा को संरक्षित करने के साथ युवाओं में रुचि जगाना है।



प्रशिक्षक स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि कथक भारत के आठ प्रमुख शास्त्रीय नृत्यों में से एक है और उत्तर प्रदेश का एकमात्र शास्त्रीय नृत्य है। इसका इतिहास लगभग 2000 वर्ष पुराना है जिसकी शुरुआत मंदिरों के कथाकारों से हुई। उन्होंने प्रतिभागियों को ठेका दोगुनए चौगुनए तिहाई और हस्त मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया। आगे सलामी और चक्कर सिखाकर कथक गीतों पर नृत्य कराया जाएगा।

मंदिर से दरबार तक का सफर'

कथक प्रशिक्षक स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि कथक की उत्पत्ति देव मंदिरों में कथावाचन से हुई। भगवान की स्तुति नृत्य के माध्यम से की जाती थी। मुगल काल में यह दरबारी नृत्य बन गया। वर्तमान में कथक भाव नृत्य आँखों की मुद्राओं और देवी.देवताओं की कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है।

बच्चे.बड़े सीख रहे चाव से

कार्यशाला में तल्लगुन दोगुन चौगुन तिहाई जैसी थापों और विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षकों के अनुसार बच्चे और बड़े दोनों ही उत्साह के साथ कथक सीख रहे हैं। संस्कार भारती का मानना है कि ऐसी कार्यशालाएं भारतीय संस्कृति और नृत्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।

कार्यशाला को सफल बनाने में अनुराग अग्रवाल गौरव मिश्रा अरविंद दीक्षित कुलदीप सुरेंद्र पांडेय आदेश अग्रवाल रवींद्र भदोरिया अखिलेश पांडेय समरेन्द्र शुक्ल अनुराग पाण्डेय कुलदीप श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

## श्री कृष्ण बाल लीला सुनकर भक्त भाव विभोर होकर झूम उठे-सुशील महाराज

इटावा। शहर इटावा माया मैरिज होमए रामलीला रोड में अंतर्राष्ट्रीय युवा संत सुशील महाराज के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में धाम वृंदावन से पधारे राम जी द्विवेदी महाराज के मुखारविंद से बह रही रस धारा में लाखों भागवत प्रेमियों ने लगाए भक्ति के गोते भागवताचार्य को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने प्रतीक चिन्ह देकर पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित।

श्रीमद् भागवत कथा में भागवताचार्य अंतर्राष्ट्रीय युवा संत सुशील महाराज ने प्रभु की बाल लीलाओं का बखान करते हुए श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई कथा के दौरान प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकियां और भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमें कथा व्यास श्री ने भगवान कृष्णा जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि देवकी की आठवीं संतान के रूप में भगवान श्री कृष्ण का जन्म होने के बाद वासुदेव जी महाराज उन्हें गोकुल में नंद बाबा और यशोदा मैया के यहां छोड़ आए। भागवताचार्य का स्वागत करने वालों में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला वरिष्ठ महामंत्री हरिगोपाल शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे शहर उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता युवा शहर उपाध्यक्ष आशीष दत्त तिवारी सदस्य पीयूष वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। श्रीमद् भागवत कथा परीक्षित श्रीमती सुमन गुप्ता पत्नी श्री राकेश गुप्ता श्रीमद् भागवत कथा मुख्य यजमान श्रीमती प्रेमा देवी श्री परशुराम गुप्ता एवं मनोज गुप्ता ने सभी भगवत प्रेमियों से 31 मई को होने वाले विशाल भंडारा में पहुंचने की अपील की है भागवत कथा को सफल बनाने में सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से सुनीता गुप्ता शिवराम कृष्ण गुप्ता श्रीमती बीना गुप्ता मनोज गुप्ता डिंपल गुप्ता अरुण गुप्ता श्रीमती रानी गुप्ता अशोक कुमार नेहा कृष्ण गोपाल गुप्ता डॉक्टर शिल्पी गुप्ता डॉक्टर देव गुप्ता मीनल कपिल गुप्ता सोनम गुप्ता सिद्धार्थ गुप्ता शामिल है।

### रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 का हुआ लॉन्च

**कानपुर।** मिडसाईज मोटरसाईकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज भारत में अपनी प्रतिष्ठित मोटरसाईकल बुलेट नए 650सीसी इंजन के साथ पेश की। अपने नए 650सीसी अवतार में बुलेट बेमिसाल ब्रिटिश विरासत और अदम्य भारतीय भावना को नमन करती है और बुलेट के फैन्स को ब्रांड की स्थायी विरासत का एक नया एहसास प्रदान करती है। बुलेट 650 के बारे में बोलते हुए बी. गोविंदराजन, मैनेजिंग डायरेक्टर-आयशर मोटर्स लिमिटेड और सीईओ रॉयल एनफील्ड ने कहा बुलेट नौ दशकों से अधिक समय से विश्वसनीयता, मजबूती और शुद्ध कैरेक्टर की पहचान है, जो प्योर मोटरसाईक्लिंग की रॉयल एनफील्ड की फिलॉसफी प्रदर्शित करती है। ऑल-न्यू रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 में हम केवल बुलेट को नए रूप में पेश करना नहीं चाहते थे, बल्कि इसे मॉडर्निटी और ऑथेंटिसिटी के साथ और बेहतर बनाना चाहते थे। हमने इसके प्रपोर्शन और सिल्हुएट से लेकर स्टांस और डिटेलिंग तक हर एलिमेंट में इस प्रतिष्ठित मशीन के शुद्ध एसेंस और कैरेक्टर को बरकरार रखा है। साथ ही इसमें पैरेलेल ट्विन 650सीसी इंजन की जबरदस्त पॉवर और रिफाईनमेंट को शामिल किया है। ईआईसीएमए 2025 में इसके ग्लोबल शोकेज़ को मिली शानदार प्रतिक्रिया से प्रदर्शित होता है कि यह मोटरसाईकल पूरी दुनिया के राइडर्स को कितनी पसंद आई।

## वरिष्ठ पत्रकार के भाई की पत्नी का निधन, विभिन्न दलों के नेताओं ने घर पहुँचकर बंधाया ढाँढस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**छिबरामऊ।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार फ़िरोज़ ख़ान के भाई नईम हमीद की पत्नी का दो दिन पूर्व लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने और अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करने के लिए दिवंगत आत्मा के निवास स्थान पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और गणमान्य लोगों का ताँता लगा रहा।



निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायिका अर्चना पांडेय दिवंगत के आवास पर पहुँचीं। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढाँढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता सभासद पंकज दुबे दिलीप गुप्ता रवि चतुर्वेदी आदि मौजूद रहेए जिन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

वहींए समाजवादी पार्टी की ओर से पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने भी पत्रकार फ़िरोज़ ख़ान के आवास पहुँचकर अपनी शोक संवेदनाएँ प्रकट कीं। उनके साथ सपा नेता राशिद फ़ारूक़ीए अंकुर तथा विधानसभा प्रभारी उमेश पाल आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे और दुःख की इस घड़ी में परिवार के प्रति एकजुटता जताई। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के क्षेत्र से बाहर ;प्रवासद्ध होने के कारणए उनके भाई एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने दिवंगत के आवास पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने न केवल पीड़ित परिवार को सांत्वना दीए बल्कि अंतिम विदाई के समय पार्थिव शरीर को कंधा देकर अपनी ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

इस दौरान क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य नागरिकए पत्रकार और स्थानीय लोग भी शोक सभा में शामिल होकर परिवार का दुख बाँटने पहुँचे।

## खबर एक नज़र

### ईद उल अजहा् की नमाज में मांगी अमनचैन की दुआ

इटावा। ईद उल अजहा बकरीद का पर्व शहर में परम्परागत तरीके से आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। हजारो लोगों ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों मे बकरीद की नमाज अदा कर मुल्क में आपसी भाईचारे और अमनचैन की दुआ की।

सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद उल अजहा बकरीद की नमाज दो शिफ्टों में अदा हुई। पहली शिफ्ट में पेश इमाम ईदगाह मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट में मौलाना फरहान बरकाती ने नमाज अदा कराई। बकरीद की नमाज ईदगाह परिसर के अंदर हुई और शासन प्रशासन की दी गई गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन किया गया। इस दौरान मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी ने मुल्क में अमनचैन की दुआ करते हुए सभी लोगों से मिलजुल कर बकरीद मनाने की अपील की। ईदगाह में नमाज की व्यवस्था सेकेट्री डॉण् मोहम्मद अफजालए कोषाध्यक्ष अब्दुल हन्नान मंसूरी चांद द्वारा की गई। डीएमए एसएसपी सहित अन्य अफसरों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज को ईद उल अजहा की बधाई दी। इसके अलावा शाही मस्जिदए सिंग्नल वाली मस्जिदए मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खांए मस्जिद शाहगंजए मस्जिद पचराहाए मजिद लालपुराए मस्जिद शेख जलालए मस्जिद चैखरकुआंए मस्जिद जिन्नातों वालीए जामा मस्जिदए मस्जिद पक्का तालाबए मस्जिद शाहगदालीए शाही मस्जिद नौरंगाबादए मस्जिद गरीब नवाजए मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंगए मस्जिद कटरा पुर्दल खांए मस्जिद पंजाबी कब्रिस्तानए मस्जिद मुहम्मदी तकिया आजाद गानए मस्जिद कुरैशियान नया शहरए मस्जिद दरगाह वारसीए मस्जिद पचराहाए मस्जिद जिन्नातों वालीए मस्जिद काली कबरें सहित अनेक मस्जिदों में बकरीद की नमाज हुई। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतिजाम किये गये। नगर पालिका चेयरमैन ज्योति गुप्ता द्वारा मस्जिदों के आसपास कलई का छिड़काव कराकर सफाई की व्यवस्था की गई। नमाज के उपरांत शहर में कुर्बानी का सिलसिला शुरू बुआ। हजारों लोगों ने अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश की। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्लए एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अफसरों ने ईदगाह की व्यवस्था पर नजर रखी और मुस्लिम समाज को बकरीद की बधाई दी।

सांसद जितेन्द्र दोहरेए सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्यए सर्वेश शाक्यए राहत अकीलए शावेज नकवीए हाजी कमर अब्बास नकवीए हाजी अरशद मरगूबए तनवीर हसनए राहत रिजवीए मुशीर हैदरए पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमदए पूर्व चेयरमैन संटू गुप्ताए मोण् अल्ताफए खादिम अब्बासए सभासद शफी अहमद बालकए हाजी फजल यूसुफए गुफरान अहमद प्रधानाचार्यए रिजवान अहमदए हाफिज मोहम्मद अहमद चिशतीए मसूद तैमूरीए हाजी अजीम वारसीए वाईके शफीए वहाज अली निहालए पप्पू बशीरए मोनू बशीरए इंतजार अहमदए तारिक शम्सीए डॉण् अयाज अलीए हनी वारसीए मुमताज चैधरी आदि ने बकरीद की बधाई देकर मुल्क में सुख शांति के लिए दुआ की।

### शहर में 24 घंटे ग्रामीणों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए-ऊर्जा राज्यमंत्री

**इटावा।** ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओंए विद्युत आपूर्तिए ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापनए उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग को प्राप्त 71 लाख रुपये की धनराशि में से 56 लाख रुपये के कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि 183 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैंए जो पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। साथ ही बताया गया कि शहरों में 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है तथा शहरों में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे के भीतर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को बदले जाने की व्यवस्था है। मंत्री ने निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए तथा आवश्यकता अनुसार विद्युत भार बढ़ाकर उपकेंद्रों पर दबाव कम किया जाए। उन्होंने सभी ओवरलोड उपकेंद्रों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त करने तथा बार.बार क्षतिग्रस्त होने वाले ट्रांसफार्मरों के कारणों का विश्लेषण कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जलने की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए अधिकारियों को सक्रिय एवं उत्तरदायी भूमिका निभानी होगी। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ताए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्लए अधीक्षण अभियंता ऋषभ देवए अधिशासी अभियंता विद्युत हनुमान प्रसादए अधिशासी अभियंता विद्युत धर्मेन्द्र सोनीए विद्युत वितरण खंड सैफई कृष्ण कुमारए परियोजना अधिकारी यूपीनेडा प्रिया शर्मा सहित विद्युत विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### देश में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हुए

**इटावा।** देश की सत्ता पर नरेंद्र मोदी को काबिज हुए 12 साल पूरे हो गए हैं। नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश व प्रदेश में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बारह साल विश्वास केए विकास केए जन कल्याण के अभियान चलाया जाएगा। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में बारह साल विश्वास केए विकास केए जन कल्याण के अभियान जिला कार्यशाला संपन्न हुई।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्षए महिला कल्याण बोर्ड अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने अपने समापन उद्बोधन में कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा साथ ही साथ नौतपा शुरु हो चुके है इसलिये गर्मी का बचाव करते हुए पार्टी के अभियान को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरे जी.जान से जुट जाएँ। संचालन जिलाउपाध्यक्ष बासु चैधरी ने किया। कार्यशाला में अमित तिवारीए विरला शाक्यए संजीव भदौरियाए यशवर्धन चैधरीए जिला मंत्री आयुष राजए प्रीति दुबेए अभिषेक मिश्राए संजू बाबू शाक्यए जितेंद्र पालए कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्माए समीर सक्सेनाए जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्यए अंकित सैनी उपस्थित रहीं।

### हर्ष फायरिंग आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

**इटावा।** शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान व्यक्ति को घायल करने वाले 2 वांछित अभियुक्त पुलिस ने गिरफ्तार। कब्जे से एक लाइसेंसी पिस्टल बोर तथा मूल शस्त्र लाइसेंस बरामद। क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना चैबिया पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों 29 मई को थाना चैबिया पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मूंज में हर्ष फायरिंग की घटना कारित करने वाले दो वांछित अभियुक्त रैपुरा भट्ठा तिराहा पर ग्राम मूंज की तरफ जाने वाले रोड पर कही जाने की फिराक मे खडे है जिसके पास असलहा भी हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा 2 व्यक्तियों को रैपुरा भट्ठा तिराहा पर ग्राम मूंज की तरफ जाने वाले रोड से पकड लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चैबिया महेन्द्र सिंहए उण्निण् पीर मुहम्मद रहे। पुलिस ने रमन कुमार पुत्र स्वण् मान सिंह निवासी ग्राम मूंज थाना चैबियाए अंशुल पुत्र कमलेश निवासी ग्राम कंचन पार्क थाना लोनी देहात जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार किया।

### दर्दनाक हादसा में मां बेटी की मौत

ऊसराहारए इटावा। आगरा.लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां.बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर खरगपुर सरैया गांव के पास सुबह करीब चार बजे हुई। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सिद्धार्थनगर से दिल्ली जा रही स्लीपर बस को चालक ने एक्सप्रेसवे पर यात्रियों को टायलेट के लिए खड़ी कर दी। इसी दौरान बस में सवार कुसुम ;50द्ध तथा उनकी पुत्री अंजलि ;13द्ध निवासी गांव खोजपुरए जनपद सिद्धार्थनगर बस से टायलेट के लिए उतरी और अंधेरा होने से दिशा भूलने पर वह मध्य डिवाइडर की तरफ चलीं गई। तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार ने मां बेटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां.बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना ऊसराहार पुलिस और एक्सप्रेसवे सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सैफई पीजीआई भेज दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी । पुलिस के अनुसार कार चालक की पहचान हर्ष पांडे निवासी ग्राम दावतपुरए जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। कार को पुलिस ने एक्सप्रेसवे चैकी कुदरैल खड़ा कराया गया है। थानाध्यक्ष बलराजसिंह भाटी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग बंधु की बैठक कर सुनी समस्याएं

## निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तत्काल समाधान करें अधिकारी

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार मण्डल समिति की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों ने बिजली, पानी, सड़क, एनओसी और

### ■ औद्योगिक आस्थान में सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश

बैंक ऋण से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए पाया कि 69 प्रकरण विभिन्न विभागों में लंबित हैं। इसी प्रकार सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 2025-26 के अन्तर्गत बैंको को भेजे गए 973 आवेदन पत्र आनलाइन अग्रसारित किए गए जिसमें 136 स्वीकृत, 108 आवेदन पत्र वितरित तथा 314 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए जबकि 620 आवेदन पत्र बैंको में स्वीकृति हेतु लम्बित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ÷ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सरकार की प्राथमिकता है अतएव सभी लंबित एनओसी, अनापत्ति और स्वीकृतियां अविलम्ब जारी करते हुए वितरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

चुनार से तीन किलोमीटर आगे स्थित लगभग 10 ईकाईयो को जोड़ने वाले चुनार उदित नगर बड़ा गांव जर्जर मार्ग बनवाने तथा शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था हेतु खोदे गए गड्ढे को ठीक कराने, तहसील चैराहा से पाण्डेयपुर रोड मरम्मत पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को उपरोक्त कार्यो को 15 दिवस के अन्दर मुख्य मार्गो की मरम्मत पैचवर्क और नाली सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सड़कें दुरुस्त हो जानी चाहिए, ताकि कच्चे माल व तैयार उत्पाद की आवाजाही में दिक्कत न हो। विद्युत विभाग को औद्योगिक फीडर पर ट्रिपिंग रोकने और 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समयबद्ध तरीके से सहमति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में औद्योगिक आस्थान चुनार मीरजापुर में पार्क का रेनोवेशन, राजकीय चीनी पात्र विकास केन्द्र, चुनार के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, जिला निर्यात समिति की बैठक समय से कराने तथा जनपद में स्थापित होने वाली औद्योगिक ईकाईयो (एमओयू) के आने वाले समस्याओं से उद्यमियो के द्वारा उठाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने बिन्दुवार प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारियो को समाधान कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार के अलावा मनोज खण्डेलवाल, मण्डल सचिव इंडियन इंडस्ट्रीस्ज एशोसिएशन आशीष बुधिया, मीरजापुर कार्पेट से मोहनदाल अग्रवाल, राहुल कुमार, अशोक पटेल, आरके यादव, आशीष कमार, अमित श्रीनेत्र, आशीष सिंह, मुकेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद चौधरी, राधेश्याम हरकघा विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहें।

# बीच सड़क गिरा नीम का पुराना पेड़

**बिजली आपूर्ति रही बाधित**

**मीरजापुर।** नगर क्षेत्र के शुक्लहां मोहल्ले में विशालकाय नीम का पेड़ आंधी तूफान में धराशाई हो जाने से लोग बाल-बाल बचे हैं। हालांकि पेड़ की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़े कई ई-रिक्शा सहित आस-पास के घरों दुकानों के सामान नष्ट होने के साथ बिजली का पोल भी टूटकर ज़मीन पर आ गये। जिसके चलते बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रही है। मोहल्ले के लोगों सहित स्थानीय सभासद पति कमलेश मौर्या ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में बिजली विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित विभाग के जिम्मेदार मुलाजिमों को भी जर्जर पुराने पेड़ को कटवाने की मांग कि थी, लेकिन भविष्य में होने वाले हादसों को नकारते हुए इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया जिसका प्रतिफल यह रहा है कि आज यह हादसा हो गया।

# अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों का किया गया भंडारण

**मीरजापुर।** एक तरफ सरकार वनों की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए तमाम प्रयास कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से जंगल में

### ■ ड्रमडगंज वनरेंज के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में मध्य प्रदेश के लकड़ी करोबारी द्वारा किया गया भंडारण, वन विभाग की मिलीभगत ट्रक से लादकर काटी गई लकड़ियों को भेजा जा रहा मध्य प्रदेश

स्थित हरे भरे पेड़ो की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। शुक्रवार को मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के गुलरिहा बस्ती में बबूल, जामुन,इमली तथा यूकेलिप्टस पेड़ों की लकड़ियां काटकर रखी गई लकड़ियों को ट्रक



पर लादा जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि वनविभाग की मिलीभगत से मध्यप्रदेश के हनुमना निवासी एक लकड़ी कारोबारी द्वारा भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के जंगल से महज आधा किलोमीटर दूर विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों की काटी गई लकड़ियों का कई महीनों से यहां अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। वनविभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से जंगल में स्थित पेड़ों का कटान होने जंगल वीरान होते जा रहे हैं जिससे सरकार के वनावरण बढ़ाने के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।इस संबंध में वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश के एक लकड़ी कारोबारी द्वारा मध्यप्रदेश की काटी गई लकड़ियों का भैसोड़ बलाय पहाड़ में भंडारण किया गया है। वहीं डीएफओ मीरजापुर राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वनों का कटान करने वाले के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कैनाल निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, जांच की मांग

**मीरजापुर।** जिले के विकास खंड छानबे क्षेत्र के भवरूपुर-अजगना हरगढ़ बाजार के पास कैनाल प्रथम पर चल रहे निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य का विरोध करते हुए भाजपा नेता ने नहर विभाग के अधिकारियों से तत्काल जांच कर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता राम मनोहर का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के विपरीत सफेद बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि तकनीकी मानकों के अनुसार लाल बालू का उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि कैनाल में जब पानी छोड़ा जाता है तो तेज दबाव के साथ बहाव होता है। ऐसी स्थिति में घटिया सामग्री से किया जा रहा निर्माण अधिक दिनों तक टिक नहीं पाएगा और कुछ ही समय में बह जाने की आशंका है। इससे निर्माण कार्य का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। क्षेत्रीय लोग भी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर चिंतित हैं। यदि समय रहते विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री की जांच कराने तथा मानक के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता होने पर जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# बढ़नी में अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** नगर क्षेत्र के बढ़नी बस स्टाप निवासी संजय कसौधन (45 वर्ष) पुत्र रामदीन शुक्रवार को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कसौधन मंदिर से अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में संजय के सिर में गंभीर चोट आई है तथा हाथ की हंसुली (कॉलर बोन) भी टूट गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. सर्वन चौधरी ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चोट



की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं अज्ञात वाहन की पहचान और दुर्घटना की परिस्थितियों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

# दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में मिला करोड़ों रुपये से भरा बैग, शुरू हुई जांच

**मीरजापुर।** चील्ह थाना पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में करोड़ों रुपये से भरा बैग मिला है। जिसकी नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में रुपयों की गिनती हो रही है। रूपयों को गिनने के लिए बाकायदा बैंक से मशीन मंगाई गई। कैश करोड़ों के ऊपर बताया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है कि किसकी है फॉर्च्यूनर गाड़ी  इसकी भी जांच हो रही है। नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में चील्ह थाना पर रुपयों की गणना हो रही है जहां आयकर विभाग सहित अन्य भी मौजूद रहे हैं।

# हैंडपंप है खराब, जल जीवन मिशन भी नाकाम, ग्रामीण पानी के लिए परेशान

**मीरजापुर।** जिले के विकास खण्ड जमालपुर के ग्राम मनऊर पुरब पट्टी आबादी में लगा हैंडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है तथा जल जीवन मिशन का पाइप लाइन गलियों में बिछें होने के बावजूद भी कनेक्शन नहीं दिये जाने से ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब से जल जीवन मिशन के तहत गांवों में हर घर, जल नल योजना शुरू हुआ है तभी से गांवों में मौजूद पहले के जल स्त्रोतों पर ग्राम पंचायत सहित शासन के जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने से आजिज मनऊर पुरब पट्टी के ग्रामीणों द्वारा हैण्ड पंप के मरम्मत एवं जल जीवन मिशन पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन दिए जाने की मांग को लेकर खराब हैण्ड पंप के पास खड़े होकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित दुर्गा शर्मा, भानु शर्मा, झारकंडे प्रजापति, बुद्धन प्रसाद, मेटी प्रजापति, राजेन्द्र बियार, विनोद गुप्ता, सुरज कुमार, संतोष शर्मा, रघुनाथ गुप्ता, लालचंद यादव, अनिरुद्ध प्रजापति, डोमन प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे। आश्चर्य की बात है कि मिर्जापुर जिले के जमालपुर विकासखंड क्षेत्र के ही मूल निवासी प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह हैं, बावजूद इसके उन्हीं के ही पैतृक ग्रह गांव क्षेत्र में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है।

# सत्यधाम आश्रम के वार्षिकोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध-सत्यसमदर्शी कविराजदेव




**सुलतानपुर।** जिले के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सिंहौली गांव के सत्यधाम आश्रम में वार्षिकोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए संत-महात्माओं और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान आध्यात्मिक प्रवचन, सत्संग, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संतों के चरण प्रच्छालन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। सत्यधाम के गद्दीधीश आचार्य सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध है। उन्होंने संत दर्शन, भक्ति, मुक्ति तथा जन-जीव कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। समागम में गुरु मां उत्तम साहिब, संत निर्मल जी, संत शत्रुघ्न जी, संत कर्मेंद्र जी, संत लक्ष्मण दास, संत निर्मोही जी एवं स्वामी पारसनाथदास जी सहित कई संतों ने सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिए। आश्रम में समय-समय पर गौसेवा, समाजसेवा, प्रतिभा सम्मान, सेवा शिविर, सत्संग तथा नैतिक, शैक्षिक और जनजागरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।भजन संध्या में लोकगायकों ने बांधा समां सांस्कृतिक संध्या के दौरान आयोजित भजन कार्यक्रम में वॉयस ऑफ अवध कीर्ति चौरसिया ने अवधी भजनों की प्रस्तुति देकर खूब सराहना बटोरी। वहीं धर्मेंद्र गोल्डन, शिवकुमार सूफी, अनमोल चौधरी, दिव्या तिवारी, अंजू यादव, दृष्टि सिंह एवं प्रदीप वर्मा समेत अन्य कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा देव ने की। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन निष्ठा तिवारी ने किया। इस अवसर पर त्रिपुरारी जी महाराज, कवि लोकेश श्रीवास्तव, जादूगर संजय घायल, गीतकार धर्मराज, समाजसेवी आशीष तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह, गुलाब चंद्र, शिव शंकर मिश्र, डॉ. अमित कौशल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# न्याय मांगने वालों को डराने की कोशिश कर रही भाजपा सरकार : कौशल



**आजमगढ़ ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री अजय राय के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी, आजमगढ़ द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार के मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्तियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई गई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने कहा कि महोबा में एक दलित छात्रा के अपहरण और उसके साथ हुए अमानवीय व्यवहार ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। ऐसे संवेदनशील मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने और उनका दुख साझा करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय महोबा जाना चाहते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें रोकने का हरसंभव प्रयास किया। यह दर्शाता है कि सरकार पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय अपनी विफलताओं को छिपाने में लगी हुई है।उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी ने महोबा की बेटी को न्याय दिलाने की आवाज बुलंद की, तब भाजपा नेताओं ने मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय की संपत्तियों की जांच की मांग शुरू कर दी। कांग्रेस पार्टी इस चुनौती का स्वागत करती है। हम सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता के पक्षधर हैं और किसी भी निष्पक्ष जांच से नहीं डरते। लेकिन जांच का पैमाना सबके लिए समान होना चाहिए।मुन्ना राय ने कहा कि यदि भाजपा सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहती है तो उसे अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की भी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। जनता जानना चाहती है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा नेताओं की संपत्तियों में हुई भारी वृद्धि का स्रोत क्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा निर्माण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के बजाय इन सवालों का जवाब दे और पारदर्शिता का परिचय दे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी अन्याय, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रही है। महोबा की बेटी को न्याय दिलाने से लेकर प्रदेश के हर पीड़ित और वंचित व्यक्ति की आवाज उठाने तक कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।उन्होंने मांग की कि महोबा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा भाजपा सरकार अपने मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्तियों की जांच कराकर जनता के सामने सच्चाई रखे। पत्रकार वार्ता में राजाराम यादव , राहुल राय , गिरीश चंद्र चतुर्वेदी , चंद्रपाल सिंह यादव , मुन्नू यादव , शीला भारती , प्रेमा चौहान , राम अवध ' प्रेमी' , संतोष सिंह , प्रदीप यादव , बृजेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईडी कार्ड बनाकर युवक से ठगी करने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़** जिले की कंधरापुर पुलिस को पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक पुत्र विनोद कुमार श्रीवास्तव जिसका पता मकान नं0 5/35 क्क-2-क्क कमला नगर कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी को भंवरनाथ से गिरफ्तार किया है यह आरोपी फर्जी टी.टी. आईडी कार्ड बनाकर युवक से ठगी किया था बता दें किदिनांक 07.05.2026 को वादी जनार्दन यादव पुत्र स्व0 बहोर यादव निवासी ग्राम इसहाकपुर, थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गयी कि उनके पुत्र अमन को टी.टी. के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक पुत्र विनोद कुमार श्रीवास्तव निवासी मकान नं0 5/35 क्क-2-क्ककमला नगर कॉलोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी द्वारा कुल 09 लाख 63 हजार 500 रुपये ले लिये गये। अभियुक्त द्वारा विश्वास में लेने हेतु फर्जी टी.टी. आईडी कार्ड भी तैयार कर दिया गया। जब वादी द्वारा अपना पैसा वापस मांगा गया तो अभियुक्त गाली-गलौज करने लगा। इस सम्बन्ध में थाना कन्धरापुर पर मु0अ0सं0-108/2026 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी।आज दिनांक 29.05.2026 को उ0नि0 प्रमोद कुमार मद्धेशिया मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक को भंवरनाथ-वाराणसी हाईवे तिराहा से समय करीब 08:10 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मेरे मकान नं. 2 ब्लाक MIG योजना जरौली फेस–1 कानपुर नगर की मूल रजिस्ट्री क्र. 1 से 11 के कागजात व का.वि.प्रा. का कब्जा लेटर दि.24.05.2026 को बर्रा करहीरोड कानपुर में कहीं गिर गये है। इनका प्रयोग अवैध होगा इसकी FIR बर्रा थाने में दर्ज है। मनोजकुमार सिंह पुत्र स्व. राजेन्द्र सिंह नि. प्लाट नं. 2 जरौली फैस–1 निकट पानी की टंकी कर्रहीरोड बर्रा कानपुर नगर। मो.8707379815, एडवोकेट ज्ञानेन्द्र कुमार मो.9415482896

(50)

सी.आर.-407/ K-50

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

वाद सं. 862 सन् 2023

श्रीमती स्वर्णिमा सिंह चौहान उम्र 31 वर्ष पत्नी रामू सिंह चौहान पुत्री आदित्य विक्रम सिंह निवासिनी म.नं. 310 खण्डौली जिला फर्रूखाबाद मायके का पता– नायरा पेट्रोल पम्प शहाबाद रोड हरदोई हाल पता म.नं. –ए–2257 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता कानपुर नगर मो.नं. 9667981984..प्रार्थिनी / वादिनी

बनाम– रामू सिंह चौहान उम्र 35 वर्ष पुत्र शंकर सिंह चौहान निवासी म.नं. 310 खण्डौली जिला फर्रूखाबाद उत्तर प्रदेश–209621

..प्रतिवादी / विपक्षी

धारा 13 हिन्दू मैरिज एक्ट

हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 23.07.2026 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 27.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम / रीडर न्यायालय अपर प्रमुख न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

सी.आर.-407/ K-CN

### नीलामी सूचना

स्वामी एकरसानन्द इण्टर कालेज तेराजाकेट जनपद कन्नौज के प्रांगण में काफी पेड़ है जिसमें खराब स्थिति के 20 पेड़ जिसमें 11 यूकेलिप्टस, एक गोल्ड मोहर, 4 कन्जी, 4 नीम बिक्री हेतु 04 जून 2026 दिन बृहस्पतिवार को नीलामी की जायेगी। जिसे किसी को लेना हो बोली लगाकर नीलामी में भाग ले सकता है। जिसकी अधिक बोली होगी। उसी को दी जायेगी। उसको चौथाई हिस्सा जमा करना होगा। बाकी काटने पर नगद भुगतान करना होगा और अपनी चुकता की रसीद प्राप्त कर ले।

संरक्षक / प्रबंधक

सी.आर.-407/ K

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान् अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश महोदय, कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

वाद सं०–1740 सन् 2025

लक्ष्मी सिंह उम्र करीब 26 वर्ष बालिग पुत्री श्री बलराम सिंह पत्नी राहुल सिंह नि०–ग्राम भिसार, थाना सचेण्डी, कानपुर नगर। मो.6393394475

...प्रार्थिनी / वादिनी

बनाम–राहुल उम्र करीब 37 वर्ष बालिग पुत्र श्री गोविन्द सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर, पोस्ट रायपुर, कुकहर, कानपुर देहात। मो.9198381320, 9555626586.......विपक्षी

वाद पत्र अन्तर्गत धारा– 13 (1) ए. 25 व 27 हिन्दू विवाह अधिनियम

हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा– 13 (1) ए. 25 व 27 हिन्दू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 04.07.2026 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 04.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम / रीडर न्यायालय अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश महोदय, कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

सी.आर.-407/ K-CN

### अदालती सूचना

हेतु संदर्शित करने की सूचना न्यायालय श्रीमान जिलाधिकारी महोदय उन्नाव

वाद सं. डी202410690000993 सन् 2025

श्रीमती नन्हकेऊ पत्नी यदुनाथ सिंह नि. ग्राम नुरूल्लानगर परगना आ. रसूलाबाद तहसील जिला उन्नाव

...वादिनी

बनाम– 1. सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी महोदय उन्नाव 2. रहीस अहमद 3. मो. उमर पुत्रगण मुमताज नि. ग्राम नूरूल्लानगर परगना आ. रसूलाबाद तहसील हसनगंज जिला उन्नाव 4. दीपू सिंह 5. नन्हके सिंह 6. श्याम सुन्दर सिंह पुत्रगण शिवप्रसाद सिंह 7. धीरेन्द्र सिंह 8. भूपेन्द्र सिंह उर्फ महेन्द्र सिंह पुत्रगण नरेन्द्र सिंह 9. श्रीमती बिट्टो पत्नी नरेन्द्र सिंह 10. श्रीमती जगरानी पत्नी जसराज 11. श्रीमती सरस्वती पत्नी मुन्ने सिंह 12. नरायन सिंह 13. ज्ञान सिंह 14. मान सिंह पुत्रगण मुन्ने सिंह 15. श्रीमती दीपा सिंह पत्नी पप्पू उर्फ शिव विनायक 16. एस. नाबा. 3 वर्ष पुत्र पप्पू उर्फ शिव विनायक 17. चॉदनी नाबा. उम्र 15 वर्ष पुत्री पप्पू उर्फ शिव विनायक 18. रक्षा उम्र 8 वर्ष पुत्र पप्पू उर्फ शिव विनायक संरक्षिका माता श्रीमती दीपा सिंह 19. अविनेश कुमार 20. कमलेश कुमार 21. मुन्नू 22. राम दयाल 23. राम विलास पुत्रगण शिव बालक 24. विमलेश कुमार पुत्र शिवबालक 25. मुकेश सिंह पुत्र अर्जुन सिंह समस्त निवासीगण ग्राम नूरूल्लानगर पर. आ. रसूलाबाद तहसील हसनगंज जिला उन्नाव 26. गांव सभा द्वारा प्रधान ग्राम नूरूल्लानगर पर. आ. रसूलाबाद तह. हसनगंज जिला उन्नाव...प्रतिवादीगण

चूंकि ऊपर नामाकिंत ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख01.06.2026 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 26.05.2026 ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-407/ K-CN


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# 'ईरान-अमेरिका समझौते के करीब लेकिन अभी डील नहीं'

## उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बोले महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बाकी




**मैरीलैंड (अमेरिका)।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने और दीर्घकालिक शांति स्थापित करने की दिशा में बातचीत अंतिम चरण में पहुंचती दिख रही है। हालांकि, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच अभी भी कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनना बाकी है और यह कहना जल्दबाजी होगी कि अंतिम समझौता कब और क्या हो पाएगा। जेडी वेंस ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दोनों पक्ष कुछ बिंदुओं और विशेष रूप से यूरेनियम संवर्धन के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अभी वहां नहीं पहुंचे हैं, लेकिन काफी करीब हैं और बातचीत जारी रहेगी। वेंस ने दावा किया कि अगर समझौता हो जाता है तो इससे होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से पूरी तरह खोला जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका पहले ही ईरान की पारंपरिक सैन्य क्षमताओं को काफी कमजोर कर चुका है और उसके परमाणु कार्यक्रम को लंबे समय तक पीछे धकेलने की स्थिति में है। उनके अनुसार यह अमेरिकी जनता के हित में होगा। रिपोर्टों के अनुसार, प्रस्तावित समझौते में मौजूदा युद्धविराम को 60 दिनों के लिए बढ़ाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम के भविष्य पर औपचारिक वार्ता शुरू करने की योजना शामिल है। अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच एक रूपरेखा तैयार हो चुकी है, लेकिन उसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी नेतृत्व की मंजूरी मिलना अभी बाकी है। हालांकि, ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा है कि किसी समझौते को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है और न ही इसकी पुष्टि हुई है। अमेरिका लंबे समय से ईरान से उच्च स्तर के संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन बंद करने और मौजूदा भंडार को खत्म करने की मांग करता रहा है। वाशिंगटन का मानना है कि इस सामग्री का उपयोग परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। वेंस ने कहा कि अमेरिका को लगता है कि ईरान इस बार अच्छी नीयत के साथ बातचीत कर रहा है। हालांकि, अप्रैल में युद्धविराम लागू होने के बाद से राष्ट्रपति ट्रंप कई बार यह कह चुके हैं कि समझौता करीब है, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है।

### होर्मुज स्ट्रेट और प्रतिबंधों में राहत

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, संभावित समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने का प्रावधान हो सकता है। इसके तहत ईरान को 30 दिनों के भीतर समुद्री मार्ग में बिछाई गई बारूदी सुरंगों को हटाना होगा। इसके बदले अमेरिका अपनी समुद्री नाकेबंदी हटाने और ईरान को तेल निर्यात फिर से शुरू करने के लिए कुछ प्रतिबंधों में छूट देने पर विचार कर सकता है।

# ईरानी विमानों की लैंडिंग और रीफ्यूलिंग पर सख्त पाबंदी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान को आर्थिक रूप से पूरी तरह अलग-थलग करने के लिए अब तक का सबसे बड़ा दांव खेल दिया है।

### मदद करने वाले देशों पर भी गिरेगी गाज

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने साफ कर दिया है कि सरकारी ईरानी एयरलाइंस को दुनिया भर में कानून तोड़ने वाला घोषित कर दिया गया है। नए प्रतिबंधों के तहत अब ईरानी विमानों को न तो विदेशी जमीं पर उतरने की अनुमति मिलेगी, न ही उन्हें ईंधन दिया जाएगा। इसके साथ ही टिकटों की बिक्री पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अमेरिका का मकसद इस आर्थिक घेराबंदी के जरिए ईरान को घुटनों पर लाना है।

**पवित्र यात्रा और मानवीय मदद को मिली छूट** इस कड़े फैसले के बीच अमेरिका ने आम नागरिकों के लिए कुछ नरमी भी दिखाई है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के कहा कि यह पाबंदी धार्मिक और मानवीय आधार पर लागू नहीं होगी। मक्का और मदीना की पवित्र यात्रा यानी हज पर जाने वाले ईरानी जायरीनों को उड़ान भरने की अनुमति रहेगी। इसके अलावा जरूरी दवाओं और मानवीय सहायता से जुड़ी उड़ानों को भी इस प्रतिबंध के दायरे से बाहर रखा गया है। हालांकि, व्यावसायिक और सरकारी उड़ानों पर यह नियम बेहद सख्ती से लागू होगा। **मददगार देशों को भुगतना होगा अंजाम** अमेरिका ने ईरान की मदद करने वाले तीसरे देशों को भी खुली चेतावनी दी है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट कहा है कि जो भी देश या एजेंसी इन ईरानी विमानों को लैंडिंग की जगह देगा, ईंधन की आपूर्ति करेगा या टिकट बेचेगा, अमेरिका उस पर भी कड़े प्रतिबंध लगा देगा।

### 'ईरान के साथ 'खराब समझौता' नहीं करेंगे ट्रंप'

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ किसी भी खराब समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम का समाधान होना चाहिए और होर्मुज जलडमरूमध्य में खुली शिपिंग की गारंटी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आसपास तनाव की वजह से लगभग 2,000 जहाज इस समय खाड़ी से बाहर निकलने का इंतजार कर रहे हैं।

## रूबियो का दौरा 'पेनकिलर' जैसा, लेकिन रिश्ते सुधारने के लिए असली दवा की जरूरत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने हाल ही में नई दिल्ली का दौरा किया, इसका मुख्य मकसद इस दक्षिण एशियाई दिग्गज देश को यह भरोसा दिलाना था कि वह अभी भी अमेरिका पर निर्भर रह सकता है। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि यह दौरा ट्रंप प्रशासन की व्यापार, आव्रजन (इमिग्रेशन) और ईरान युद्ध से जुड़ी नीतियों के कारण लगे गहरे घावों पर महज एक मरहम या पेनकिलर की तरह है। इस बहुचर्चित दौरे से भारत को कूटनीतिक स्तर पर ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ है। सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस के विशेषज्ञ डॉ. कॉन्स्टेंटिनो जेवियर के अनुसार, यह दौरा एक अच्छे पेनकिलर की तरह था, लेकिन संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए कुछ असली दवा की जरूरत है। यह असली दवा दोनों देशों के नेताओं के बीच एक मौलिक राजनीतिक रीसेट, ट्रंप के भारत दौरे या व्यापार और रक्षा सौदों में किसी बड़ी सफलता के रूप में हो सकती है।

# मरियम नवाज की लाहौर में सर्जरी

## अस्पताल से ही सरकारी कामकाज देखने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की लाहौर के एक अस्पताल में बड़ी सर्जरी हुई है। प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरियम नवाज का ऑपरेशन लाहौर के शरीफ मेडिकल सिटी अस्पताल में हुआ। सर्जरी पूरी होने के बाद उन्हें उनके निवास स्थान 'जति उमरा' में शिफ्ट कर दिया गया है। मंत्री ने यह भी बताया कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान भी मुख्यमंत्री ने राज्य के महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यों की निगरानी की। उन्होंने ईद-उल-अजहा के पहले दिन सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सरकारी मामलों पर नजर रखी। हालांकि, मंत्री ने आधिकारिक तौर पर यह खुलासा नहीं किया कि यह सर्जरी किस वजह से की गई थी। सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक सूत्र ने संकेत दिया है कि मुख्यमंत्री को थायरॉइड से संबंधित कुछ समस्याएं थीं। संभव है कि यह ऑपरेशन उसी समस्या के समाधान के लिए किया गया है।

**सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस**

इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कुछ यूजर्स इस बात को लेकर हैरान हैं कि सर्जरी के तुरंत बाद कोई व्यक्ति सरकारी कामकाज कैसे देख सकता है। अदील नाम के एक सोशल मीडिया एक्टिविस्ट ने 'एक्स' पर लिखा कि किसी भी बड़े ऑपरेशन के बाद मरीज को पूरी तरह होश में आने में कम से कम 24 से 48 घंटे का समय लगता है। एनेस्थीसिया और तेज दर्द निवारक दवाओं के असर के कारण मरीज को पूरे दिन नींद आती रहती है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में अचानक पूरे प्रांत की जिम्मेदारी संभालना मुमकिन नहीं लगता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद इन लोगों को 'बड़ी सर्जरी' का सही अर्थ ही नहीं पता है।

# इस्राइली हमलों में 10 लोगों की मौत

## नेतन्याहू ने गाजा पर 70 फीसदी नियंत्रण का किया एलान

**गाजा सिटी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि इस्राइली सेना ने गाजा पट्टी के 60 फीसदी हिस्से पर अपना नियंत्रण कर लिया है। उन्होंने साफ कहा कि इस्राइल का अगला कदम गाजा के 70 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा करना है और सेना हर तरफ से हमास पर शिकंजा कस रही है। नेतन्याहू ने कहा, 'हम हमास पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। पहले हम 50 फीसदी पर थे, अब 60 फीसदी पर पहुंच गए हैं। हम बचे हुए लड़ाकों को भी खत्म करेंगे और अपनी ताकत को लगातार बढ़ाएंगे।' उन्होंने इसे एक बड़ा वैश्विक बदलाव बताया।

**बकरीद पर बरसे बम**

नेतन्याहू के इस दावे के बीच, बुधवार रात गाजा सिटी में हुए इस्राइली हमलों में 10 लोगों की मौत हो गई। यह हमला ईद अल-अजहा बकरीद के पहले ही दिन हुआ। मरने वालों में पांच बच्चे, एक बुजुर्ग और हमास का एक लड़का शामिल है। शिफा अस्पताल के मुताबिक, इन हमलों में 20 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं।



मलबे से आई तस्वीरों में एक इमारत से आग की लपटें निकलती दिख रही हैं और लोग घायल बच्चों को एम्बुलेंस की तरफ ले जा रहे हैं। अस्पताल के शवगृह में अपनी पत्नी के शव को पकड़कर रो रहे घायल मोहम्मद शाविश ने कहा, मैंने अपनी पत्नी से बहुत प्यार किया था। मैंने उसे केवल प्यार की वजह से चुना था।

**हमास कमांडर इमाद इस्लेम ढेर**

इस्राइली सेना ने दावा किया कि उत्तरी गाजा में हमास के दो लड़ाकों को निशाना बनाया गया था, जिसमें इमाद इस्लेम नाम का लड़ाका मारा गया। गुरुवार को जनाजे में उसका शव हमास के झंडे में लिपटा था। उसके चचेरे भाई निदाल ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ा सदमा है, हालांकि हम जानते थे कि ऐसा कभी भी हो सकता है। इससे पहले एक अन्य इस्राइली हमले में हमास की सैन्य शाखा कासिम ब्रिगेड के नए कमांडर मोहम्मद ओदेह भी मारा गया था। ओदेह की नियुक्ति उनके पुराने कमांडर की मौत के दो हफ्ते के भीतर ही हुई थी।

# होर्मुज में बढ़ा तनाव : ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में स्थिति एक बार फिर बेहद संवेदनशील हो गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सुरक्षा बलों ने समन्वय की कमी का हवाला देते हुए चार अज्ञात जहाजों पर चेतावनी मिसाइलें दागीं हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हालिया सैन्य हमलों के कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। ईरानी राज्य प्रसारक आईआरआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 12:35 बजे हुई। चार अज्ञात जहाजों ने ईरानी सुरक्षा बलों को सूचित किए बिना फारस की खाड़ी में प्रवेश करने का प्रयास किया। जब इन जहाजों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया, तो ईरानी बलों ने उन पर चेतावनी शॉट दागे, जिसके बाद जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। ईरान समर्थक मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने तय समुद्री प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया था। फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया है।

### बुशहर में अमेरिकी विमान गिराने का भी किया दावा

इस घटना के तुरंत बाद, शुक्रवार तड़के ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने तटीय बुशहर प्रांत के जाम क्षेत्र में एक अमेरिकी विमान को मार गिराया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने जाम काउंटी के गवर्नर मसूद तंगेस्तानी के हवाले से इस बात की पुष्टि की। हालांकि, समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने ईरानी दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पिछले चार दिनों में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव काफी तेज हुआ है।

# इस्राइल और रूस पर यौन हिंसा के आरोप

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की ओर से जारी होने वाली वार्षिक रिपोर्ट में इस बार इस्राइल और रूस की सेनाओं को पहली बार संघर्ष क्षेत्रों

### संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में पहली बार ब्लैकलिस्ट में नाम

में यौन हिंसा के आरोपों के चलते ब्लैकलिस्ट में शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को औपचारिक रूप से जारी होने से पहले गुरुवार देर रात सामने आई। करीब 35 पन्नों की इस रिपोर्ट में दुनिया के 12 देशों के 77 सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों का उल्लेख किया गया है, जिन पर युद्ध और संघर्ष के दौरान यौन हिंसा में शामिल होने या जिम्मेदार होने का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में ऐसे मामलों में पिछले साल की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की गई।

**गाजा और वेस्ट बैंक में गंभीर आरोप** रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र ने इस्राइल और कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों में हिरासत में रखे गए लोगों के खिलाफ यौन हिंसा के पैटर्न दर्ज किए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा और वेस्ट बैंक से जुड़े कई मामलों की पुष्टि भी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 14 पुरुषों, 7 महिलाओं, 9 लड़कों और 1 लड़की के साथ यौन हिंसा की घटनाएं दर्ज हुईं। इनमें बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, जननांगों पर हमला, जबरन नग्न करना, बिना सुरक्षा कारणों के तलाशी और दुष्कर्म की धमकियां जैसे आरोप शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र ने दावा किया कि कुछ मामलों में इस्राइल डिफेंस फोर्स, जेल सेवा, विशेष बलों और पुलिस इकाइयों के सदस्यों पर सीधे आरोप लगे हैं।

**रूस भी पहली बार ब्लैकलिस्ट में शामिल**

रूस की सेना और सुरक्षा बलों को भी पहली बार इस सूची में शामिल किया गया है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि यूक्रेन युद्ध के दौरान युद्धबंदियों और नागरिक बंदियों के साथ यौन हिंसा की गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, रूस और उसके कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में 310 मामलों की पुष्टि हुई है। इनमें ज्यादातर पीड़ित पुरुष बताए गए हैं। हालांकि रूस ने भी इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि यह राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा है।

**हमास पर भी बरकरार रहे आरोप**

रिपोर्ट में हमास का नाम भी शामिल है। 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमले के बाद हमास पहले से ही संयुक्त राष्ट्र की ब्लैकलिस्ट में मौजूद है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस्राइल द्वारा जांच के लिए पर्याप्त पहुंच नहीं दिए जाने के कारण कई मामलों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी।

# स्पेलिंग बी के चैंपियन बने भारतीय मूल के छात्र श्रेय पारिख

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के 14 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र श्रेय पारिख ने प्रतिष्ठित स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी 2026 का खिताब अपने

### 90 सेकंड में बताए 32 शब्द
### जीता पचास हजार डॉलर का इनाम

नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने न्यू जर्सी के ईशान गुप्ता को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के निर्णायक स्पेल-ऑफ राउंड में श्रेय और ईशान को 90 सेकंड के भीतर अधिक से अधिक शब्दों की सही स्पेलिंग बताने का मौका मिला। श्रेय ने 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग बताई, जबकि ईशान 25 शब्द ही सही लिख सके। इसी प्रदर्शन के दम पर श्रेय को विजेता घोषित किया गया। श्रेय पारिख इससे पहले साल 2022 स्क्रिप्स स्पेलिंग बी में पारिख 89वें स्थान पर आए थे। साल 2024 में तीसरे स्थान पर रहे थे। 2024 में भी प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचे थे। इस जीत के साथ उन्हें 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि यानी लगभग 41.5 लाख रुपये अपने नाम कर ली। साथ ही एक स्मारक पदक, प्रतिष्ठित स्क्रिप्स कप, मेरियम-वेबस्टर की ओर से 2,500 डॉलर, डेल्टा एयरलाइंस की ओर से 1,000 डॉलर के फ्लाइट क्रेडिट और एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका की ओर से 400 डॉलर मूल्य की संदर्भ पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता सोमवार को वॉशिंगटन स्थित डीएआर कॉन्स्टिट्यूशन हॉल में शुरू हुई थी।

# तनाव से डगमगाया वैश्विक व्यापार : डोभाल

**मॉस्को।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर गहरी चिंता जताई है। मॉस्को में आयोजित सुरक्षा

### एनएसए बोले भारत शांति बहाल करने के लिए तैयार

मामलों के उच्च पदस्थ अधिकारियों की बैठक में भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने वैश्विक व्यापार को बिना किसी बाधा के जारी रखने की जोरदार वकालत की। उन्होंने खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। अजीत डोभाल ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष का जिक्र करना इस समय बेहद जरूरी है। क्षेत्र में जारी तनाव गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। समुद्री यातायात पर मंडराता खतरा और ऊर्जा बुनियादी



ढांचे में आ रही रुकावटें यह दर्शाती हैं कि मौजूदा स्थिति कितनी नाजुक है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर के जरिए होने वाला अंतरराष्ट्रीय व्यापार वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है। भारत इस तनाव को कम करने और क्षेत्र में शांति बहाली के हर प्रयास में रचनात्मक योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य बना नया फ्लैशपॉइंट

यह संकट तब और गहरा गया जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमला कर दिया। इसके जवाब में सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी कर दी, जिससे दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। ईरान इस कदम के जरिए अमेरिका पर संघर्षविराम का दबाव बना रहा है।

# अगले पांच साल में रिकॉर्ड 1.5 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र की नई जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगले पांच वर्षों के दौरान पृथ्वी का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। रिपोर्ट के

## दुनिया को करना पड़ेगा खतरनाक मौसम का सामना

अनुसार, इस दौरान पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष का रिकॉर्ड भी कई बार टूट सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने यह भी अनुमान जताया है कि 2030 तक आर्कटिक क्षेत्र का तापमान करीब 1.66 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन क्षेत्र में गंभीर सूखे और वनाग्नि का खतरा भी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कोयला, तेल और गैस के इस्तेमाल से बढ़ रही वैश्विक गर्मी के कारण बाढ़, सूखा-भीषण गर्मी जैसी मौसमी घटनाएं अधिक होंगी। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु एजेंसी और ब्रिटेन के मौसम विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 से 2030 के बीच औसत वैश्विक तापमान के औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की 75 प्रतिशत आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, तापमान में मामूली वृद्धि भी मौत, खतरे और जीव-जंतुओं की प्रजातियों को क्षति पहुंचाएगी। प्रवाल भित्तियों और ग्लेशियर जैसे कई प्राकृतिक तंत्र इस अतिरिक्त दबाव को सहन नहीं कर पाएंगे।




**1.5 डिग्री तापमान बढ़ेगा** डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के अनुसार, अगले पांच वर्षों में कम से कम एक वर्ष के 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार करने की 91% आशंका है। वहीं, 2024 में बने पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष के रिकॉर्ड के टूटने की आशंका 86% बताई गई है। अनुमान है कि 2030 तक हर वर्ष का तापमान 19वीं सदी के अंत की तुलना में 1.3 से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहेगा।

**अल नीनो की संभावना :** कम अवधि के मौसम पूर्वानुमानों में अल नीनो की संभावना जताई गई है। डब्ल्यूएमओ ने कहा, इसका असर 2028 तक रहने से 2027 में 2024 का रिकॉर्ड टूट सकता है।

**तापमान रोकने के प्रयास नाकाफी :** संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख साइमन स्टिल ने कहा, हाल के वर्षों में कुछ प्रगति जरूर हुई है, लेकिन वैश्विक तापमान वृद्धि को रोकने के प्रयास नाकाम रहे हैं।

**दुनिया के लिए गंभीर**

रिपोर्ट की सह-लेखिका मेलिसा सीब्रुक ने कहा, 1.5 डिग्री सेल्सियस कोई ऐसी अंतिम सीमा नहीं है। लेकिन हर 0.1 डिग्री तापमान वृद्धि के साथ असर और गंभीर होता जाएगा। लंदन के जलवायु विज्ञानी फेडरिक ओटो ने कहा, यदि पूरे वर्ष तक तापमान 1.5 डिग्री से ऊपर रहा, तो दुनिया को खतरनाक मौसम का सामना करना पड़ेगा जो बेहद गंभीर होगा।


बाजार दर्पण




